आषाढ़ कृष्ण पक्ष द्वितीया 03:19
उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 13 जून 2025
वर्ष 3 , अंक 293, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

www.amritvichar.com

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

### एक करोड़ रुपये की मदद देगा टाटा समूह

**मुंबई।** टाटा समूह ने विमान हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की है। टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने एक्स पर कहा कि टाटा समूह इस त्रासदी में प्राण गंवाने वालों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये देगा, घायलों के इलाज का पूरा खर्च उठाएगा।



हादसे के बाद मौके पर जारी बचाव अभियान

# अहमदाबाद में विमान क्रैश

## 200से ज्यादा मौतें

**विमान में सवार थे 12 क्रू मेंबर सहित कुल 242 लोग जिसमें 169 भारतीय**

**अहमदाबाद से लंदन के गैटविक जा रही थी एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 171**

**टेकऑफ करने के कुछ देर बाद ही डॉक्टरों के आवासीय परिसर से टकराया विमान**

अहमदाबाद, एजेंसी

लंदन जा रहा एयर इंडिया का एक विमान गुरुवार दोपहर अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद यहां एक आवासीय इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में दो पायलट और चालक दल के 10 सदस्य सहित 242 लोग सवार थे। हादसे में 200 से ज्यादा लोगों के मारे जाने की आशंका है।

विमान गुरुवार दोपहर सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के निकट मेघाणी नगर में शहर के सिविल अस्पताल और बीजे मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ के आवासीय क्वार्टर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के अनुसार, विमान ने अहमदाबाद से दोपहर 1:39 बजे रनवे 23 से उड़ान भरी। इसने एटीसी को मेडे (आपातकालीन संदेश देने के लिए) कॉल किया, लेकिन उसके बाद एटीसी द्वारा की गई कॉल का विमान से कोई जवाब नहीं मिला। मृतकों और घायलों का कोई आधिकारिक अनुमान नहीं है। बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान (एआई171) उड़ान भरने के तुरंत बाद तेजी से नीचे आया और यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग इतनी भीषण थी कि एक बहुमंजिला इमारत बुरी तरह प्रभावित हो गई।

डीजीसीए ने बताया कि उड़ान की कमान कैप्टन सुमित सभरवाल के हाथों में थी। उनके साथ फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर भी थे। दोनों काफी अनुभवी थे। कहा कि उड़ान भरने के तुरंत बाद विमान हवाई अड्डे की परिधि के बाहर गिर गया। लंदन के गैटविक जा रही उड़ान में 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, एक कनाडाई और सात पुर्तगाली नागरिक सवार थे। विमानन सूत्रों ने बताया कि विमान जमीन पर गिरने से पहले महज 600 से 800 फुट ऊपर चढ़ा था। अहमदाबाद में गुरुवार को हुई विमान दुर्घटना इस शहर में दूसरी हवाई दुर्घटना है। 19 अक्टूबर 1988 को इंडियन एयरलाइंस का एक विमान अहमदाबाद हवाई अड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें 130 लोग मारे गए थे।

### विमान में थे सवार

- 169 भारतीय यात्री
- 53 ब्रिटिश नागरिक
- 07 पुर्तगाल के यात्री
- 01 कनाडा का यात्री
- 12 विमान क्रू सदस्य

### अपार्टमेंट से निकाले छह डॉक्टरों के शव

प्रत्यक्षदर्शी हरेश शाह ने बताया कि विमान बहुत नीचे उड़ रहा था और यह सिविल अस्पताल और बीजे मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ के आवासीय क्वार्टर से टकरा गया। वहां कई पांच मंजिला इमारतें हैं, जो चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ के आवासीय क्वार्टर हैं। उन अपार्टमेंट में रहने वाले कई लोग घायल हुए हैं जबकि छह चिकित्सकों के शव निकाले गए हैं, विमान के साथ इमारतों में भी आग लग गई। परिसर में मौजूद कई वाहन भी आग की चपेट में आ गए।



उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही आग का गोला बना विमान।


अहमदाबाद हवाईअड्डे के समीप एक आवासीय भवन पर गिरा विमान का मलबा।

**787**
बोइंग ड्रीमलाइनर विमान

**1.39**
बजे दोपहर में भरी थी उड़ान

**600**
फीट की ऊंचाई से गिरा

### दुर्घटना की कराएंगे विस्तृत जांच : नायडू

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्री के राम मोहन नायडू ने कहा है कि विमान हादसे की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच कराई जाएगी। नायडू ने दुर्घटना स्थल पर पहुंचने के बाद कहा कि वह हादसे के बाद से गहरे सदमे में हैं। इस समय वह यात्रियों और उनके परिवारों के बारे में सोच रहे हैं।

### विमान हादसे में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रुपाणी की मृत्यु



**अहमदाबाद।** अहमदाबाद विमान दुर्घटना में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी की भी मृत्यु हुई है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री एवं गुजरात भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष सीआर पार्टिल ने रुपाणी के मृत्यु की पुष्टि की है। रुपाणी एयर इंडिया के उस विमान में सवार थे जो गुरुवार को अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरते ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसमें 230 यात्री, दो पायलट तथा चालाक दल के 10 अन्य सदस्य सवार थे। अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसे में एक यात्री जीवित बचा है और उसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। वरिष्ठ भाजपा नेता भूपेंद्र सिंह चूडासमा ने कहा कि विजय रूपाणी एअर इंडिया के विमान से लंदन जा रहे थे।

### हृदय विदारक दुर्घटना : प्रधानमंत्री मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विमान दुर्घटना को हृदय विदारक बताया और कहा कि इससे हम स्तब्ध और दुखी हैं। उन्होंने कहा कि वह प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे मंत्रियों और अन्य अधिकारियों के संपर्क में हैं। 'एक्स' पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, यह हृदय विदारक है जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। कहा कि दुख की इस घड़ी में, मेरी संवेदनाएं प्रभावित लोगों के साथ हैं।

### 600 फीट की ऊंचाई से गिरकर जीवित बचा, पहुंचा अस्पताल

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान एआई-171 गुरुवार को टेकऑफ के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। 600 से 800 फीट की ऊंचाई पर पहुंचने के बाद विमान हादसे का शिकार हो गया। हादसे में विमान के क्रू मेंबर सहित 242 यात्रियों में कई के मरने की खबरें हैं लेकिन एक शख्स जिंदा बच गया है। इतनी ऊंचाई से गिरने के बावजूद उसकी जान बच गई। रमेश कुमार विश्वास नाम का यह शख्स खुद ही चलकर अस्पताल पहुंचा। अहमदाबाद के पुलिस कमिश्नर जीएस मलिक ने बताया कि पुलिस को सीट 11ए पर एक जीवित व्यक्ति मिला। व्यक्ति अस्पताल में पाया गया है और उसका इलाज चल रहा है। अभी तक मौतों की संख्या के बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि विमान आवासीय क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। जिंदा बचे शख्स का नाम रमेश विश्वास कुमार बताया जा रहा है।

## यूपीआई लेनदेन पर कोई एमडीआर शुल्क नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- **वित्त मंत्रालय ने कहा इस तरह के दावे निराधार एवं भ्रामक**

वित्त मंत्रालय ने यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) मंच के जरिए लेनदेन पर कोई 'मर्चेंट डिस्काउंट रेट' (एमडीआर) नहीं लेने की जानकारी दी है।

मंत्रालय ने 'एक्स' पर कहा कि यूपीआई लेनदेन पर एमडीआर वसूले जाने की अटकलें और दावे पूरी तरह से झूठे, निराधार एवं भ्रामक हैं। इस तरह की निराधार और सनसनी फैलाने वाली अटकलें हमारे नागरिकों के बीच अनावश्यक अनिश्चितता, भय व संदेह उत्पन्न करती हैं। सरकार यूपीआई के माध्यम से डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। एमडीआर वह लागत है जो व्यापारी द्वारा बैंक को अपने ग्राहकों से डिजिटल माध्यम से भुगतान स्वीकार करने के लिए चुकाई जाती है। व्यापारी छूट दर लेनदेन राशि के प्रतिशत में व्यक्त की जाती है। यह स्पष्टीकरण उन खबरों के बाद आया है, जिनमें दावा किया गया था कि सरकार बड़े यूपीआई लेनदेन पर एमडीआर लगाने की योजना बना रही है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मई में यूपीआई लेनदेन 25.14 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले महीने की तुलना में पांच प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

### बठिंडा विवि में मिला इंफ्लुएंसर का शव

**चंडीगढ़।** पंजाब बठिंडा जिले में आदेश विश्वविद्यालय की पार्किंग में एक कार में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कंचन कुमारी का शव मिला है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि कंचन नौ जून से लापता थीं। जिस कार में उनका शव मिला है, वह कार उनकी ही है।

कमल कौर भाभी के नाम से मशहूर 30 वर्षीय कंचन के इंस्टाग्राम पर 3.84 लाख 'फॉलोअर्स' हैं और वह फनी भाभी टीवी नाम से एक यूट्यूब चैनल चलाती थीं, जिसके 2.36 लाख 'सब्सक्राइबर' हैं। पुलिस ने बताया कि नौ जून को वह अपनी मां को यह कहकर घर से निकली थीं कि वह एक 'प्रमोशन इवेंट' के लिए जा रही हैं। भुच्चो उपनगर के स्थानीय निवासियों ने पुलिस को आदेश विश्वविद्यालय की पार्किंग में खड़ी एक कार से बदबू आने की सूचना दी।

## योगी के हाथों सम्मानित होकर खिल उठे विद्यार्थियों के चेहरे

### मुख्यमंत्री ने कहा, सरकार की कोशिशें प्रतिभाओं को निखरने का दे रही हैं मौका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **अभिभावकों ने भी सराहा, कहा पहले की अपेक्षा युवा शक्ति को ज्यादा प्रोत्साहन**

**अमृत विचार :** लोक भवन सभागार में गुरुवार को सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री योगी के हाथों सम्मानित होकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। राज्य सरकार के प्रयासों की जमकर तारीफ की। उनके अभिभावकों के चेहरे पर भी प्रसन्नता देखते ही बन रही थी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की कोशिश है कि प्रदेश में प्रतिभाओं को निखरने का अवसर मिले, इसके लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं।



लोकभवन में मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह की शुरुआत करते मुख्यमंत्री योगी।

अभिभावकों ने कहा कि योगी का विजन मिशन मोड में उत्तर प्रदेश में ट्रांसफॉर्मेशन को सुनिश्चित कर रहा है। प्रदेश की युवा मेधा और प्रतिभा का सम्मान जिस प्रकार योगी ने सुनिश्चित किया वह पूर्ववर्ती सरकारें नहीं कर सकीं। यही कारण है कि युवाओं के मन में एक निराशा घर कर गई थी जिसे योगी सरकार के प्रयासों ने आशा की किरण देकर निखरने का मौका दिया है। आईसीएसई बोर्ड की 10वीं परीक्षा को 99.4 प्रतिशत से उत्तर प्रदेश में तीसरा स्थान पाने वाले वत्सल अग्रवाल ने सम्मानित होने को गौरवान्वित होने वाला क्षण बताया। कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछले कुछ वर्षों में शिक्षा को लेकर बड़े स्तर पर कार्य हुए हैं। वत्सल की मां ने योगी का धन्यवाद करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों में युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए उस स्तर पर प्रयास नहीं किए जाते थे, जैसा योगी सरकार में किया जा रहा है। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 100 प्रतिशत मार्क्स लाने वाले आरव मल्होत्रा ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता उधार के लिए सरकार बधाई की पात्र है। 99.4 प्रतिशत मार्क्स लाकर ऑल इंडिया तीसरी रैंक प्राप्त करने वाली अमरोहा की तनिष्का राजपूत ने कहा कि उनका सपना आईएएस ऑफिसर बनकर देश की सेवा करना है। सहारनपुर की रीत राठौर ने नेशनल स्कूल गेम्स में भाग लेकर हाई जम्प में गोल्ड मेडल जीता था। कहा कि एक खिलाड़ी के लिए सपोर्ट सबसे जरूरी होता है। नेशनल स्कूल गेम्स में 2 गोल्ड मेडल जीतने वाली निष्ठा गुप्ता ने भी मुख्यमंत्री योगी से हाथों सम्मानित होने पर हर्ष जताया।

एक्सक्लूसिव

# वाजिदपुर में झागनुमा पानी बढ़ा रहा गंगा का प्रदूषण


एयरफोर्स नाला के बगल में वाजिदपुर के पास झाड़ियों के बीच से गंगा नदी में बहता नाले का दूषित पानी। अमृत विचार

मनोज तिवारी, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में अभी रानीघाट नाला, गोलाघाट, सत्तीचौरा, डब्का, मदारपुर व किशनपुर 6 नाले अनटैप हैं, जिनसे गंदगी गंगा में जा रही है। हालांकि नगर नगम बॉयोरेमिडिएशन (जैविक विधि से शोधन) के जरिए नाले का पानी शोधित कर रहा है, लेकिन जरा सी लापरवाही गंगा की सेहत को नुकसान पहुंचा रही है।

इसके अलावा 2 आंशिक टैप्ड परमिया व गुप्तारघाट नाले से ओवरफ्लो होकर सीवेज गंगा नदी में मिल रहा है। यह सभी नाले गंगा के पानी की सेहत के लिये हानिकारक हैं। एयरफोर्स नाला के बगल में वाजिदपुर में झाड़ियों के बीच से जा रहे नाले से दूषित पानी गंगा नदी में प्रवाहित किया जा रहा है। वाजिदपुर में नालों से निलने वाला गंदा पानी झागनुमा है। इससे नाले के पानी की हालत चिंताजनक होना स्वाभाविक है। डपकेश्वर घाट में भी दो नालों के जरिए गंदा पानी गंगा नदी में प्रवाहित किया जा रहा है। यहां बायोरेमिडियेशन के जरिये पानी को शोधन हो रहा है, लेकिन मौके पर लगा प्लांट शोपीस बना हुआ है। यहां नाले से आने वाला गंदा पानी ओवरफ्लो होकर गंगा नदी में जाता मिला है।


डपकेश्वर घाट में दो नालों का गंदा पानी गंगा में प्रवाहित हो रहा है। अमृत विचार

- एयरफोर्स और डपकेश्वर घाट में नालों का पानी गंगा नदी में प्रवाहित हो रहा
- अधिकारियों की लापरवाही से नालों का ध्यान देने वाला कोई नहीं, गंगा नदी के पानी को कर रहा दूषित


बॉयोरेमिडिएशन के लिए लगाया गया प्लांट शोपीस बना है। अमृत विचार

### 14 नाले टेप करने को 138.11 करोड़ मंजूर

- कानपुर में गंगा में गिर रहे 14 नालों को टेप करने के लिए 138 .11 करोड़ रुपये की शासन से स्वीकृति मिली है। कानपुर में कुल 33 नाले हैं। 27 नाले कानपुर नगर में और 6 नाले बिठूर में हैं। कानपुर नगर के 27 नालों में से 18 नाले गंगा नदी और 9 नाले पाण्डु नदी से जुड़े हैं। गंगा नदी के 18 नालों में 11 नाले टैप्ड, 6 अनटैप्ड और 1 नाला बरसाती है। इसी प्रकार पाण्डु नदी के 9 नालों में से 4 नाले टैप्ड, 3 नाले अनटैप्ड और 2 नाले आंशिक टैप्ड हैं। सभी अनटैप्ड नालों की टैपिंग के लिए डीपीआर बनाई गई थी, जिस पर अनुमानित खर्च 152 .02 करोड़ रुपये आने की संभावना थी। पिछले दिनों नालों को बंद करने के लिए 138 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। अभी अनटैप्ड नालों के सीवेज का शोधन नगर निगम, कानपुर द्वारा बायोरेमिडियेशन के जरिये कराया जा रहा है।

### 7 एसटीपी में 506 एमएलडी पानी के शोधन की क्षमता

- शहर में नालों का पानी के शोधन के लिए 7 एसटीपी हैं, जिनसे 506 एमएलडी सीवेज का शोधन हो रहा है। इसमें से 130 एमएलडी एसटीपी जाजमऊ, 43 एमएलडी एसटीपी जाजमऊ, 210 एमएलबी एसटीपी बिनगवां, 42 एमएलडी एसटीपी सजारी एवं 30 एमएलडी एसटीपी पनका समेत 5 का संचालन एवं रख-रखाव का कार्य जल निगम (ग्रामीण) ने फर्म मेसर्स कानपुर रिवर मैनेजमेंट प्रालि. को दिया है। शेष 2 एसटीपी 36 एमएलडी एसटीपी जाजमऊ एवं 15 एमएलडी एसटीपी बनियापुर का संचालन एवं रख-रखाव का कार्य जल निगम (नगरीय) द्वारा कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त टेनरियों के लिये बना 20 एमएलडी नव निर्मित सीईटीपी जाजमऊ का संचालन एवं रखरखाव का कार्य जटेटा कर रहा है।

### 1.5 करोड़ लीटर सीवेज बढ़ा रहा मुश्किलें

- शहर में नालों से रोज निकलने वाला 1.5 करोड़ लीटर गंदा पानी गंगा नदी में प्रदूषण बढ़ा रहा है। पांडु नदी में गिरने वाले नालों की वजह से गंगा नदी भी प्रभावित होती है, नगर इससे निपटने के लिए अभी तक कोई कारगर उपाय नहीं हुए।


वाजिदपुर में झागनुमा पानी गंगा नदी में बह रहा है। अमृत विचार

## एक नजर

### शहर के कई इलाकों में रात भर गुल रही बत्ती

**कानपुर।** शहर में गुरुवार को भी भीषण गर्मी के बीच बिजली की भीषण कटौती ने लोगों को खूब रुलाया। कई इलाकों में बिजली की आंख मिचौनी से लोग परेशान रहे। शहर के देवनगर, रायपुरवा, आचार्य नगर व लक्ष्मीपुरवा में पूरी रात बिजली नहीं रही। इसी तरह वाजिदपुर उपकेंद्र से लगभग ढाई घंटे बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। दोपहर की भीषण गर्मी में बिजली की कटौती से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बांसमंडी इलाके में ढाई घंटे और चीना पार्क क्षेत्र में लगभग दो घंटे बिजली नहीं रही। मुंशीपुरवा और बाबूपुरवा क्षेत्र में भी बिजली का बुरा हाल रहा। यहां दोपहर में लगभग 4 घंटे लोग बिना बिजली के गर्मी से बेहाल रहे और केस्को को कोसते रहे।

### अहमदाबाद विमान हादसे को लेकर जताया दुख

**कानपुर।** मदरसा इशाअतुल उलूम कुलीबाजार में शहरकाजी की अध्यक्षता में आपात बैठक हुई जिसमें अहमदाबाद में हुए विमान हादसे पर दुख जताया गया। आत्मा की शांति के लिए दुआ और घायलों के जल्द स्वस्थ होने के लिए मस्जिद आयशा सिद्दाका में शहरकाजी ने दुआ कराई। उधर, जमीअत उलमा उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष मौलाना अमीनुल हक अब्दुल्लाह कासमी की अध्यक्षता में रजबी रोड स्थित जमीअत बिल्डिंग में उलेमा की बैठक हुई, जिसमें मौलाना ने दुर्घटना में जान गंवाने वालों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना और सहानुभूति प्रकट करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। मौलाना ने कहा कि तकनीकी रूप से कमजोर या अपनी निर्धारित अवधि पूरी कर चुके विमानों को तुरंत उड़ान से हटाया जाना चाहिए।

# जांच: गंगा नदी में सीवर बहाने की बात सच साबित

## 'अमृत विचार' में खबर छपने के बाद जांच के लिए मौके पर पहुंचे जल निगम और केआरएमपीएल के अधिकारी

खबर का असर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** परमट में गंगा नदी के किनारे बरसाती नाले के जरिये सीवर का गंदा पानी बहाया जा रहा है। 'अमृत विचार' में छपी खबर का संज्ञान लेते हुए गुरुवार को मौके पर पहुंचे जल निगम अधिकारियों की जांच में सामने आया कि स्थानीय लोगों ने घरों के कनेक्शन सीवर लाइन से कटवाकर बरसाती नाले में जुड़वा दिया है।

बरसाती नाले से हर 7वें दिन वॉल खोलकर सीवर व मंदिर की छोटी नालियों से आने वाले पानी गंगा नदी में छोड़ा जा रहा है। अधिकारियों ने इसे गलत माना और कहा कि परमट के घरों का सर्वे कर जांच की जाएगी। घरों के कनेक्शन को सीवर लाइन में ही जोड़े जाएंगे, ताकि परमट पंपिंग स्टेशन से पानी ट्रीटमेंट के लिए जाजमऊ भेजा जा सके। बुधवार रात परमट घाट पर वॉल खोलकर गंदे पानी को गंगा नदी में छोड़ा गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसा कर्मचारी रोज करते हैं। बुधवार की रात ऐसा करते कर्मचारी लाइव कैमरे में कैद हो गए। 'अमृत विचार' में खबर छपी तो गुरुवार को जल निगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियंता व परियोजना प्रबंधक मोहित चक ने जल निगम के असिस्टेंट प्रोजेक्ट इंजीनियर विपिन कुमार, केआरएमपीएल के शशि तिवारी के साथ टीम को जांच के लिए भेजा।

टीम ने परमट मुख्य गेट से घाट तक जाने वाले एक-एक मैनहोल की बारीकी से जांच की। इस दौरान टीम ने पाया कि कुछ घरों के लोगों ने सीवर लाइन से अपने घरों के कनेक्शन काटकर बरसाती नाले में जोड़ दिया है। अधिकारियों ने बिना बताए ऐसा करने पर फटकार भी लगाई। इसके बाद अधिकारी टेफ्को नाले के टेपिंग प्वाइंट पर भी गए। असिस्टेंट प्रोजेक्ट इंजीनियर विपिन कुमार ने कहा कि घरों का सर्वे कर इस समस्या को दूर किया जाएगा। गंगा नदी में किसी भी तरह का अशोधित पानी प्रतिबंधित है। मॉनीटरिंग की जा रही है।

**सीवर लाइन साफ कराने की जलकल की जिम्मेदारी:** जल निगम (ग्रामीण) के परियोजना प्रबंधक मोहित चक का कहना है कि टीम को मौके पर भेजकर जांच कराई गई है। टैफ्को नाला पूरी तरह टेप है। नाले का पानी गंगा नदी में नहीं प्रवाहित किया जा रहा है। अगर बरसाती नाले में घरों की सीवर लाइनें जोड़ी गई हैं, तो इसको रोका जाएगा। सीवर लाइन पंपिंग स्टेशन से जुड़ी है। उन्होंने कहा कि अगर सीवर लाइन चोक है तो उसे साफ कराने की जिम्मेदारी जलकल की है।


परमट घाट पर टेफ्को नाले के निकट मैनहोल के जरिए सीवर लाइन देखते जल निगम के असिस्टेंट प्रोजेक्ट इंजीनियर।

**जल निगम का दावा**
- मंदिर परिसर, दुकानों और घरों का पानी बहकर आ रहा है।

**हकीकत**
- सीवर का पानी बरसाती नाले से गंगा में बहाया जा रहा है।

- बरसाती नाले में जुड़ी मिलीं घरों की सीवर लाइनें
- अधिकारी बोले-परमट इलाके के घरों का होगा सर्वे

**900** डाया की परमट में पड़ी सीवर लाइन जो 56 एमएलडी क्षमता वाले पंपिंग स्टेशन से जुड़ी है

### पंपिंग स्टेशन से जुड़ी है सीवर लाइन

- जलनिगम के असिस्टेंट प्रोजेक्ट इंजीनियर विपिन कुमार ने बताया कि टैफ्को नाला पूरी तरह टेप है। परमट में एक सीवर लाइन 900 डाया की पड़ी है, जो 56 एमएलडी पंपिंग स्टेशन से जुड़ी है। परमट मंदिर परिसर के पानी, आस-पास लगने वाली दुकानों के पानी और बरसाती पानी के लिए एक अलग 900 डाया की पाइप लाइन डाली गई है, जिसे वॉल के सहारे बंद किया गया है। जब बरसात होती है तो वॉल खोलकर बरसाती पानी को गंगा नदी में बहाया जाता है।

### आखिर बिना बरसात के कहां से आ रहा पानी

- जब जल निगम अधिकारियों से पूछा गया कि बिना बरसात के पानी कहां से आ रहा है तो जल निगम के अधिकारियों ने बताया कि माना कि कुछ घरों की सीवर लाइनों को बरसाती नाले से जोड़ दिया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सीवर लाइन चोक है, जिससे घर में सीवर बैकफ्लो हो रहा है, जिसकी वजह से बरसाती नाले में लाइन जोड़ दी गई है, जो पूरी तरह से गलत है। इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दी जाएगी।

# गंगा के पानी और मछलियों में भारी धातुओं की मौजूदगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के शोधकर्ताओं की ओर से किए गए एक ताजा अध्ययन में गंगा नदी के पानी और उसमें पाई जाने वाली मछलियों में कई प्रकार की भारी धातुओं की उपस्थिति पाई गई है। यह अध्ययन विशेष रूप से जल गुणवत्ता, जलीय जैव विविधता और मानव स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

इस अध्ययन को नलिनी द्विवेदी, शिखा सिंह, डॉ. सीमा परोहा और डॉ. वर्षा गुप्ता द्वारा मिलकर किया गया। डॉ. वर्षा गुप्ता के नेतृत्व में इस अध्ययन में इंडक्टिवली कपल्ड प्लाज्मा-ऑप्टिकल एमिशन स्पेक्ट्रोस्कोपी तकनीक का उपयोग कर दस भारी धातुओं का विश्लेषण किया गया। इनमें आर्सेनिक, कैडमियम, कोबाल्ट, क्रोमियम, तांबा, मैंगनीज, निकल, सीसा, थैलियम और जिंक शामिल थे।

हाल ही में हुए अध्ययन में इनमें से नदी जल में आर्सेनिक, कैडमियम, कोबाल्ट, क्रोमियम, सीसा और थैलियम की सांद्रता अधिक पाई गई, जो औद्योगिक अपशिष्टों की उपस्थिति का संकेत देती है। ये धातुएं जैव संचयी होती हैं और लंबे समय तक पर्यावरण व जीवों में बनी रह सकती हैं। विवि की ओर से बताया गया कि शोध के दौरान (रोहू) मछली के विभिन्न अंगों जैसे यकृत, गुर्दा, आंत और गिल्स में भी इन धातुओं का संचय पाया गया। गर्मियों में इन धातुओं का स्तर अधिक था, जो संभवतः कम जल प्रवाह और उच्च वाष्पीकरण दर के कारण होता है। गुर्दे और यकृत में सर्वाधिक संचय देखा गया, क्योंकि ये अंग विषाक्त पदार्थों के निष्कासन व संग्रहण में प्रमुख भूमिका निभाते हैं।

### प्रदूषकों पर गंभीर मंथन करना जरूरी: डॉ.वर्षा

मुख्य शोधकर्ता डॉ. वर्षा गुप्ता ने बताया कि हमारा उद्देश्य भय उत्पन्न करना नहीं, बल्कि यह वैज्ञानिक रूप से समझना है कि जल स्रोतों में मौजूद धातुएं किस प्रकार जीवों के शरीर में प्रवेश करती हैं और आगे खाद्य श्रृंखला को प्रभावित कर सकती हैं। शोध में यह भी स्पष्ट किया गया कि भारी धातुओं की उपस्थिति केवल जल की सतही गुणवत्ता से आंकी नहीं जा सकती। ऐसे प्रदूषकों को जल निगरानी कार्यक्रमों में सम्मिलित किया जाना आवश्यक है।

# बिजली गुल: तमाम कारोबार ठप

कार्यालय संवादाता, कानपुर

- छोटे-छोटे कारखाना और तमाम कारोबार बिजली नहीं मिलने से बंद हो गए
- कर्नलगंज, चमनगंज समेत कई क्षेत्रों की तंग गलियों में रात भर जागते लोग

**अमृत विचार।** घनी आबादी वाले क्षेत्रों में हजारों छोटे छोटे कारोबार होते हैं जैसे रेडीमेड शर्ट में मशीन के जरिए बटन लगाना, कपड़ों में कढ़ाई करना आदि लेकिन बीते कुछ दिनों से बिजली की आंखमिचौली ने इन सभी कामों को प्रभावित कर दिया है। सुजातगंज और फेथफुलगंज में सैकड़ों की संख्या में पावरलूम लगे हैं, जहां खटर पटर का शोर रुक-रुककर सुनाई दे रहा है क्योंकि बिजली कब आएगी, कब चली जाएगी, कोई नहीं जानता है।

सुजातगंज और फेथफूलगंज में हजारों पावरलूम लगे हैं, जिनमें दिन-रात काम होता है। दिनभर 10 से 12 घंटे काम करने के बाद बड़ी मुश्किल से 300 से 500 रुपये का काम होता है, लेकिन बिजली की आंख मिचौली के कारण काम नहीं हो पा रहा है। पीड़ितों ने बताया कि कब बिजली चली जाए और कपड़ा आधा अधूरा बना हो तो घंटों इंतजार करना पड़ता है।

उधर, चमनगंज, कुलीबाजार, कर्नलगंज, कंघी मोहाल, बेकनगंज, छिपियाना, मीना मन शिवाला, बाबूपुरवा, बेममपुरवा में लाखों लोगों का परिवार छोटे-छोटे कारखानों से ही चल रहा है, लेकिन बिजली ने इन कारखानों की हवा निकाल दी है। घंटों बिजली गुल रहने पर कई कारखाना मालिकों ने अपने कारीगरों को काम पर आने से रोक दिया है। दूसरी ओर कंघी मोहाल, कागजी मोहाल समेत कई ऐसे तंग क्षेत्र हैं, जहां रात भर बिजली आने-जाने से लोग परेशान हैं।


सुजातगंज में पावरलूम का काम प्रभावित हो रहा है। अमृत विचार

## उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा-सपा सरकार में अस्पताल बने थे तबेला, गुंडागर्दी और दलालों का था बोलबाला

# डिप्टी सीएम बोले, अखिलेश सामने आकर करें डिबेट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में पहुंचे उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव फ्रस्टेशन में हैं। उनसे पूछिए 2012 से 2017 तक और 3 बार उनके पिता जी प्रदेश को संभाल चुके हैं। उस समय स्वास्थ्य विभाग की क्या हालत थी और आज क्या है। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में तबेले खुल गए थे। गुंडा गर्दी चरम पर थी, दलालों का बोलबाला था। हम दावे के साथ कह सकते हैं कि पीएम मोदी और सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हुई हैं।

नेहरू नगर अंध विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने से पहले प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि 2017 में प्रदेश में मात्र 17 मेडिकल कॉलेज सरकारी क्षेत्र में थे और आज 80 मेडिकल कॉलेज निजी और सरकारी क्षेत्र में मिलाकर हैं। मरीजों का आंकड़ा बढ़ा तो, चिकित्सकों की संख्या बढ़ी है। एमबीबीएस और एमडी की सीटें 3 गुना होने जा रही हैं। उन्होंने अखिलेश का नाम लिए बिना कहा कि आप अपना आईना देखिए, आईने की धूल मत पोछिए। अपना चेहरा पोछिए, आपके चेहरे पर धूल है, आइने में नहीं।

डिप्टी सीएम ने कहा कि अखिलेश जी आलोचना करने से पहले भाजपा सरकार के कार्यों का अध्ययन करें और फिर अपनी सरकार से तुलना करें। मैं खुले आम कहता हूं अगर उनमें सच्चाई है तो डिबेट करें मैं उनके सामने डिबेट को तैयार हूं। केवल जातिवाद और भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद के आधार पर समाजवादी पार्टी, सरकार चलाना जानती है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित, महापौर प्रमिल पांडेय, सांसद देवेंद्र सिंह भोले, सांसद रमेश अवस्थी, विधायक नीलिमा कटियार, विधायक महेश त्रिवेदी, सुरेश अवस्थी, अनुराग शर्मा आदि रहे।


उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को प्रतीक चिह्न देते भाजपा नेता। अमृत विचार

### अहमदाबाद प्लेन हादसे पर जताया दुख, बीच में ही कार्यक्रम छोड़कर लखनऊ रवाना

ब्रजेश पाठक मोदी सरकार के कार्यों की लगी प्रदर्शनी का उद्घाटन के साथ ही अवलोकन किया। जब वह मंच पर पहुंचे तो उनके पास अहमदाबाद हवाई हादसे की खबर पहुंची। जब वह बोलने आए तो मंच से मौन रखकर मृतक आत्मओं को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद वह कार्यक्रम को बीच में छोड़कर शहर से लखनऊ रवाना हो गए।

### जापान को पछाड़ चौथी आर्थिक ताकत बने

- ब्रजेश पाठक ने मोदी सरकार के कामों को गिनाते हुए कहा कि रक्षा मामलों में भी हमने अभूतपूर्व प्रगति की है। भारत का डिफेंस सेक्टर पूरी दुनिया में सर्वश्रेष्ठ मिसाइल बनाने में कामयाब रहा है। आज हम कह सकते हैं कि भारत ने चतुर्मुखी विकास किया है। विकसित भारत की कल्पाना जो प्रधानमंत्री ने देश के समक्ष 2014 में रखी थी, उसको शीघ्र पूरा करने वाले हैं। 2014 से पहले भारत आर्थिक स्थिति के मामले में भारत दुनिया के 11वें नंबर पर था, जब दूसरी बार प्रधानमंत्री मोदी की सरकार बनी आर्थिक क्षेत्र में तेजी के साथ प्रगति करते हुए हम ब्रिटेन जैसे शक्तिशाली देश को पछाड़कर 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यस्था ताकत बने थे। अभी कुछ दिन पहले हम लोगों ने जापान को पछाड़ कर चौथी आर्थिक ताकत बने।

नारायना हॉस्पिटल (इकाई नारायना मेडिकल कॉलेज) गंगागंज, पनकी कानपुर
सुपर स्पेशियालिटी - 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सुसज्जित एवं अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध है।
यह योजना प्रथम दो हजार मरीज़ो के लिए मान्य होगी। जल्द ही रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें।
निःशुल्क ऑपरेशन शिविर
20 मई 2025 से 15 जून 2025 तक
जनरल मेडिसिन विभाग | चर्म रोग विभाग | नेत्र रोग विभाग | दाँत रोग विभाग | मानसिक रोग विभाग | जनरल सर्जरी विभाग | स्त्री रोग विभाग | हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग | टी. बी. चेस्ट विभाग | नाक, कान व गला विभाग | नवजात शिशु व बाल रोग विभाग
- आँखों का ऑपरेशन (सफेद और काला मोतियाबिंद)
- डिलीवरी (नॉर्मल एवं ऑपरेशन विधि द्वारा)
- पित्त की थैली का ऑपरेशन (ओपेन एवं दूरबीन विधि द्वारा)
- नाक, कान एवं गला (कान के पर्दे का ऑपरेशन, टेढी नाक, टॉन्सिल्स)
- हड्डी का उपचार एवं सभी प्रकार के ऑपरेशन निःशुल्क

खून की जाँचों पर 65 प्रतिशत तक की छूट, सिर्फ दवाई, इम्प्लान्ट और जाँचों पर इलाज पायें। अन्य कोई चार्ज नहीं।
24 घंटे इमरजेन्सी एवं एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध
Mob.:7800007704, 7800007705, 9918601150
www.narainamedicalcollege.com
Email: nhrc@narainagroup.net

### आज का मौसम

आगामी दिनों में धूप और गर्मी बढ़ेगी, फिलहाल पांच दिन तक बूंदाबांदी के आसार नहीं हैं

| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| 43.0° | 34.0° |
| सूर्योदय 05 : 15 | सूर्यास्त 07 : 02 |

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

### शिवाला में अवैध निर्माण सील

**कानपुर।** केडीए ने शिवाला में एक अवैध निर्माण को गुरुवार को सील कर दिया। ओएसडी संत शुक्ला के नेतृत्व में अवर अभियंता ने जोन- 1 की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर गिलिश बाजार शिवाला में स्थित परिसर संख्या 37/42 को सील कर दिया। बताया गया कि शमीम अख्तर द्वारा निर्माण कराया जा रहा था।

### बीए की छात्रा ने फंदा लगाकर दे दी जान, वजह साफ नहीं

**कानपुर।** हनुमंत विहार के अर्रा नई बस्ती निवासी अभिमंयु सिंह की 20 वर्षीय बेटी आर्या ने गुरुवार को घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। हनुमंत विहार थाना प्रभारी ने बताया कि युवती बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। उसने घर में पंखे के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या की है। फिलहाल आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं है। जांच की जा रही है।

कानपुर। शहर में नाला सफाई के बुरे हाल हैं। मानसून सिर पर है। नालों की सफाई के लिए जारी की गई 15 जून की डेडलाइन भी खत्म होने के कगार पर है, लेकिन अभी तक शहर के नालों को पूरी तरह से साफ नहीं किया जा सका है। कई प्रमुख और बड़े नालों में गंदगी बजबजा रही है। मैनावती मार्ग होकर गुजरने वाले परमिया नाला में जलकुंभी भरी है। इससे स्पष्ट है कि यहां सफाई नहीं हुई। बकरमंडी के पास सीसामऊ नाला पूरी तरह जाम है। अतिक्रमण अभियान के दौरान तोड़ी गई नाले के स्लैब नाले में ही पड़ी है। दक्षिण क्षेत्र में जूही, गुजैनी और नौबस्ता में भी छोटे-बड़े नालों में गंदगी भरी है, लेकिन जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। पढ़िये अभिषेक वर्मा की रिपोर्ट...


मैनावती मार्ग नाले में उगी जलकुंभी।

# नाला सफाई में ढिलाई
# शहर फिर बनेगा तालाब

**शहर के कई नालों में नहीं हुई सफाई, जूही के साथ गुजैनी और नौबस्ता के भी बुरे हाल, बकरमंडी के पास सीसामऊ नाला जाम, निकाली गई सिल्ट फैल रही**

### कागजों पर सफाई, बजबजा रहे नाले और नालियां

- स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि उसने 1502 नालों में 1315 नालों की सफाई कर दी, पर कई क्षेत्रों में स्थानीय लोगों की माने तो इस बार सफाई हुई नहीं है। जूही लाल कॉलोनी में आंतरिक गलियों की नालियों की सफाई शुरू तो की गई, पर बीच में रोक दी गई। 21 ब्लॉक से आधी दूर सफाई कर सफाई कर्मचारी भाग खड़े हुए। यहां सेंट्रल पार्क किदवई नगर पुलिस चौकी के पास तो सफाई नहीं हुई है, जिससे नाले-नालियां बजबजा रही हैं।

**266** नालों में 180 नालों की सफाई का दावा कर रहा नगर निगम

**1315** नाले साफ करने का दावा कर रहा स्वास्थ्य विभाग

### गुजैनी के नाले में पड़ी केबल, सफाई करना मुश्किल


- वार्ड 55 पार्षद अंजुली दीक्षित ने बताया कि जे ब्लॉक में गुजैनी मेन रोड पर गये नाले की सफाई में पता चला कि केस्को वाले तार का गुच्छा नाले के अंदर डाल गये। इसकी शिकायत केस्को से की है। इसी तरह कई अन्य नालों की भी सफाई सही से नहीं हो पाई है। उन्होंने बताया कि गुजैनी में झांसी रेलवे लाइन वाले नाले की सफाई का टेंडर 45 लाख का हुआ है। सफाई न होने की शिकायत की तो चीफ इंजीनियर ने कहा कि नोटिस दी है।

### मौके पर करेंगे जांच, खामी मिली तो भुगतान नहीं: महापौर

- महापौर प्रमिला पांडेय ने कहा की नाला सफाई में लापरवाही करने वाले ठेकेदारों और अधिकारियों पर कार्रवाई होगी। गुरुवार से मौके पर जाकर नाला सफाई का औचक निरीक्षण करेंगे। अगर गंदगी मिली और बरसात में जलभराव हुआ तो संबंधित ठेकेदारों को पैसा जारी नहीं होगा।

### दावा कुछ, हकीकत अलग

नगर निगम का दावा है कि उसने शहर के बड़े 266 नालों में 180 नालों की सफाई कर ली है। बाकी बचे नालों में सफाई कार्य चल रहा है, लेकिन हकीकत इससे जुदा है। सीसामऊ नाले की अधूरी सफाई इस बार हुई है। कुछ स्थानों पर तो सिल्ट निकाली गई, लेकिन कई स्थानों पर सफाई हवा में हो गई। अगर समय से बरसात हो गई तो ग्वालटोली और आस-पास के इलाका डूबना तय है। इसी तरह मैनावती मार्ग के समानांतर बह रहे नाले में तो कई स्थानों पर जलकुंभी भरी है।




- परमिया नाला में उगी झाड़ियां खोल रहीं सफाई की पोल
- 21 ब्लॉक जूही में आधी दूर तक ही की गई नाले की सफाई

### पानी निकालने वाला पंप ही खराब

एनआरआई, मकड़ीखेड़ा में बरसाती पानी को निकालने के लिये लगाया गया पंप खराब है। मुख्य अभियंता के निरीक्षण में सामने आया कि पंप शुरू करने के बाद पानी को खींचते समय बंद हो जा रहे हैं। इस पर वर्कशॉप के स्टोर कीपर रफजुल रहमान को नोटिस देते हुये पंपों को जल्द सही करने के निर्देश दिये गये हैं।

### बोले पार्षद


क्षेत्र में नाला सफाई की बुरी हालत है। ठेकेदार सफाई नहीं कर रहे हैं। बड़े नाले में 4 आदमी से सफाई कार्य कराया जा रहा है। केएस भारती वाले नाले की सफाई कार्य तो हुई ही नहीं है। ठेकेदार पैसा डकारने के इरादे में हैं। हम लोगों ने शिकायत की है।
**- आदर्श दीक्षित, गुजैनी, पूर्व पार्षद**


बिनगवां गांव से पांडु नदी तक गये नाले में कूड़ा बजबजा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अंडर आने वाली नालियां भी चोक हैं। खड़े होकर सफाई कराओ तो ही कर्मचारी सफाई करते हैं। अधिकारी तो झांकने तक नहीं आते हैं।
**- सतीश यादव, वार्ड 87, पहाड़पुर**


सिर्फ कागजों में ही सफाई हो रही है। बारिश आने दो हकीकत अधिकारियों के सामने आ जाएगी। अधूरी नाला सफाई की वजह से साकेत नगर, जूही के इलाके, किदवई नगर भरता है। हर बार की यही स्थिति है। कोई संज्ञान नहीं लेता है।
**- विनय कुमार, जूही**


नालों की सिल्ट निकालकर छोड़ दी गई। कई दिनों से सूखकर फिर से नाले में समा गई। ऐसे नाला सफाई का क्या करेंगे। हमारे क्षेत्र में तो बुरी हालत है। हर बार बरसात में क्षेत्र तालाब बनता है।
**- सुनील पासवान, पार्षद वार्ड 27**

## कार्य जांचने के लिए आज आएगी स्वच्छता की टीम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों को देखने 13 जून को आईईसी टीम के सदस्य आएंगे। टीम एक दर्जन से अधिक कार्यों की समीक्षा करेगी। टीम दो दिन रहेगी। इस दौरान स्वच्छता संबंधी गतिविधियों का निरीक्षण कर बेस्ट प्रेक्टिसेस का वीडियो व फोटोग्राफी होगी। टीम 10 सिटीजन से फीडबैक भी लेगी, जिसकी वीडियोग्राफी भी की जाएगी। कार्यों के आधार पर कानपुर की वर्ष 2025-26 की स्वच्छता रैंकिंग में नंबर मिलेंगे।

नगर निगम ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत अरबों रुपये से कार्य किए हैं। इनके सर्वेक्षण के लिए 13 जून को स्वच्छ भारत मिशन की टीम कानपुर आ रही है। स्वच्छता में शहर की रैंकिग दुरुस्त करने के लिए कानपुर नगर निगम ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिसकी प्रगति रिपोर्ट भेजी गई थी। टीम महापौर प्रमिला पांडेय, नगर आयुक्त सुधीर कुमार से कार्यों की समीक्षा करने के साथ ही शहर के 10 सिटीजन का फीडबैक लेगी। फीडबैक के आधार पर ही शहर की 2025-26 की स्वच्छता रैंकिंग भी तय की जाएगी। टीम कूड़ा उठान, शौचालयों को भी जांच सकती है।

**ये कार्य देखने जाएगी टीम**

शक्ति रसोई, शेल्टर होम, वेंडिंग जोन, कान्हा गौशाला, एबीसी सेंटर, कल्याण मंडप, सीवरेज, ई पाठशाला, वाटर सप्लाई, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, ओपेन जिम, पालिका स्पोर्ट्स स्टेडियम, नानाराव पार्क, विजिटर गैलरी, कन्वेंशन सेंटर कार्य हुए हैं।

## 6 वार्डों की सीवर लाइन ध्वस्त, गलियों में पानी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मेट्रो के कार्य की वजह दक्षिण क्षेत्र में नगर निगम की सीवर लाइन ध्वस्त हो गई। इससे 6 वार्डों में सीवर भराव शुरू हो गया। सीवर लाइन के बैठने से परमपुरवा, चरण सिंह कॉलोनी, चावला, जूही के क्षेत्रों में सीवर बैक फ्लो मारने लगा। क्षेत्रीय पार्षदों ने नगर निगम और जलकल के साथ ही मेट्रो को समस्या से अवगत कराया। पार्षद नवीन पंडित ने बताया कि 6 वार्डों की करीब 2 लाख जनता के सामने सीवर की समस्या खड़ी हो गई है। यदि जल्द ही समस्या को दूर नहीं किया गया तो मुख्य मार्गों के साथ घरों के अंदर सीवर भरेगा।

गोविंद नगर में सीवर लाइन ध्वस्त है। मेट्रो कार्य की वजह से सीवर लाइन बैठने से नगर निगम की सीवर लाइन टूट गई है।


जूही की गली में भरा सीवर का गंदा पानी। अमृत विचार


गोविंद नगर में मेट्रो के कार्य से समस्या है। अमृत विचार

नवीन पंडित ने बताया कि जूही की ओर से आ रही मोटी सीवर लाइन परमपुरवा, चावला होते हुये सनिगवां तक जाती है। सीवर लाइन ध्वस्त होने की वजह से कई स्थानों पर सीवर भर रहा है। पार्षद ने बताया कि वार्ड 93, 48, 16, 02, 07 और 14 में क्षेत्रों में सीवर भराव की समस्या हो सकती है। पूर्व पार्षद सुनील कनौजिया ने बताया कि मेट्रो की लापरवाही से बड़ी सीवर लाइन जाम हो गई है। इसकी वजह से बुधवार को जुही बम्बुरहिया, धोबी तालाब में घरों की देहरी तक सीवर का पानी पहुंच गया है। नाराज पार्षद शालू कनौजिया ने सीवर के गंदे पानी में खड़े होकर प्रदर्शन किया। पार्षद शालू सुनील कनौजिया ने कहा कि मेट्रो की कंपनी सेम इंडिया की लापरवाही की सजा जनता भुगत रही है। अधिकारियों ने समस्या का संज्ञान नहीं लिया तो प्रदर्शन करेंगे। सुनील कनौजिया ने कहा मुख्यमंत्री व प्रमुख सचिव से मिलकर सेम इंडिया द्वारा टीपी नगर और जुही हमीरपुर रोड पर किये गये यूटीलिटी डायवर्जन की जांच की मांग करेंगे।

## बत्ती के लिए हंगामा करने पर दर्ज होगी एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- केस्को एमडी बोले, बिजली चोरी वाले इलाकों में ट्रिपिंग की ज्यादा समस्या

**अमृत विचार।** जिन इलाकों में बिजली की चोरी अधिक है, वहां ट्रिपिंग ज्यादा हो रही है। शहर में बिजली व्यवस्था को सुधारने के लिए तेज गति से काम चल रहा है। बिजली जाने पर जो लोग हंगामा और तोड़फोड़ करेंगे, उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

केस्को एमडी सैमुअल पॉल एन ने गुरुवार को केस्को मुख्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति के प्रयासों की जानकारी दी। इसके साथ में शहरियों से संयम से काम लेने की भी अपील की है। उन्होंने बताया कि जिन इलाकों में ज्यादा बिजली चोरी हो रही है, वहां ट्रिपिंग की समस्या ज्यादा है। पीक ऑवर्स में जिन सब स्टेशनों और फीडरों पर लोड अधिक होता है, वहां रेड टीम के पहुंचने पर लोड कम हो जाता है। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर फुंकने से बचाने के लिए फ्यूज बांधने में सही नंबर का वायर इस्तेमाल करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे ओवरलोडिंग पर फ्यूज उड़ सके और ट्रांसफार्मर बच जाए। रात में कटिया से लोड बढ़ने पर ट्रिपिंग बढ़ रही है। उन्होंने उपभोक्ताओं से जरूरत के मुताबिक लोड बढ़वाने की अपील की, ताकि ट्रांसफार्मर पर वास्तविक लोड पता चल सके और समय रहते अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लग सके। इससे उपभोक्ताओं को नुकसान नहीं बल्कि फायदा होगा।

## प्रवेश परीक्षा में 94.38% परीक्षार्थी शामिल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से यूपी कैटेट परीक्षा गुरुवार को भी हुई। दूसरे दिन की परीक्षा प्रदेश के 6 शहरों के 10 परीक्षा केंद्रों में संचालित हुई। परास्नातक मास्टर्स प्रवेश परीक्षा में 3,236 के सापेक्ष 3054 परीक्षार्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी। प्रदेश में 182 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा में शामिल परीक्षार्थियों का प्रतिशत 94.38 फीसदी रहा। जबकि प्रदेश में पीएचडी प्रवेश परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों में 1,304 के सापेक्ष 1205 ने प्रवेश परीक्षा दी। 99 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिसका प्रतिशत 92.41 फीसदी रहा। परीक्षा के बारे में कुलसचिव डॉ पीके उपाध्याय ने बताया कि इसी प्रकार प्रदेश में एमबीए प्रवेश परीक्षा 524 की सापेक्ष 482 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जिसमें 42 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। एमबीए प्रवेश परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों का प्रतिशत 91.98 प्रतिशत रहा।


परीक्षा केंद्र में निरीक्षण करते सीएसए विवि के कुलपति डॉ. एके सिंह।

विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. खलील खान ने बताया कि कानपुर शहर के दो परीक्षा केंद्रों पर मास्टर्स प्रवेश परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें 734 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 681 परीक्षार्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी। कानपुर के परीक्षा केंद्रों पर कुल 53 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उ कानपुर में मास्टर्स प्रवेश परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों का प्रतिशत 92.78 फीसदी रहा। जबकि शहर में पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए 259 के सापेक्ष 232 परीक्षार्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी। जिसमें 27 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिसका प्रतिशत 89.58 फीसदी रहा। वही इस दौरान जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज विकास नगर एवं सेठ मोतीलाल खेरिया इंटर कॉलेज विष्णुपुरी कानपुर के परीक्षा केंद्रों में कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम ने निरीक्षण किया।

**अंग्रेजी पुल का मिटा निशान** | रमईपुर-जहानाबाद रोड पर 50 मीटर लंबा और 7 मीटर चौड़ा बनाया गया पुल, 50 टन का भार सहने की क्षमता

## दरगाहीलाल पुल तैयार, गाड़ियां भरने लगीं रफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रामगंगा नहर पर कानपुर को फतेहपुर से जोड़ने वाले पुल का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो गया है। यह पुल 50 मीटर लंबा और सात मीटर चौड़ा है। यहां पर वाहनों का आवागमन शुरू हो गया है। हालांकि अभी पुल की अप्रोच रोड पर थोड़ा कार्य बाकी है। जून माह के अंतिम सप्ताह या जुलाई माह में पुल का उद्घाटन हो सकता है। पुल निर्माण से कानपुर से बुंदेलखंड क्षेत्र में आवागमन आसान होगा।

रमईपुर से साढ़-जहानाबाद मार्ग पर रामगंगा नहर पर अंग्रेजों के शासन काल में एक पुल का निर्माण किया गया था, जिसको दरगाहीलाल पुल भी कहा जाता है। यह पुल करीब सौ साल तक वाहनों का लोड सहता रहा, लेकिन ओवरलोड ट्रकों व डंपरों की वजह से यह पुल धीरे-धीरे क्षतिग्रस्त हो गया। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने इस पुल को पहले तोड़ा और फिर बीते वर्ष नए पुल के लिए निर्माण कार्य शुरू किया, जिसका कार्य लगभग पूरा हो गया है। इसकी लागत चार करोड़ रुपये है। पुल की क्षमता करीब 50 टन भार की है। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अनूप कुमार के मुताबिक जल्द ही पुल का उद्घाटन कराया जाएगा।


रमईपुर-साढ़-जहानाबाद रोड पर तैयार हुआ पुल और उस पर दौड़ते वाहन। अमृत विचार

### पुल बनने से इन क्षेत्रों के लोगों को फायदा

- पुल का निर्माण होने से घाटमपुर, साढ़, रमईपुर, जहानाबाद, व अमौली गांव में रहने वाले हजारों लोगों को आवगमन में लाभ मिलेगा और उनको चार से पांच किलोमीटर दूर घूमकर नहीं जाना पड़ेगा। इसके अलावा इस पुल से वाहन सवार कानपुर होते हुए बिंदकी, फतेहपुर, कुंदौली, गंभीरपुर आदि क्षेत्रों में जा सकेंगे।

# गर्मी का कहर, 24 घंटे में 40 शव मिले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**210** शव मिले थे पिछले साल मई महीने में | **230** शव बरामद हुए थे जून 2024 में

- 15 शवों का हुआ पोस्टमार्टम अभी मर्च्युरी में रखे 25 शव
- तीन-चार दिन से लू की चपेट में आने से बढ़ रहीं मौतें

**अमृत विचार।** नौतपा खत्म होने के बाद अब सूरज तप रहा है। तीन-चार दिन से सुबह से ही सूरज की तपिश बदन को झुलसाने लगती है। दोपहर बाद की तपिश जानलेवा साबित हो रही है। बीते 24 घंटे में 40 मिले। लावारिस शवों का पोस्टमार्टम कराया गया, जबकि अज्ञात शवों को मर्च्युरी में रखा गया है। गुरुवार को 15 शवों का पोस्टमार्टम हुआ, जिनकी लू की चपेट में आने से मौत होने की आशंका जताई गई।

पोस्टमार्टम हाउस के कर्मचारियों के मुताबिक तीन-चार दिन से अज्ञात और लावारिस शवों के पहुंचने का सिलसिला तेज हुआ है। पहले प्रतिदिन तीन-चार लावारिस अथवा अज्ञात शव पहुंच रहे थे, लेकिन बीते तीन-चार दिन में इनकी संख्या दो-तीन गुना से अधिक हो गई है। तीन दिन से औसतन 10 अज्ञात शवों का पोस्टमार्टम रोज हो रहा है। इनमें अधिकांश की मौत लू की चपेट में आने से आशंका जताई जा रही है। पोस्टमार्टम हाउस अथवा मर्च्युरी पहुंचने वाले अधिकांश शव ऐसे लोगों के होते हैं, जो सड़क किनारे और झोपड़ियों में रहकर भोजन की तलाश में इधर-उधर घूमते रहते हैं। ऐसे लोग लू का शिकार हो रहे हैं। अकेले गुरुवार को पोस्टमार्टम और मर्च्युरी में शवों की संख्या 40 पहुंच गई, जिनमें से 15 शवों का ही विच्छेदन हो पाया। बाकी को शिनाख्त के लिए मर्च्युरी में रखा गया है। गुरुवार को शहर के 15 थाना क्षेत्रों में शव मिले, जिनकी उम्र 40 से 70 साल के बीच रही।

### इन थाना क्षेत्रों में मिला शव

- गुरुवार को गोविंदनगर, काकादेव, जाजमऊ, रेलबाजार, चकेरी, सचेंडी, गुजैनी, बर्रा, सजेती, अनवरगंज और फजलगंज क्षेत्र में लावारिस और अज्ञात शव मिले। पंचनामा में लू लगने की आशंका जताई गई है। शवों की हालत देखकर दो से तीन दिन के अंदर मौत होने की संभावना जताई जा रही है।

### गर्मी में दुर्गंध ने किया बेहाल

- दिन भर में दर्जन भर से अधिक अज्ञात व लावारिस शव पोस्टमार्टम हाउस पहुंचने से दुर्गंध भी फैल रही है, जिससे वहां पहुंचने वाले लोग बेहाल रहे। इस भीषण गर्मी में शव की हालत ठीक न होने से दुर्गंध ने पोस्टमार्टम के बाहर निकलने वालों को सांस लेना दूभर कर दिया है। पोस्टमार्टम हाउस के कर्मचारियों के अनुसार गर्मी में शव फूलने से दुर्गंध ज्यादा होती है। सबसे ज्यादा दुर्गंध दो-तीन दिन पुराने शवों में होती है।

### दो और शव मिले, लू लगने की आशंका

**कानपुर।** बुधवार की रात कल्याणपुर और फजलगंज क्षेत्र में फिर दो शव मिले। पुलिस ने प्रथमदृष्टया लू लगने की आशंका जताई है। आवास विकास-3 निवासी 55 वर्षीय श्याम बदन तिवारी दादानगर की एक फैक्ट्री में काम करते थे। उनके बेटे प्रसून ने बताया कि बुधवार रात साढ़े 8 बजे पिता डयूटी से निकले थे, लेकिन घर नहीं पहुंचे। देर रात तक खोजबीन के बाद कुछ पता नहीं चला। गुरुवार सुबह साढ़े पांच बजे पुलिस ने सड़क किनारे पड़े होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पत्नी कुमुद और बेटी जया बिलख पड़ीं। इसी तरह फतेहपुर जिले के गोपालगंज (कल्याणपुर) निवासी 40 वर्षीय राजू नौबस्ता में रहता था। उसके चाचा मुन्नीलाल ने बताया कि वह लोडर से आलू के बोरे चकरपुर मंडी पहुंचाता था। बुधवार रात वह चकरपुर से लौट रहा था, तभी विजय नगर चौराहा पर उसकी हालत बिगड़ गई और कुछ ही देर में मौत हो गई। पुलिस ने लू से मौत की आशंका जताई है।

# जम्मू-कश्मीर ट्रिप का 3.50 लाख ट्रैवल एजेंसी ने हड़पा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पीड़ित ने 24 से 30 अप्रैल तक टूर पैकेज प्लान का किया था भुगतान
- पहलगाम आतंकी घटना के बाद ट्रिप रद होने पर पैसे मांगने पर धमकी

**अमृत विचार।** पहलगाम में आतंकी हमले के बाद ट्रिप का 3.50 लाख रुपये ट्रैवल एजेंसी के निदेशक ने हड़प लिया। युवक ने एजेंसी निदेशक से कश्मीर ट्रिप का पैसा वापस करने को कहा तो पहले टालमटोल की, बाद में अभद्रता करते हुए जान की धमकी दी। पीड़ित युवक ने रुपये हड़पने की शिकायत पुलिस से की और कोहना थाने में ट्रैवेल एजेंसी के निदेशक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आर्यनगर क्षेत्र के आनंद वाटिका अपार्टमेंट में रहने वाले जगेश अग्रवाल के अनुसार उन्होंने जम्मू-कश्मीर का ट्रिप प्लान किया था। इसके लिए उन्होंने फोर ट्रैवल एजेंसी के निदेशक रवि चौहान से संपर्क किया। उन्होंने 24 से 30 अप्रैल का टूर पैकेज प्लान 3.50 लाख रुपये का बताया। रवि ने रुपये जमा करने को कहा तो उन्होंने चार बार में फोन पे के माध्यम से भुगतान कर दिया। इसी बीच पहलगाम में आतंकी घटना हो गई। जिसमें शहर का लाल शुभम भी आतंकियों की गोलियों का शिकार हुआ। जगेश के अनुसार अब रवि चौहान का कहना है कि अगर टूर प्लान रद होता है या कोविड व लॉकडाउन की स्थिति आती है तो पूरा पैसा वापस होगा। पहलगाम घटना के बाद गर्वमेंट ऑफ जम्मू-कश्मीर ने सभी टूरिस्ट सर्विस प्रोवाइडर को 29 अप्रैल को निर्देश दिए थे कि ट्रैवल एजेंटों ने जो बुकिंग का पैसा जमा किया है, उसे पूरा वापस कर दिया जाए। उसने रवि चौहान को फोन किया तो गाली-गलौज और धमकी दी। इंस्पेक्टर अवधेश कुमार का कहना है कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप


राजकीय विद्यालय चुन्नीगंज की प्रदर्शनी में विजय रूपाणी आए थे। फाइल फोटो

### चुन्नीगंज प्रदर्शनी में आए थे पूर्व सीएम विजय रूपाणी

**कानपुर।** अहमदाबाद प्लेन हादसे का शिकार हुए गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी पिछले वर्ष 22 सितंबर को कानपुर आए थे। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में भाग लिया था। वह दो दिन तक शहर में रुके थे और एक दर्जन से अधिक सेवा कार्यक्रमों में भाग लिया था। भाजपा नेताओं ने कहा कि विजय रूपाणी का निधन पार्टी परिवार के लिए बहुत बड़ी क्षति है, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। वह एक समर्पित नेता, कुशल प्रशासक और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्ध व्यक्तित्व थे। भाजपा कानपुर नगर की ओर से गुरुवार को आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई और शोक संतृप्त परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की गई। विमान हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी सहित सैकड़ों भारतीय एवं विदेशी नागरिकों के निधन पर भाजपा नेताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, सांसद रमेश अवस्थी, सांसद देवेंद्र सिंह भोले, जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित, शिवराम सिंह, उपेंद्र पासवान, महापौर प्रमिला पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष दीपू पांडे, अनूप अवस्थी आदि नेताओं ने प्रेस बयान जारी कर दुख प्रकट किया है। नेताओं ने कहा कि इस हादसे ने पूरे राष्ट्र को झकझोर दिया है। यह न केवल एक मानवीय त्रासदी है, बल्कि भारतीय राजनीति और समाज के लिए भी अपूरणीय क्षति है।



कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि देते व्यापारी। अमृत विचार

### कैंडल जलाकर दिवंगत यात्रियों को श्रद्धांजिल दी

**कानपुर।** अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में दिवंगत यात्रियों की आत्मा की शांति के लिए कैंडिल जलाकर श्रद्धांजलि दी और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। गुरुवार को विमान हादसे की खबर से हर कोई हतप्रभ है। आदर्श उद्योग व्यापार मंडल की ओर से कैंडिल जलाकर व्यापारियों ने ईश्वर से प्रार्थना किया कि प्रभू इन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें और घायल यात्रियों को जल्द से जल्द स्वस्थ करके उनके परिजनों के पास भेजें। संस्था अध्यक्ष हिमांशु पाल, उपाध्यक्ष संजय सचान, प्रदेश कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता, वंदना गुप्ता, विष्णु गुप्ता, ओंकार वर्मा, अरुण जौहरी, राजेश सिंघानिया, संजय कपूर, शिव सोनी, धर्मेंद्र गुप्ता, आर्थिक गुप्ता, रूपाली यादव आदि थे।


जीएसटी अधिकारी को ज्ञापन देते व्यापारी। अमृत विचार

### व्यापारियों ने जीएसटी अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

**कानपुर।** केस निस्तारण होने के बावजूद बकाया की आसी जारी करने पर व्यापारियों ने जीएसटी अधिकारियों को अपनी समस्या बताई। व्यापारियों ने मामले के पूरे अभिलेख के साथ अधिकारियों की लापरवाही को सामने लाया। इस दौरान व्यापारी नेताओं ने कहा कि इस तरह से जीएसटी अधिकारी व्यापारियों को लगातार परेशान कर रहे हैं। व्यापारियों साथ दिव्यांग व्यापारी भोलेंद्र गुप्ता भी मौजूद रहे। भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्रा ने पूरे मामले से संबंधित एक ज्ञापन भी दिया। ज्ञापन में व्यापारियों की अन्य समस्याएं भी शामिल रहीं। इस दौरान रोशन गुप्ता, विजय गुप्ता, संजय भदौरिया सहित अन्य मौजूद रहे।

### गोपाला चौराहे के पास घर में घुसा ट्रक, कार भी क्षतिग्रस्त

**कानपुर।** जूही के गोपाला चौराहा के पास बुधवार देर रात तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर एक घर में जा घुसा। जिससे एक कार और ट्रैफिक पोल क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रक चालक मामूली घायल हो गया। गुरुवार दोपहर बाद क्रेन की मदद से ट्रक को हटवाया गया। ट्रक मालिक ने नुकसान की भरपाई का आश्वासन दिया। इस पर पुलिस को कोई कार्रवाई नहीं की। ट्रक राशन कोटेदार की दुकान पर राशन उतारने के बाद परमपुरवा से गाड़ी का वजन जा रहा था। इस दौरान एक तेज गति पिकअप को बचाने में ट्रक अनियंत्रित होकर घर में घुस गया। ट्रक उन्नाव निवासी चालक लवकुश चला रहा था। वह मामूली घायल है। घटना में ट्रैफिक पोल के अलावा जितेंद्र शुक्ला की कार और अरुण अग्रवाल के घर का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है। जूही थाना प्रभारी मनोज मिश्रा ने बताया कि घटना में कोई तहरीर नहीं मिली है। पता चला कि दोनों पक्षों में समझौता हो गया है।

## एक नजर

### भूले बिसरे गीत याद आए

**कानपुर।** मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश की कल्चरल कमेटी ने डॉ.गौर हरि सिंघानिया की जयंती मनाई। मर्चेंट चैंबर सभागार में 'भूले-बिसरे गीत' मधुर गीतों की संगीतमय शाम' का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में मर्चेंट्स चैम्बर के पूर्व अध्यक्ष डॉ. इंद्र मोहन रोहतगी, अनिल अग्रवाल, एके सराओगी, प्रेम मनोहर गुप्ता ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में सबसे पहले हमारी भारतीय सेना को समर्पित करते हुए अरुण दास-वर्षा दास ने 'मांगो का सिन्दूर न बिगड़े गाने पर प्रस्तुति देते हुए कार्यक्रम का आगाज किया। समृद्धि ने 'सत्यम शिवम सुंदरम, कपिल शर्मा ने 'फिर वही शाम वही दिन सहित अन्य गीत प्रस्तुत किए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में में डॉ जेएन गुप्ता, विजय पांडे, बासु जैन, अक्षय गुप्ता, विश्वनाथ गुप्ता, गुलशन धूपर, तथा मर्चेंट्स चैम्बर के सदस्य सपरिवार उपस्थित रहे।

### डिप्टी सीएम को सौंपा पत्र

**कानपुर।** स्वर्गीय श्याम बिहारी मिश्रा स्मृति समिति के सदस्यों ने गुरुवार को समर्थन जुटाया। समिति के सदस्य चुन्नीगंज में स्मार्ट सिटी योजना के तहत बन रहे कन्वेंशन सेंटर का नामकरण पूर्व सांसद पंडित श्याम बिहारी मिश्रा के नाम से कराए जाने की मांग को लेकर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को पत्र सौंपा। उपमुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि इसके लिए हर संभव प्रयास करूंगा। इसी तरह समिति ने गोविंदनगर विधायक सुरेंद्र मैथानी को भी पत्र सौंपा। प्रतिनिधि मंडल में रामदेव शुक्ला, सुनील बजाज, कृपाशंकर त्रिवेदी, सुरेश गुप्ता खादी, संजय गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### किसानों को दी जानकारी

**कानपुर।** भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान कानपुर की ओर से विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान पांच जिलों कानपुर देहात, कन्नौज, इटावा, औरैया, फतेहपुर में चलाया गया, जिसमें 17 वैज्ञानिकों की टीमों ने 675 गांवों के लगभग 75 हजार किसानों से सीधा संवाद किया। गुरुवार को संस्थान के निदेशक डॉ. जीपी दीक्षित ने बताया कि किसानों के संवाद के दौरान विशेषज्ञों ने दलहन की नवीनतम तकनीकियों के बारे में जानकरी साझा की। उन्होंने बताया कि बीकनेर (राजस्थान), धारवाड़ (कर्नाटक) और खोरधा (ओडिशा) के वैज्ञानिकों ने किसानों से संवाद किया।

# गंगा में नहाते समय मौसा-भतीजा डूबे

## गंगाबैराज के पास कल्लूपुरवा घाट पर हुआ हादसा, तीन घंटे खोजबीन के बाद बरामद हुए शव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


रोती-बिलखतीं विनोद के परिवार की महिलाएं। अमृत विचार


विनोद कुमार।


वरुण।

- पिता और भाई को बचाने में बालक भी डूबने से बचा
- पंचनामा कर पुलिस ने बालक का शव घरवालों को सौंपा

**अमृत विचार।** गंगाबैराज के कल्लूपुरवा घाट पर गुरुवार सुबह नहाते समय 12 वर्षीय बालक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसे डूबता देख समीप ही स्नान कर रहे मौसा ने बचाने का प्रयास किया तो वह भी गहरे पानी में आकर फंस गए। दोनों की डूबने से मौत हो गई। गंगा में डूबे युवक का बेटा भी नहा रहा था और वह गंगा की धारा में फंसकर डूबने लगा, लेकिन किसी तरह उसने अपनी जान बचा ली। वह चीखा तो मौजूद गोताखोरों ने पुलिस को सूचना देकर डूबे मौसा और भतीजे की तलाश शुरू की। तीन घंटे मशक्कत के बाद शवों को बाहर निकाला गया। खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। घरवालों के आग्रह पर पुलिस ने बिना पोस्टमार्टम बालक का शव सुपुर्द कर दिया।

नवाबगंज के परमियापुरवा निवासी 41 वर्षीय विनोद कुमार पेशे से राजमिस्त्री था। परिजनों के अनुसार विनोद अक्सर गंगा स्नान करने जाता था। गुरुवार की सुबह 5:30 बजे वह गंगाबैराज के कल्लूपुरवा घाट पर अपने बेटे अनिकेत और नौबस्ता के रहने वाले साढ़ू देव कुमार के 12 वर्षीय बेटे वरुण के साथ गंगा स्नान करने गया था। घाट पर मौजूद लोगों के अनुसार तीनों गंगा में नहाने उतरे थे। सबसे पहले वरुण पानी नहाते समय गहरे पानी में चला गया।

तेज बहाव की चपेट में आकर वह डूबने लगा। वरुण को बचाने के लिए विनोद गहराई में उतरा तो दोनों डूबने लगे। अनिकेत ने पिता व मौसेरे भाई को डूबता देखकर बचाने की कोशिश की, लेकिन वह भी डूबने लगा। इस पर उसने किसी तरह अपने हाथ-पैर मारकर खुद की जान बचाई। अपने सामने पिता और भाई को डूबता देखकर वह रोने-बिलखने लगा। इसी बीच घाट पर मौजूद गोताखोर दौड़े और कोहना पुलिस को सूचना दी।

खबर पाकर कोहना इंस्पेक्टर अवधेश कुमार मौके पर पहुंचे। करीब आधा दर्जन से ज्यादा गोताखोरों की मदद से गंगा में डूबे युवक और बालक की तलाश शुरू कराई। करीब तीन घंटे बाद दोनों शव कुछ दूर आगे मिले। परिवार ने पहले पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। पुलिस के समझाने पर युवक के परिजन राजी हुए। वहीं बालक का शव बिना पोस्टमार्टम पुलिस ने परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने पंचनामा भरने की कार्यवाही की। घाट पर मौजूद विनोद की पत्नी सीमा और बेटा अनिकेत व ओम रो-रोकर बेहाल रहे। नाते-रिश्तेदार उन्हें ढांढस बंधाने का प्रयास करते रहे।

### मैं पापा को बचा नहीं पाया

- घाट पर पिता का शव मिलने तक मौजूद रहा अनिकेत परिजनों से लिपटकर रोता रहा और बोला, मैं पापा को नहीं बचा पाया। वह मेरे सामने डूब रहे थे। पहले लगा पापा, भाई को बचाकर निकल आएंगे, लेकिन दोनों लोग डूबने लगे। मैंने बचाने की कोशिश की, लेकिन तेज बहाव की वजह लौट आया और लोगों से मदद मांगी। तब तक दोनों लोग पानी में डूब गए। पुलिस, परिजन और घाट पर मौजूद लोग अनिकेत को ढांढस बंधाते रहे, लेकिन उसकी आंखों से आंसू नहीं रुक रहे थे।

# कमाई का लालच दे 90 हजार हड़पे

**कानपुर।** किदवईनगर में इंस्टाग्राम में टास्क से मोटी कमाई का लालच देकर साइबर ठग ने महिला से 90 हजार रुपये ठग लिए। ठगी का एहसास होने पर पीड़िता ने पुलिस से शिकायत कर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जूही लाल कालोनी की सायमा नाज ने तहरीर में बताया कि उन्होंने फेसबुक में एक पोस्ट में टास्क पूरा कर मोटी कमाई की बात लिखी थी। लिंक क्लिक करने पर खुल गया। दूसरे लिंक पर क्लिक करने से इंस्टाग्राम खुला। उस पर टास्क दिया गया था, जिसे पूरा करने पर कुछ मुनाफा हुआ। फिर टास्क पूरा करने के नाम पर 90 हजार रुपये कट गए। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

# शहर के 8 मेधावी सीएम के हाथों सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


छात्र को प्रशस्ति पत्र देते जिलाधिकारी और सांसद। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बोर्ड परीक्षा में बेहतर अंक लाने वाले मेधावियों को गुरुवार को सम्मानित किया गया। शहर के सभी बोर्ड के 8 मेधावियों को सीएम ने लखनऊ में सम्मानित किया। इसी तरह जिलास्तर पर 18 मेधावी सम्मानित हुए। मेधावियों को बेहतर परिणाम के लिए लक्ष्य निर्धारण कर लक्ष्य को हासिल करने की सीख दी गई।

माध्यमिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश जिला कानपुर नगर की ओर से वर्ष 2025 में विभिन्न बोर्डों से हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट समकक्ष परीक्षा में उत्तीर्ण मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान किया गया। लखनऊ में हुए सम्मान समारोह को सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में सजीव प्रसारण के जरिए देखा गया। इस दौरान नवीन सभागार में भी मेधावियों को सम्मानित किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद रमेश अवस्थी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में जिलाअधिकारी जेपी सिंह ने मेधावियों को लक्ष्य निर्धारण के टिप्स भी दिए। कार्यक्रम के दौरान 18 छात्र/छात्राओं को 21 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि, टैबलेट एवं प्रशस्तिपत्र प्रदान किया गया।

### शहर में ये छात्र हुए सम्मानित

कार्यक्रम में कक्षा 10 के मेधावी छात्र-छात्राओं आदर्श कुमार, गगन प्रजापति, आदर्श कुमार, आदर्श यादव, अंशुल, अर्नव तिवारी, आयुष, सोनिका यादव और आदर्श यादव और कक्षा 12 के शगुन गुप्ता, रोहित पाल, हर्षित पाल, सत्येंद्र कुमार, इशिका श्रीवास्तव, शौर्य अवस्थी, शिव प्रताप, सौरभ पाल, नैतिक साहू को पुरस्कृत किया गया।

### सीएम ने इन्हें किया सम्मानित

शहर के 8 मेधावियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में सम्मानित किया। लखनऊ में सम्मानित होने वाले मेधावियों में स्पर्श सक्सेना, आरोही वर्मा, युवराज सिंह, स्वर्णिम कुशवाहा, श्रद्धा दीक्षित, दिव्या अवस्थी, जीविका श्रीवास्तव व निशांत सचान शामिल रहे।

**गजब हाल है** 60 यात्रियों के लिए दो कूलर लगाकर बनाया गया राहत का अड्डा, सूरज की तपिश में टीनशेड के भीतर ठहरना आसान नहीं

# झकरकटी बस अड्डे पर टीनशेड में कूलिंग प्वाइंट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


झकरकटी बस अड्डे पर बनाया गया कूलिंग प्वाइंट। अमृत विचार


बस अड्डा के अंदर धूप में खड़ी बस के पास यात्री। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हद हो गई, कहीं ऐसे भी यात्रियों को कोई राहत देता है, भीषण गर्मी में रेगिस्तान से ज्यादा तप रहे शहीद मेजर सलमान खान अंतर्राज्यीय झकरकटी बस अड्डे पर धूप में खड़ी बस पर घंटों बैठकर उसके चलने का इंतजार करते रहते हैं। छोटे-छोटे बच्चे बिलखते रहते हैं। नगर निगम ने यात्रियों को सहूलियत देने के लिए कूलिंग प्वाइंट तो बना दिया है, लेकिन झुग्गी झोपड़ी की तर्ज पर टीनशेड के नीचे बने कूलिंग प्वाइंट पर यात्रियों को गर्मी से कितनी राहत मिलेगी, यह बताने की जरूरत नहीं है।

झकरकटी बस अड्डे पर कोई प्लेटफार्म नहीं है। सारी बसें धूप में खड़ी होती हैं। दोपहर में सबसे ज्यादा रायबरेली, प्रतापगढ़, प्रयागराज, फतेहपुर, सुल्तानपुर, हरदोई, गोंडा, बहराइच, बस्ती, अयोध्या, गोरखपुर आदि जगहों के लिए बसें निकलती हैं, लेकिन ये बसें तभी रवाना होती हैं, जब इन बसों में 15 से 20 यात्री हो जाते हैं। भीषण गर्मी में एक-एक यात्री के लिए मारामारी है।

भीषण गर्मी में यात्रियों को सहूलियत देने के लिए बस अड्डे पर एक झुग्गी झोपड़ी की तर्ज पर कूलिंग प्वाइंट बनाया गया है। इस कूलिंग प्वाइंट में 30 बेड पड़े हैं और एक बेड पर 2 यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था है। यह कूलिंग प्वाइंट टीनशेड के नीचे है, जिससे आप अंदाजा लगा सकते हैं कि टीनशेड यात्रियों को कितना आराम दे सकता है। इस कूलिंग प्वाइंट में दो तरफ दो कूलर लगा दिए गए हैं और कूलिंग प्वाइंट बनकर तैयार है।

> सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों को पत्र लिखा गया है कि वे अपने चालकों, परिचालकों को हिदायत दें कि बस अड्डा के अंदर बसें लेकर आएं। बस अड्डा के बाहर ही सवारी भरने या उतारने वाले बस चालक, परिचालक के निलंबन की संस्तुति की जाएगी।
>
> -पंकज तिवारी, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, झकरकटी बस अड्डा

### सड़क पर ही भरते सवारी लगता भीषण जाम

- झकरकटी बस अड्डा की व्यवस्था संभालने वाले नाकाम हो गए हैं। बस चालक, परिचालक उन्हें जैसे मुंह चिढ़ा रहे हैं। 90 प्रतिशत बसें अड्डे के अंदर नहीं आ रही हैं, बल्कि बाहर ही सवारियां उतारकर वहीं भर रही हैं, जिससे भीषण जाम लग रहा है। भीषण गर्मी में टाटमिल चौराहा से झकरकटी पुल तक सैकड़ों वाहन फंसे रहते हैं। खास बात यह है कि परिचालक काउंटर पर जाते हैं और बस की इंट्री कराने के बाद सड़क पर खड़ी बस के लिए सवारी तलाशने लगते हैं।

# शबद कीर्तन संग अरदास मिस्सी रोटी के साथ अचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- श्री गुरु हरगोबिंद साहिब का प्रकाश पर्व मनाया गया
- रागी जत्थों ने संगत से किया निहाल, लस्सी भी पिलाई

**अमृत विचार।** श्री अकाल तख्त साहिब के संस्थापक श्री गुरु अर्जन देव जी के सुपुत्र एवं सिखों के छठे गुरु श्री गुरु हरगोबिन्द साहेब जी की याद में रागी जत्थों ने शबद कीर्तन से संगतों को निहाल किया। मिस्सी रोटी और अचार का प्रसाद छका।

गुरुवार को श्री गुरु नानक सत्संग सभा किदवई नगर में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जुल्म के खिलाफ उठ खड़े होने की शुरुआत करने वाले छठें गुरु श्री गुर हरगोबिंद साहिब का प्रकाश पर्व प्रकाश बड़े ही श्रद्धा भाव से मनाया गया। ज्ञानी रनवीर सिंह ने संगत को बताया कि पांचवें गुरुओं तक जुल्म का मुकाबला सब्र से किया गया, लेकिन छठे गुरु गुर हरगोबिन्द ने भगती ओर शक्ति -मीरी-पीरी की दो तलवारें एक साथ ग्रहण की और जुल्म के खिलाफ खड़े होकर शक्ति से मुकाबला किया। गौतम सिंह सहारनपुर वालों ने शब्द हरगोबिन्द नवां निरोवा धार किरपा पृभ हाथ दे राखिया, माता की असीस पूता माता की असीस सुनाया। अरदास के बाद मिस्सी रोटी प्रसाद, अचार, प्याज व नमकीन लस्सी संगत ने पंगत में बैठकर लंगर छका। मुख्य रूप से प्रिंस वासू, मनजीत सिंह चड्ढा, अवतार सिंह भाटिया, राजिंदर सिंह नीटा, टोनी कालरा, सुरजीत सिंह चड्ढा, कुलजीत सिंह बिंद्रा, जसपाल कौर ओबेरॉय,जीत कौर बिंद्रा,आशू गांधी, राजिंदर सिंह सेठी, बलविंदर सिंह, मंजीत ठुकराल,मंगे भाटिया, राजिंदर सिंह चड्ढा मौजूद रहे।

# दुष्कर्म का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में हुआ गिरफ्तार

## आरोपी ने पुलिस पर देशी तमंचे से की फायरिंग

संवाददाता घाटमपुर



दुष्कर्म के आरोपी को लेकर जाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** घाटमपुर में दो दिन पूर्व छह वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी देर रात रामसारी रोड पर घाटमपुर पुलिस से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने आरोपी युवक को देर रात घाटमपुर सीएचसी लेकर पहुंची। वहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर उसे कानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस अभिरक्षा में युवक का उपचार जारी है।

घाटमपुर एसीपी कृष्णकांत यादव ने बताया कि पुलिस कि टीमें बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी युवक कल्लू उर्फ शिवम की तलाश में लगी हुई थीं। पुलिस को देर रात सूचना मिली कि कल्लू रामसारी रोड के रास्ते भीतरगांव की ओर जा रहा है। पुलिस की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंची। आरोपी ने पुलिस को देखकर देशी तमंचे से पुलिस पर फायर कर दिया। यह देखकर पुलिस ने भी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की इससे युवक के पैर में गोली लग गई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया और घाटमपुर सीएचसी लेकर पहुंची। वहां पर मौजूद डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर युवक को कानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। घाटमपुर एसीपी कृष्णकांत यादव ने बताया कि मुठभेड़ में दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अभिरक्षा में आरोपी युवक का कानपुर के हैलट अस्पताल में उपचार जारी है। जल्द ही उसे न्यायालय में पेशकर जेल भेजा जाएगा।

- **पुलिस की फायरिंग में आरोपी के पैर में लगी गोली**

# अहमदाबाद प्लेन हादसे पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता,कानपुर

**अमृत विचार।** अहमदाबाद में विमान दुर्घटना की खबर मिलते ही कानपुर महानगर कांग्रेस ने भी इस दुखद घटना पर शोक और दुख प्रकट करते हुए मृतकों की आत्मा की शांति के लिए तिलक हाल ने कैंडिल जलाईं और दो मिनट का मौन रखा।

गुरुवार को तिलक हाल में कानपुर महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री समेत सैकड़ों की मौत की खबर से पूरा देश स्तब्ध और दुखी है। कांग्रेस इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ है जो दृश्य सामने आए हैं वे बेहद पीड़ाजनक हैं। तिलक हाल में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी प्रार्थना की गई। इस मौके पर हर प्रकाश अग्निहोत्री, शंकरदत्त मिश्रा, नदीम सिद्दीकी, संजय दीक्षित, उमाशंकर तिवारी, रितेश यादव, राम चंदर गुप्ता, शांतनु दीक्षित, राजू कश्यप, अमिताभ मिश्रा, रामजी दुबे, आशुतोष शुक्ला, शाइना खान, रवि बाजपई, सजल तिवारी, मुन्ना खान आदि रहे।

## मारपीट करने पर दंपती के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**चौबेपुर।** क्षेत्र के कांशीराम निवादा गांव में खेत की जुताई करने गये किसान व उसकी पत्नी के साथ मारपीट की गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। क्षेत्र के कांशीराम निवादा निवासी जयपाल सिंह ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि 8 जून को दोपहर करीब 11:00 बजे वह अपने ट्रैक्टर से खेत की जुताई कर रहे थे। तभी गांव के जयचंद व उसकी पत्नी रिंकी मौके पर पहुंच गए। दंपती ने ट्रैक्टर को रुकवा कर उसे नीचे उतारा और गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारा पीटा। इस दौरान बचाव के लिए दौड़ी उसकी पत्नी मिथलेश को भी उक्त लोगों ने जमकर पीटा। मारपीट में दोनों को चोटें आईं। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह राठौर ने बताया कि मारपीट की घटना में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# नीम के पेड़ से लटका मिला किसान का शव

संवाददाता घाटमपुर

- **पत्नी से कई दिनों से चल रहा था घरेलू विवाद**
- **घर से 100 मीटर दूर पेड़ से लटक कर दी जान**



घटनास्थल में गमगीन बैठे ग्रामीण और परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** घाटमपुर के सजेती थाना क्षेत्र के अंतर्गत मवई भक्छन गांव में गुरुवार सुबह 50 वर्षीय उजियारी लाल नागर का शव उनके घर से सौ मीटर की दूरी पर एक नीम के पेड़ पर लटकता मिला। पेड़ से शव लटका देखकर वहां पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई और परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच कर पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए कानपुर भेज दिया।

सजेती के मवई भक्छन गांव निवास उजियारी लाल का अपनी पत्नी उर्मिला से कई दिनों से घरेलू विवाद चल रहा था। बुधवार शाम को विवाद की सूचना पर डायल 112 भी मौके पर पहुंची थी। रात में उजियारी लाल घर के बाहर चारपाई पर सो रहा था। रात करीब दो बजे वह घर से निकल गया और घर से कुछ दूरी पर जाकर उसने नीम के पेड़ से लटक कर फांसी लगाकर जान दे दी। उजियारी लाल के 4 बेटे और 3 बेटियां हैं। इनमें से दो बेटे और दो बेटियों की शादी हो चुकी है। इस घटना से पत्नी उर्मिला और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## मानसिक रूप से बीमार महिला ने लगाई फांसी

**चौबेपुर।** क्षेत्र के भिंडुरी गांव में गुरुवार शाम मानसिक रूप से बीमार महिला ने पेड़ के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। क्षेत्र के भिंडुरी गांव निवासी जाकिर फर्नीचर का काम करते हैं। चौबेपुर में बंदी माता तिराहे के पास नई बाजार में उनकी फर्नीचर की दुकान है। परिवार में पत्नी जीनत (45) के अलावा दो छोटी छोटी बेटियां व एक बेटा है। बताया गया है कि जीनत मानसिक रूप से बीमार थी, जिसका उपचार भी चल रहा था। गुरुवार को जाकिर अपनी दुकान पर था तभी मौका पाकर जीनत ने गांव के सामने रेलवे लाइन पार एक नीम के पेड़ के सहारे फांसी लगा ली। शाम करीब 5:00 बजे महिला को फंदे पर लटका देख ग्रामीणों ने मामले की जानकारी उसके परिजनों को दी। जिसके बाद घटना की सूचना थाना पुलिस को दी गई। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह राठौर ने बताया कि परिजनों से की गई बातचीत में मालूम हुआ है कि महिला मानसिक रूप से बीमार थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## सार-संक्षेप



सुंदरकांड का पाठ करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### सुंदरकांड में लगे जयकारे

**कानपुर।** समाचार पत्र वितरक समाज के महामंत्री राज कुमार पाण्डेय के निवास में सुंदरकांड का पाठ आयोजित हुआ। इस दौरान भक्तों ने उत्साहित होकर वीर हनुमान के जयकारे लगाए। कार्यक्रम के दौरान भक्तों को प्रसाद रूपी भंडारा भी वितरित किया गया। बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रभु का प्रसाद रूपी भंडारा ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान मोनू पंडित, अशोक तिवारी, वीरेंद्र मिश्रा, अप्पू मिश्रा, जीतू सिंह, हरिओम, आशीष पाण्डेय, अतुल मिश्रा, सुमित तिवारी व राजू अपना मौजूद रहे।



लोगों को खाद्य सामग्री बांटते सांईकथा वाचक शुभ्रम बहल अमृत विचार

### खाद्य सामग्री और शीतल पेय पाकर खिले चेहरे

**कानपुर।** भीषण गर्मी से राहत के लिए वासुदेव साईं विश्व सेवा संस्थान की ओर से आर्यनगर स्थित प्राचीन साईं कृपा मंदिर के बाहर साईकथा वाचक शुभ्रम बहल ने जरूरतमंद लोगों को खाद्य सामग्री और शीतल पेय का वितरण किया। सायंकालीन सत्संग में उन्होंने कहा कि प्यासे को पानी पिलाने और भूखे को भोजन करवाने से साईंनाथ प्रसन्न होते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को जलदान, अन्नदान, छाता दान करना चाहिए।

### ओवर ब्रिज के नीचे पड़ा मिला अज्ञात युवक का शव

**घाटमपुर।** घाटमपुर में गुरुवार को दोपहर कानपुर सागर हाईवे में ओवर ब्रिज के नीचे एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। यह देखकर वहां पर लोगों की भीड़ इक्ट्ठा हो गई। लोगों ने इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पर पहुंचे कस्बा चौकी इंचार्ज शैलेंद्र सिंह द्वारा स्थानीय लोगों से युवक के शव की शिनाख्त कराने प्रयास किया गया। परंतु शव का शिनाख्त नहीं हो सकी।

### सर्पदंश से विवाहिता की गई जान

**बिल्हौर।** ककवन थाना क्षेत्र के हालामऊ गांव में बुधवार सुबह करीब 11 बजे झोपड़ी में काम कर रही सोमवती 45 पत्नी उदयवीर को एक जहरीले सांप ने पैर में डस लिया। महिला को प्राथमिक उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां से उसे हैलट रेफर किया गया लेकिन रास्ते मे ही महिला की मौत हो गई। सोमवती अपनी झोपड़ी में कुछ घरेलू काम कर रही थीं। तभी एक सांप उनके पैर में डस लिया। सांप के डसने के बाद सोमवती दर्द से चीख उठीं, उनकी चीख सुनकर परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे और देखा कि उनके पैर से खून निकल रहा था। तत्काल परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से सोमवती को पास के स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां से उसे कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया लेकिन रास्ते में ही महिला की मौत हो गई।

# जिला जेल में ओपन जिम खुला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



जेल में खाने की जांच करते जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह। अमृत विचार

- **बोर्ड ऑफ विजिटर्स ने जिला कारागार का किया निरीक्षण**
- **डीजे और डीएम ने अस्पताल कैंटीन, बैरक का देखा हाल**

**अमृत विचार।** जिला जज और जिलाधिकारी ने गुरुवार को जिला जेल का त्रैमासिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। जिला जज चवन प्रकाश ने कारागार में निरुद्ध जमानत प्राप्त विचाराधीन बंदियों की रिहाई के लिए जेल अधीक्षक व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव को जरूरी कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके बाद अस्पताल, कैंटीन, पुरुष व महिला बैरक, कैदियों के पुनर्वास से जुड़े कार्य देखे। डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह ने कैदियों के जॉबवर्क में बनी चुनरी देखी।

जिला जज व जिलाधिकारी ने अस्पताल में भर्ती मरीजों के इलाज की जानकारी ली। कैदियों की जमानत में सहूलियत के लिए लीगल एंड डिफेंस काउंसिल को निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान रोटी बनाने की मशीन, आटा गूंथने की मशीन को अधिकारियों ने चालू कराकर देखा, जिससे पता चले कि चालू है या नहीं। जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि कैंटीन में खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता के मानकों का पालन किया जाए। कैंटीन में लगे बोर्ड को स्पष्ट व प्रदर्शित करने लायक रखे।

निरीक्षण में मौजूद बीएसए को निर्देश दिए कि महिला कैदियों के साथ रह रहे बच्चों की पढ़ाई के लिए जरूरी कदम उठाएं। जिला जज ने ओपन जिम का उद्घाटन किया। निरीक्षण के समय अपर जिला जज कमलेश कुमार मौर्य, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूरज मिश्रा, न्यायिक मजिस्ट्रेट कक्ष संख्या 8 मनीषा गुप्ता, डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता, बीएसए सुरजीत कुमार सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयदीप सिंह, डीआईओएस अरुण कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी शिल्पी सिंह, जेल अधीक्षक बीडी पांडेय, जेलर अनिल कुमार आदि रहे।

## युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**घाटमपुर।** घाटमपुर कुशमांडा नगर निवासी 35 वर्षीय छोटे उर्फ राजन घाटमपुर कस्बा निवासी ट्रक चालक दिलीप गुप्ता के साथ ट्रक में क्लीनर था।

गुरुवार दोपहर वह चालक संग लखनऊ से मौरंग बेचकर घाटमपुर लौट रहा था। चालक ने बताया कि उन्नाव के पास एक ढाबे पर दोनों ने खाना खाया। इसके बाद राजन केबिन में पिछली सीट पर सो गया। रामादेवी के पास उसने राजन को कई बार आवाज दी, लेकिन वह नहीं उठा। बिनगवां मौरंग मंडी के पास उसने ट्रक रोकर उससे हिलाया तो कोई हरकत न होने पर सीधे बिधनू सीएचसी ले गया। सीएचसी में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंचे राजन के स्वजन ने हंगामा करते हुए चालक को पीटना शुरू कर दिया। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर स्वजन को शांत कराया।

# किशोरी को भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज

**चौबेपुर।** क्षेत्र के एक गांव मे किशोरी को बहला फुसला कर भगा ले जाने का मुकदमा पीड़िता द्वारा पुलिस में दर्ज कराया गया है। पुलिस ने भी मामला दर्ज कर आरोपी की खोजबीन शुरू कर दिया है। क्षेत्र निवासी पीड़िता ने पुलिस को दिये शिकायती पत्र मे बताया है कि गत 31 मई को उसकी 14 वर्षीय बेटी घर मे अकेली थी। तभी गांव का रिंकू अपने पिता बब्बन, पत्नी पप्पी व बहन काजल के साथ घर पर आया और बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ भाग ले गया। इस दौरान बेटी घर में रखें 25 हजार रुपये और जेवरात भी साथ ले गई।

**कार्यालय ग्राम पंचायत- मुड़गांव वि0ख0-मोहम्मदाबाद जनपद- फर्रुखाबाद**

पत्रांक मेमो/ ग्रा0पं0/राज्य वित्त । पन्द्रहवां वित्त / पचमं वित्त वित्तिय वर्ष 2025–26 दिनांक: 12–06–2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत मुड़गांव वि0खं0– मोहम्मदाबाद जनपद–फर्रुखाबाद द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यो पर सामाग्री व अन्य आपूर्ती हेतु निम्न लिखित विवरण अनुसार रजिस्टर्ड निविदा दाताओं से सील बन्द लिफाफे में निविदा आमन्त्रित की जाती है।

निविदा 13–6–2025 से 18–6–2025 तक अपरान्ह 3.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है जो कि दिनांक 19–6–2025 को अपरान्ह 4.00 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0प0 कार्यालय से 500.00 रू0 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क0 सं0 | कार्य का नाम | सामग्री लागत | जमानत राशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1– | इन्टरलाकिंग व नाली निर्माण नारायन प्रसाद के घर से कशमीर के घर तक | 324738.00 | 2 प्रतिशत | 500.00 |

**श्री राम नरायन**
**प्रधान**

**संजय संक्सेना**
**ग्राम पंचायत अधिकारी**

ग्राम पंचायत– मुडगांव, वि0ख0–मोहम्मदाबाद, जनपद– फर्रुखाबाद

## पति ने पत्नी की गर्दन पर मारा फावड़ा

**बिल्हौर।** ककवन थाना क्षेत्र के नदीहा बुजुर्ग गांव में गुरुवार को देर शाम पति-पत्नी के विवाद में पति ने पत्नी की गर्दन पर फावड़ा से हमला कर दिया। गुरुवार की शाम लगभग 7:30 बजे बराती लाल शराब पीकर घर आया और अपनी पत्नी रूबी 31 से विवाद करते हुए मारपीट करने लगा। इसी बीच किसी बराती लाल ने फावड़े से पत्नी पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल होकर गिर पड़ी। पत्नी के घायल होने के बाद पति बराती लाल मौके से भाग निकला। मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत ही महिला को शिवराजपुर सीएससी में भर्ती कराया है जहां पर हालत नाजुक होने पर उसे कानपुर हैलट भेज दिया गया। थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुप्ता ने बताया कि महिला की हालत नाजुक है।

# बार और बेंच में हो समन्वय

संवाददाता घाटमपुर



मुख्य अतिथि को प्रतीक चिह्न देते आयोजक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गुरुवार को तहसील स्थित अधिवक्ता भवन में घाटमपुर बार एसोसिएशन के शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सभी सदस्यों को शपथ दिलाकर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

बार एसोसिएशन के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सिविल जज जूनियर डिवीजन घाटमपुर धर्मेन्द्र सिंह यादव व विशिष्ट अतिथियों व मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरिओम सचान की उपस्थिति में घाटमपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील कुमार तिवारी, महामंत्री राजेश कुमार यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार शर्मा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अभिषेक सचान, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार दीक्षित, मंत्री श्रवण कुमार सिंह, संयुक्त मंत्री प्रकाशन राजेश कुमार पाल, संयुक्त मंत्री प्रशासन शरद सिंह, संयुक्त मंत्री पुस्तकालय पवन तिवारी, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य नरेंद्र कुमार, मनीष कुमार, विकास पाल व कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य विवेक खरे, सर्वेश कुमार, पुष्पेंद्र सिंह ने शपथ ली। इस दौरान सिविल जज जूनियर डिवीजन धर्मेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि बार और बेंच में समन्वय रहना चाहिये ताकि लोगों को सही समय पर और उचित न्याय मिल सके। इस दौरान बार के पूर्व पदाधिकारी अधिवक्तागण शिव सिंह परमार, राम प्रकाश भदौरिया आदि रहे।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपना नाम MO SHARUKH से बदल कर MOHD SHARUKH रख लिया है अब भविष्य में मुझे इसी के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O- AZAD ALI R/O-PURE RAMDEV NARHARPUR POST KOHDAUR, PRATAPGARH

**सूचना**

सूचित हो कि श्री प्रकाश पुत्र रामनरेश का आधार कार्ड बना हुआ है आधार कार्ड नंबर 219049 4345 97 है। वहीं इसी आधार नंबर पर विजय कुमार पुत्र रामनरेश के नाम से दूसरा आधार भी बना हुआ है। दोनों नाम के गांव में एक ही व्यक्ति हैं और आधार नंबर भी एक है। अब श्री प्रकाश के नाम से जाना जाए। **श्री प्रकाश उर्फ विजय कुमार पुत्र रामनरेश, निवासी– ग्राम परसा अगैया पोस्ट हाड़ा बसेहरी तहसील नानपारा बहराइच**

**सूचना**

मैं **सत्यवती पत्नी स्व0 शत्रोहन लाल वर्मा निवासी म0 न0 बी0पी0एल0 2272 जसवन्तनगर, ककरहिया थाना कोतवाली नगर तहसील नवाबगंज जिला बाराबंकी।** एक वृद्ध महिला है जो चलने फिरने में असमर्थ है उसका पुत्र शिव राज वर्मा व बहू रूचि उसको खाना पीना नहीं देता और आये दिन शराब पीकर आता है और भद्दी–भद्दी गालियां देते हैं और मारते पीटते हैं और कहते हैं कि उक्त मकान हमारे नाम कर दो नहीं तो तुम्हे जान से मार देगें। अतः मैं अपने पूरे होशोहवास में अपनी चल अचल सम्पत्ति से अपने पुत्र शिव राज वर्मा व बहू रूचि वर्मा को बेदखल करती हूँ अगर किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना मेरे साथ घटित होती है तो उसकी सारी जिम्मेदारी पुत्र शिव राज वर्मा व बहू रूचि की होगी।

**सूचना**

मैं **जेबा नाहिद अब्बासी पत्नी स्व0 रजीउद्दीन अब्बासी निवासी ग्राम बाबूपुर पो0 बाबूपुर तह0 व थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर** की हूँ। मेरे पुत्र जैनुद्दीन अब्बासी पुत्र स्व0 रजीउद्दीन अब्बासी व बहू फिरदौस जहाँ पत्नी जैनुद्दीन व बहू शाहीन पत्नी जैनुद्दीन निवासीगण बाबपुर पो0 बाबूपुर तहसील व थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर के क्रिया कलापों व चाल–चलन ठीक न होने के कारण इन्हें अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य अथवा लेन–देन के लिए मैं व मेरे परिवार का कोई भी सदस्य जिम्मेदार नहीं होगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मै **सरोज द्विवेदी पत्नी रवीन्द्र कुमार द्विवेदी, निवासी 68 मोहल्ला रामघाट पो0 व शहर व जिला अयोध्या**। मैं होटल **अवध होटल** भूमि गाटा संख्या 753,758, एवं 759 स्थित ग्राम मांझाधर घाट परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला अयोध्या में 19 प्रतिशत की साझीदार हूँ। लेकिन कुछ कारणों से उक्त होटल में संयुक्त रूप से कारोबार नहीं करना चाहती है इन लिए अपना अंश अपनी स्वेच्छा से प्राप्त करके दिनांक 10–6–2025 से लेकर अलग हो गयी है। दिनांक 10–6–2025 से उक्त होटल से मेरा कोई वास्ता या सरोकार नही रह गया है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **उमा देवी पत्नी स्व. जगदीश प्रसाद ग्राम पो. मटका थाना एवं तहसील सलोन जिला रायबरेली** की रहने वाली हूं। मेरे तीन पुत्र अजय कुमार, अजीत कुमार वैश्य व मंजीत कुमार हैं। मेरे दूसरे नंबर के पुत्र अजीत कुमार वैश्य और उनकी पत्नी रिया अग्रहरि का कार्य एवं व्यवहार अच्छा नहीं है। उनके गलत आचरण और परिजनों से आए दिन दुर्व्यवहार करने से तंग आकर अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उनके किसी भी कृत्यों से मेरा और मेरे परिवार के किसी सदस्य से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**बैठक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम डिवली वि0ख0 बभनजोत जनपद गोण्डा के अर्न्तगत प्रस्तावित मस्त मत्स्य जीवी सहकारी समिति डिवलीडीह, ग्राम डिवलीडीह बभनजोत, गोण्डा की द्वितीय बैठक –17–06–25 को कराया जाना है। बैठक ग्राम के रहने वाले भग्गू के घर पर सायं –1 बजे कराया जाना तय पाया गया है। **मुख्य – प्रवर्तक मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड डिवलीडीह, बभनजोत गोण्डा**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **रजनीश कुमार पुत्र स्व. हरिश्चंद्र ग्राम पूरे त्रिवेदी पो. राजा फत्तेपुर जिला अमेठी** का निवासी हूं। भारतीय जीवन बीमा निगम में मेरी पालिसी संख्या 218440315 है, जिसमें मेरा नाम राजेश कुमार लिखा है। मेरे आधार कार्ड और बैंक खाता में रजनीश कुमार अंकित है। राजेश कुमार और रजनीश कुमार दोनों मेरे ही नाम हैं।

आयोजन

**प्रबुद्ध वर्ग कार्यकर्ता समागम सम्मेलन का हुआ आयोजन, क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर रहे मौजूद**

# भाजपाइयों ने 11 वर्षों के सुशासन का किया बखान

संवाददाता शिवराजपुर



कार्यक्रम में मौजूद विधायक राहुल बच्चा सोनकर व अन्य। अमृत विचार



कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भाजपा सरकार के सेवा सुशासन, गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूरे होने पर गुरुवार को कस्बे के एक गेस्ट हाउस में भाजपा प्रबुद्ध वर्ग कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मौजूद भाजपा के पदाधिकारियों ने भाजपा सरकार की अब तक की उपलब्धियों का बखान किया।

सम्मेलन में बोलते हुए बिल्हौर विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने कहा कि देश ने भ्रष्टाचार से सुशासन तक की यात्रा तय की है। इन 11 वर्षों में भाजपा सरकार ने जो करके दिखाया, वह अब तक कोई पार्टी नहीं कर सकी। कार्यक्रम में सर्वप्रथम पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण क़र कार्यक्रम शुभारम्भ किया गया। विधायक ने अपने संबोधन में बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने भ्रष्टाचार से सुशासन तक की यात्रा तय की। पिछले 11 वर्षों में सड़को का जाल बिछ गया है व सड़कें गड्ढामुक्त हो गई हैं। वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना ने आपरेशन सिंदूर के माध्यम से कठोर कार्रवाई की है। ब्लॉक प्रमुख शुभम बाजपेयी ने कहा कि बीते 11 वर्षो में भारत ने न सिर्फ विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ बल्कि आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में भी ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। भाजपा शासन में विकास कार्यों ने खूब रफ्तार पकड़ी है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष उपेन्द्र पासवान, एमएलसी अविनाश सिंह, कैलाश कटियार, अंशुल बाजपेयी, महिला मोर्चा की अध्यक्ष गीता गुप्ता, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र प्रताप सिंह, अमिताभ त्रिपाठी श्याम गुप्ता, अनुराग शुक्ला आदि रहे।

## बाइक की टक्कर से किशोरी समेत चार घायल

**बिल्हौर।** बिल्हौर रसूलाबाद मार्ग पर ककवन कस्बे के करीब एक बाइक सवार ने रोड किनारे जा रही किशोरी को टक्कर मारने के बाद खाई में जा गिरी।

नसीम गंज उन्नाव निवासी अगन 20, हाफिज 32 व रोशन गुरुवार शाम बाइक से एक शादी कार्यक्रम में जा रहे थे। तभी ककवन कस्बे से एक किलोमीटर पहले हनुमान मंदिर के निकट उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और मंदिर के बाहर मौजूद 12 वर्ष की किशोरी अनामिका को टक्कर मारने के बाद खाईं में जा गिरी। हादसे में किशोरी और तीनों बाइक सवार घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

# दलदल में फंसे युवक की थमीं सांसें

## भांजे की इंगेजमेंट में शामिल होकर लखनऊ जाने को निकला था युवक, रूरा रेलवे स्टेशन के पास हुआ हादसा

संवाददाता रूरा, (कानपुर देहात)


युवक की मौत पर बिलखती बहन व मौजूद लोग। अमृत विचार


युवक की मौत पर छानबीन करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बा के स्टेशन रोड पर बने सार्वजनिक शौचालय और रेलवे लाइन के बीच गहरे दलदल में फंसकर एक युवक की मौत हो गई है। युवक भांजे की इंगेजमेंट में शामिल होने के बाद वापस लखनऊ जाने के लिए ट्रेन पकड़ने रूरा स्टेशन पर जा रहा था। मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

गुरुवार सुबह करीब चार बजे रेलवे लाइन पार कर आ रहा एक युवक कीचड़ भरे गड्ढे में जा घुसा। गड्ढा गहरा व दलदल युक्त होने के कारण वह उसमें डूबता ही चला गया। शोर मचाने पर सुबह टहलने निकले लोगों को कुछ दिखा नहीं। फिर भी जब लोगों ने गहनता से देखा तो युवक के केवल हाथ दिखाई पड़ रहे थे और पूरा शरीर दलदल में समा चुका था। राहगीरों ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी कस्बा राम


आकाश उर्फ मोनू।

किशुन वर्मा ने युवक को बाहर निकलवाया, लेकिन तब तक वह दम तोड़ चुका था। युवक की जेब से मिले मोबाइल से संपर्क करने पर मृतक के बहनोई सतवंत राव से बात हुई। उन्होंने युवक की पहचान अपने साले आकाश उर्फ मोनू (24) निवासी न्यू बेसा ट्रांसपोर्ट नगर सरोजनी नगर लखनऊ के रूप में की। जानकारी पर पहुंची मृतक की बहन शैलजा निवासी शहजादपुर कोतवाली अकबरपुर ने बताया कि 8 जून को उसके बेटे शनि की इंगेजमेंट थी। जिसमें शामिल होने उसका भाई आकाश आया था। बुधवार रात करीब 12 बजे वह घर से लखनऊ जाने के लिए रूरा स्टेशन के लिए निकला था। करीब ढाई बजे उसने फोन कर रूरा पहुंचने की बात बताई थी और कोटा-पटना एक्सप्रेस से लखनऊ जाने की बात कही। मृतक के पिता गंगाराम मूल रूप से लगरथा झींझक के रहने वाले हैं और पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हैं। बेटे की मौत पर मां शकुंतला, पिता गंगाराम, भाई विकास, बहन कंचन, हेमलता, शैलजा का रो-रोकर बुरा था। थाना प्रभारी जनार्दन प्रताप सिंह ने बताया कि परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया।

### रेलवे लाइन से महज बीस मीटर दूर जानलेवा गड्ढा

- रूरा स्टेशन के रेलवे लाइन किनारे करीब बीस मीटर दूरी बना कीचड़ युक्त गड्ढा युवक के लिए जानलेवा साबित हुआ है। लोगों का कहना है कि सड़क किनारे टट्टर लगा ककर दुकानें खुली हैं। उसके बाद जानलेवा गड्ढा है। जिसके ऊपर घासफूस होने के कारण अंजान लोगों को दलदली गड्ढा होने का अंदाजा नहीं मिल पाता है और पैर रखते ही गिरकर फंस जाते हैं।

# बाल श्रम के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बहुत जरूरी

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात


अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर अमूल डेयरी में कार्यक्रम का शुभारंभ अपर जिला जज हिमांशु सिंह व सहायक श्रमायुक्त ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान बाल श्रम के कारणों एवं रोकथाम के संबंध में जानकारी दी गई।

अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर सहायक श्रमायुक्त राम आशीष ने बताया बाल श्रम के विरूद्ध आम जनमानस में व्यापक जागरूकता लाने के लिए 12 से 17 जून के बीच बाल श्रम निषेध सप्ताह आयोजित किया जाएगा। गुरुवार को बाल श्रम निषेध विषय पर गोष्ठी का आयोजन अमूल डेयरी माती में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में कारखाने में कार्यरत श्रमिकों समेत संगठनों व कारखाना प्रबंधक विक्रम चौधरी, कारखाना हेडएसबी सिंह, एचआर मैनेजर अश्विन कुमार आदि उपस्थित रहे। गोष्ठी का आयोजन सहायक श्रमायुक्त व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के समन्वय से किया गया। सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि प्रदेश सरकार ने बाल श्रम को प्रदेश से समाप्त करने के लिए वर्ष 2027 तक लक्ष्य निर्धारित किया है। जिसमे समाज के प्रत्येक व्यक्ति के सहयोग की अपेक्षा है। बाल श्रम एक सामाजिक बुराई है। जिसे सिर्फ कानूनी प्राविधानों से ही समाप्त नहीं किया जा सकता। बल्कि समाज में बाल श्रम के दुष्प्रभावों के प्रति

- **अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ**
- **सरकार ने बाल श्रम को प्रदेश से समाप्त करने के लिए वर्ष 2027 तक लक्ष्य निर्धारित किया**

जनमानस में जागरूकता पैदा करने की आवश्यक है। इस मौके पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी राजेश श्रीवास्तव, अरविंद कुमार सोनकर, अनूप शंकर बाजपेई, ऐश्वर्य त्रिपाठी, संदीप द्विवेदी, अभय कुमार, सुदेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# जिले में रोपे जाएंगे 57.22 लाख पौधे

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात


अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम आलोक सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला पर्यावरण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला वेटलैंड समिति की बैठक का आयोजन मां मुक्तेश्वरी देवी कलेक्ट्रेट सभागार माती में किया गया। इस दौरान हरित चौपाल के माध्यम से विभाग को विशिष्ट वन तैयार करने समेत अन्य निर्देश दिए गए।

गुरुवार को डीएम आलोक सिंह ने पूर्व में दिए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए कहा कि ग्रीष्मकाल के दौरान विगत वर्षों में कराए पौधरोपण की सफलता मानक के अनुरूप बनाए रखने के लिए निरंतर अनुश्रवण किया जाए। वित्तीय वर्ष 2025-26 में शासन ने वन विभाग को 26 लाख 75 हजार पौधे तथा 24 विभागों को 30 लाख 47760 समेत कुल 57 लाख 22 हजार 760 पौधों के रोपण का लक्ष्य आवंटित किया है। डीएम ने नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवंटित पौधरोपण लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत गड्ढ़ा खुदान कराकर उससे संबंधित कार्ययोजना निर्धारित प्रपत्रों में तैयार कर डीएफओ कार्यालय में उपलब्ध करा दी जाए। वहीं प्रभागीय वनाधिकारी एके द्विवेदी ने बताया कि आगामी वर्षाकाल में शासन की मंशा के अनुरूप विशिष्ट वनों की स्थापना जैसे अटल वन, शौर्य वन, ग्राम वन (ग्राम्य विकास), एकता वन (गृह विभाग), ऑक्सी वन (नगर विकास विभाग), गोपाल वन (पशुपालन विभाग) त्रिवेणी वन, पवित्र धारा पौधरोपण, शक्ति वन (वन विभाग), सहजन भंडारा (वन विभाग), ग्रीन चौपाल (पंचायतीराज विभाग), खाद्य वन (उद्योग एवं पर्यावरण विभाग), बाल वन (बेसिक शिक्षा), युवा वन (माध्यमिक शिक्षा), भाई-बहन पौधरोपण (रक्षाबंधन वाटिका) की स्थापना तथा एक पेड़ गुरू के नाम कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। डीएफओ ने बताया कि पौधरोपण से पूर्व सभी ग्राम पंचायतों में हरित चौपाल का गठन करते हुए वृहद पौधरोपण से जन-जागरूकता संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। इस मौके पर सीडीओ लक्ष्मीं एन., सीएमओ डॉ. एके सिंह, उप निदेशक कृषि रामबचन राम समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### बैंक क्रेडिट लिंकेज कार्य में शिथिलता

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह ने सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित निर्माण एवं विकास कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आवंटित लक्ष्य की प्राप्ति करने के साथ ही योजनाओं से संबंधित त्रुटि रहित आंकड़े पोर्टल पर फीड करें। कहा योजनाओं में लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति लाई जाए। यूपी नेडा, विद्युत, एनआरएलएम व सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग को डी श्रेणी, नियोजन अंतर्गत फैमिली आईडी पंचायती राज के दो मदों में व प्राथमिक शिक्षा में भी दो मदों में सी श्रेणी तथा ग्राम्य विकास, भवन निर्माण, पर्यटन, सीएमआईएस व लोक निर्माण विभाग को बी श्रेणी प्राप्त होने पर प्रगति करने के साथ ही पोर्टल पर डाटा अंकित करने से पूर्व रिपोर्ट डीएसटीओ को भेजें। उन्होंने डीसी एनआरएलएम से बैंक क्रेडिट लिंकेज कार्य में शिथिलता पर नाराजगी जताई।


अमराहट की नहर पटरी पर काटे गए हरे पेड़। अमृत विचार

# नहर पटरी किनारे हरे पेड़ों की अवैध कटान

संवाददाता, सिकंदरा

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के अमराहट में नहर पटरी किनारे खड़े हरे पेड़ों को बिना अनुमति अवैध रूप से गांव के ही एक व्यक्ति ने विभागीय अधिकारियों की जानकारी के बावजूद कटान कर लिए। इस दौरान छोटे-बड़े मिलाकर करीब दो ट्राली हरे पेड़ों को काट लिया गया। ऐसे में सरकार द्वारा पर्यावरण बचाने के लिए पौधरोपण अभियान पर बट्टा लगता नजर आ रहा है। इस संबंध में नहर विभाग के एक्सईएन शिव गुप्ता का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है, लेकिन आगे से हरे पेड़ों की कटान के बावत जानकारी कराई जाएगी।

# जानलेवा हमले का आरोपी 24 घंटे में हुआ गिरफ्तार

संवाददाता, शिवली

- **रैपालपुर गांव निवासी युवक पर किया था हमला**

**अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जानलेवा हमले के एक आरोपी को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। साथ ही हमले में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली।

शिवली इंस्पेक्टर मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि बुधवार को रैपालपुर गांव के सरवन कठेरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि भाई विश्वनाथ कठेरिया को जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गालीगलौज व जान से मारने की नियत से कुल्हाड़ी से राजवीर सिंह चंदेल ने हमला कर घायल कर दिया था। जिसे इलाज के लिए भेज कर आरोपी को तलाश के लिए दरोगा केशव देव, सिपाही बीनू कुमार, प्रवीन कुमार, बोबी सिंह की टीम तैनात की गई। पुलिस ने 24 घंटे के अंदर आरोपी राजवीर सिंह चंदेल को भाऊपुर रेलवे क्रासिंग के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# तालाब पर कब्जा कर खड़ी कर दी इमारतें

संवाददाता, राजपुर


राजपुर में मुगल रोड किनारे समनसोखा तालाब के चारों ओर खड़ी इमारतें।

- **दुकान व मार्केट बनाकर किराये पर दी, जिम्मेदार बने हुए हैं बेखबर**

**अमृत विचार।** कस्बे में मुगल रोड किनारे करीब दस बीघा तालाब में लोगों ने अवैध रूप से कब्जे कर दुकान, मार्केट और इमारतें खड़ी कर दी हैं। इतना ही नहीं तालाब की भूमि पर दुकानें बनाकर लोगों को किराए पर दी गई हैं। इसके बाद भी जिम्मेदार अंजान हैं।

शासन की सख्ती के बावजूद तालाबों से अवैध कब्जे नहीं हटाए जा रहे है। बता दें कि राजपुर नगर पंचायत स्थित पुलिस चौकी के सामने लगभग सौ वर्ष पुराना करीब बीघा का समनसोखा तालाब है। सरकारी तालाब पर लोगों ने धीरे-धीरे अतिक्रमण कर लिया। उसके बाद इमारतें खड़ी कर दी और मकान और दुकानें बनाकर किराए पर दे रखीं है। तालाब खत्म करने से भूगर्भ जल स्तर नीचे जा रहा है और जलभराव की समस्या बढ़ गई है। इसके अलावा तालाब में बिना रजिस्टर्ड बैनामा कराए दर्जनों लोगों ने अवैध कब्जे करके इमारतें खड़ी कर दी है। इतना ही नहीं अभी भी तालाबों में अवैध कब्जे होते जा रहे हैं। राजस्व विभाग के कर्मचारियों की मिली-भगत से तालाबों का क्षेत्रफल तेजी से घट रहा है। शिकायतों के बाद भी अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इस बावत सिकंदरा तहसीलदार सुभाष चंद्र ने बताया कि फिलहाल अवैध कब्जे संबंधी शिकायत नहीं मिली है। फिर भी राजस्व टीम से तालाब की पैमाइश कराई जाएगी।

सम्मान समारोह

टेबलेट, एक-एक लाख की चेक, मैडल व प्रशस्ति पत्र दिया

# जिले के तीन मेधावियों का लखनऊ में सम्मान

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात


मेधावी को चेक, मैडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते डीएम आलोक सिंह व अन्य।


मेधावियों के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष नीरज रानी, डीएम व अन्य अधिकारी।

**अमृत विचार।** केंद्र व राज्य स्तरीय बोर्ड परीक्षाओं में उच्च अंक प्राप्त मेधावियों का सम्मान, टेबलेट वितरण व 68वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों को 'मुख्यमंत्री विद्यालयी खेल पुरस्कार' वितरण सहित विभिन्न नए भवनों के शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लखनऊ में संपन्न हुआ।

गुरुवार को कानपुर देहात के तीन मेधावी आकांक्षा सिंह कक्षा दस आर्य भट्ट विद्या मंदिर मंगलपुर, प्रिया व नेहा यादव कक्षा 12 सुभाष क्रांति पथ संस्कृत इंटर कॉलेज डेरापुर को लोक भवन लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में प्रमाण पत्र, मेडल, एक-एक लाख रुपये की चेक व टेबलेट देकर सम्मानित किया गया।

लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विकास भवन सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष नीरज रानी, डीएम आलोक सिंह व सीडीओ लक्ष्मी एन. की उपस्थिति में अधिकारियों, छात्राओं व उनके परिजनों ने देखा व सुना। वहीं जनपद स्तर पर परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर हाईस्कूल छात्र अभी शर्मा, अनमोल गुप्ता, सुब्रत, अंशिका यादव, अंशिका, प्रांशी, कपिल राठौर, उत्कृष्ट त्रिपाठी, दीक्षा सिंह, आकांक्षा, पूर्ति तिवारी तथा इंटरमीडिएट से अंशिका, अनुराग सिंह, उत्कृष्ट त्रिवेदी, साधना, अर्पिता सिंह चौहान, अक्षय सिंह, सुजल, शौर्य कुशवाह, कुशाग्र पांडेय व अंश सिंह को प्रमाण पत्र, मेडल, 21-21 हजार रुपये की चेक व टेबलेट देकर जिला पंचायत अध्यक्ष, डीएम व सीडीओ ने सम्मानित किया। जिलाधिकारी आलोक सिंह ने सभी शुभकामना देते हुए कहा कि शासन द्वारा छात्र-छात्राओं के हित व सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न कार्यक्रम व योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इस मौके पर डीआईओएस बृजभूषण चौधरी, एडीआईओएस कुलदीप वर्मा, डीसी समग्र शिक्षा (माध्यमिक) एसएन कटियार समेत छात्र-छात्राएं व उनके परिजन उपस्थित रहे।

# ब्लड बैंक यूनिट में 14 जून को रक्तदान शिविर

**कानपुर देहात।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एके सिंह ने बताया कि 14 जून को विश्व रक्तदान दिवस मनाया जाता है। जिसके क्रम में प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी राजकीय स्वाशासी चिकित्सा महाविद्यालय अकबरपुर की ब्लड बैंक यूनिट में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक लोग सुबह 10 बजे से अपरांह 3 बजे तक शिविर में प्रतिभाग कर अधिक से अधिक से रक्तदान कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 18 से 60 वर्ष की उम्र तक कोई भी व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। इससे शरीर में आयरन की मात्रा संतुलित रहती है और ब्लड प्रेशर सामान्य रहता है। गंभीर बीमारियों के होने का खतरा कम रहता है। वहीं हार्ट अटैक की संभावना में 90 प्रतिशत की कमीं होती है और ब्लड सेल्स बनने लगते हैं। रक्तदान से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता में बढ़ोतरी होती है।

## सार-संक्षेप


मैथा में शोक सभा में शामिल अधिवक्ता।

### यात्रियों की मौत पर शोकसभा कर दी श्रद्धांजलि

**शिवली।** अहमदाबाद में यात्री विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने और बड़ी संख्या में यात्रियों की मौत होने से दुख का वातावरण बन गया है। तहसील मैथा में अधिवक्ताओं ने शोक सभा का आयोजन किया और मृतात्माओं की शांति के लिए कामना की। इस मौके पर लायर्स एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष कुलदीप तिवारी, दुर्गेश त्रिपाठी, रणविजय सिंह, रवि द्विवेदी, जीतेंद्र स्वर्णकार, लोकेश द्विवेदी, लकी अग्निहोत्री, आशीष आदि मौजूद रहे।

### संदिग्ध हालात में युवक की मौत, हत्या की चर्चा

**डेरापुर।** थाना क्षेत्र के हथूमा गांव में संदिग्ध हालात में एक युवक की मौत हो गई। गांव में हत्या किए जाने की चर्चा चल रही है। डेरापुर थाना क्षेत्र के हथूमा गांव निवासी दिनेश पाठक ने बताया कि उसका इकलौता बेटा रानू पाठक (35) काफी समय से बीमार चल रहा था। जिसकी अचानक गुरुवार को तबीयत बिगड़ने पर अकबरपुर मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां उसकी मौत हो गई। इधर रानू पाठक की मौत की हत्या की चर्चा गांव में हो रही है। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। डेरापुर थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि युवक की बीमारी के चलते मौत लग रही है। पोस्टमार्टम के बाद मौत का सही कारण पता चल पाएगा।

### परस्पर तबादला पाए शिक्षकों को तत्काल करें कार्यमुक्त

**कानपुर देहात।** प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में जिले के अंदर परस्पर तबादला पाने वाले शिक्षकों को कार्यमुक्त व कार्यभार ग्रहण कराने की प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई है। बेसिक शिक्षा परिषद ने तबादला पाने वाले शिक्षकों को स्कूल से स्कूल तबादला देने व 15 जून तक कार्यभार व कार्यमुक्त करने के निर्देश दिए हैं। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेंद्र कुमार तिवारी ने सभी बीएसए को निर्देश दिया है कि शिक्षकों ने आपसी सहमति के आधार पर तबादले का लाभ लिया है। ऐसे में बीएसए उनके अभिलेखों, विषय, कैडर, पदनाम का परीक्षण करते हुए नियमानुसार उन्हें तत्काल कार्यमुक्त करें और कार्यभार ग्रहण कराएं। नियमित रूप से कार्यरत शिक्षक व शिक्षिका को ही कार्यमुक्त व कार्यभार ग्रहण कराया जाए। जिन शिक्षकों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई चल रही है। उन्हें कार्रवाई समाप्त होने के बाद कार्यमुक्त व कार्यभार ग्रहण कराया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि परस्पर तबादले ग्रामीण सेवा संवर्ग से ग्रामीण सेवा संवर्ग व नगर सेवा संवर्ग से नगर सेवा संवर्ग में किए जाएंगे। शिक्षकों को मानव संपदा पोर्टल पर कार्यमुक्त करने व कार्यभार ग्रहण कराने की कार्रवाई की जाएगी। तबादला प्रक्रिया में किसी तरह की अनियमितता व लापरवाही मिलने पर बीएसए उत्तरदायी होंगे।

### छात्रावास में प्रवेश को छात्राएं करें संपर्क

**कानपुर देहात।** जिला समाज कल्याण अधिकारी गीता सिंह ने बताया कि राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास (बालिका) अकबरपुर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग के कक्षा नौ से स्नातकोत्तर तक की कक्षाओं में अध्ययनरत छात्राओं के लिए निशुल्क आवासीय सुविधा उपलब्ध है। छात्रावास में प्रवेश के लिए इच्छुक छात्राएं किसी भी कार्य दिवस में विकास भवन माती कक्ष संख्या 106 में रोहन सिंह छात्रावास अधीक्षक राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास अकबरपुर से संपर्क कर आवेदन पत्र प्राप्त कर सकती हैं।

### अकबरपुर में अघोषित बिजली कटौती जारी

**कानपुर देहात।** जिला मुख्यालय के अकबरपुर कस्बा में शाम की अघोषित बिजली कटौती रुकने का नाम नहीं ले रही है। गुरुवार को भी शाम करीब चार बजे बिजली जाने के बाद सवा घंटे तक नहीं आई। लोगों ने विद्युत अधिकारियों से जानकारी ली तो बताया गया कि गर्मी अधिक होने के कारण ट्रांसफार्मर लोड नहीं ले पा रहे हैं। जिसके चलते लोगों को भीषण गर्मी में परेशान होना पड़ा। वहीं व्यापारियों का कहना है कि गर्मी व धूप के चलते दोपहर में ग्राहकों का सन्नाटा रहता है और शाम को बिजली कटौती व्यापार चौपट कर रही है।

### ऐतिहासिक स्थल पर बट्टा लगा रहा अतिक्रमण

**कानपुर देहात।** अकबरपुर नगर पंचायत के ऐतिहासिक स्थल शुक्ल तालाब गेट के ठीक सामने दुकानदारों का अवैध अतिक्रमण बट्टा लगा रहा है। जिसके चलते यहां नर्मदेश्वर शिव मंदिर व मुगल कालीन बारादरी, फांसीघर, जनानाघाट आदि स्थलों की सैर करने के लिए आने वाले लोगों को दिक्कत उठानी पड़ती है। ऐतिहासिक स्थल के आसपास अवैध अतिक्रमण होने से कार व दुपहिया वाहनों की पार्किंग सड़क पर होती है। जिससे हर रोज जाम की स्थिति बनती है।

### गाली गलौज करने पर की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**चौबेपुर।** मकानपुरवा गांव निवासी दीपिका शर्मा पत्नी गया प्रसाद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि बीती 6 जून की शाम सौतेले पुत्र गजेंद्र निवासी टिकरा व सुरेंद्र वर्मा निवासी लवकुश पुरम ,पुराना शिवली रोड कल्यानपुर उसके घर में घुस आये और बेवजह गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उसे व उसक पति को जमकर मारा पीटा, जिसमें दोनों को गंभीर चोटें आईं।

### हर्ष फायरिंग करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**उरई।** सिरसाकलार थाना क्षेत्र में पुलिस ने विवाह समारोह में हर्ष फायरिंग कर चार लोगों को घायल करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। 18 मई को न्यामतपुर स्थित दृश्या रिसोर्ट में एक विवाह समारोह के दौरान डैनी ने हर्ष फायरिंग की थी। इस फायरिंग में रामशरण सिंह, सोनेलाल, लाखन सिंह और वीरेंद्र सिंह घायल हुए थे। सीओ जालौन शैलेंद्र वाजपेई के अनुसार, घायल रामशरण सिंह के भाई रिपोर्ट दी थी।

## एक नजर

### अंबेडकरनगर में आज लाभार्थी किसानों को चेक देंगे मुख्यमंत्री योगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** दुर्घटना में किसी किसान की मृत्यु-दिव्यांगता आदि होने पर आश्रितों/परिवारों के लिए मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना संबल बनी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत अब तक प्रदेश के सभी 75 जिलों में 11690 लोगों के आवेदन स्वीकृत किए गए हैं। इन्हें योगी सरकार द्वारा 5 अरब, 61 करोड़, 86 लाख, 28 हजार 200 रुपये की सहायता देगी। मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को अंबेडकर नगर के शिवबाबा मैदान में जिले के 431 लोगों को सहायता राशि का चेक प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत शुक्रवार को अंबेडकर नगर के शिवबाबा मैदान में जिले के 431 लोगों को सहायता राशि का चेक प्रदान करेंगे। इसमें 408 लोगों को पांच लाख रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी। 10 लोगों को ढाई लाख, एक किसान परिवार को 1.25 लाख व 12 लाभार्थियों को एक-एक लाख रुपये की सहायता राशि का डेमो चेक प्रदान किया जाएगा।

### बाल श्रम उन्मूलन की दिशा में यूपी सरकार की सराहना

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्रम मंत्री अनिल राजभर ने स्विट्जरलैंड की राजधानी जिनेवा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन में बाल श्रम पर आयोजित एक महत्वपूर्ण सत्र में भाग लिया। इसमें अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने सभी प्रकार के बाल श्रम को समाप्त करने की सख्त आवश्यकता पर बल दिया। बाल श्रम उन्मूलन की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। मंत्री अनिल राजभर ने अटल आवासीय विद्यालयों को श्रमिकों के बच्चों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की स्कूली शिक्षा प्रदान करने का एक उत्कृष्ट उदाहरण बताया। साथ ही उन्होंने वैश्विक समुदाय से इस अभिनव मॉडल का अनुसरण करने का आग्रह किया।

# प्रदेश भर में जारी रहा बिजली संकट

## बिजली की मांग और बढ़ी, अधिकतम मांग 31,457 मेगावाट दर्ज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **हर हाल में दुरुस्त की जाए बिजली आपूर्ति : अध्यक्ष**

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी के कहर के बीच प्रदेश में बिजली की मांग और बढ़ गई है। अधिकतम मांग 31,457 मेगावाट दर्ज की गई। बिजली की मांग के शीघ्र 32 हजार मेगावाट तक पहुंचने के आसार बन गए हैं। इस बीच, स्थानीय खराबी के कारण राजधानी समेत प्रदेश भर में बिजली संकट जारी रहा। उप्र. पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने गर्मी को देखते हुए अधिकारियों को बेहतर बिजली आपूर्ति के लिये कड़े निर्देश दिये।

शक्ति भवन में समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि अधिकारी अपने क्षेत्रों में भ्रमण करें और बिजली बाधित होने की जानकारी संचार माध्यमों से साझा करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी और कार्मिक फोन जरूर 'रिसीव' करें, कहीं भी विवाद की स्थिति न बनने पाये। वरिष्ठ अधिकारी बिजली बाधित होने पर मौके पर पहुंचें। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी रोकने के लिए प्रयास तेज किये जाएं। उपभोक्ता सेवा 1912 पर दर्ज होने वाली शिकायतों पर शीघ्र कार्रवाई की जाए। अध्यक्ष ने कहा कि गर्मी और लू के इस मौसम में सामान्य 'शटडाउन' न लिए जाएं। बिजली कटौती न की जाए। कहीं भी ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने, तार गिरने व ट्रिपिंग जैसी समस्याओं का बिना विलंब निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि पारेषण व वितरण के अधिकारी परस्पर सामंजस्य स्थापित कर कार्य करें, जिससे पारेषण के कारण बिजली आपूर्ति बाधित न होने पाये।

### कई जिलों में हल्की से तेज बारिश के आसार

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में मॉनसून 15 जून तक दस्तक दे सकता है, लेकिन इससे पहले इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। हर दिन तापमान नया रिकॉर्ड बना रहा है। इस बीच मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिम उत्तर प्रदेश में अगले 2-3 दिन काफी कठिन हो सकते हैं। यहां तेज गर्मी और लू चलने की पूरी संभावना है। तापमान और बढ़ सकता है, इसलिए लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। आईएमडी के मुताबिक, पूर्वी उप्र. में शुक्रवार से मौसम में बदलाव हो सकता है। पूर्वी यूपी के कई जिलों में हल्की से तेज बारिश के आसार हैं। इससे तापमान में गिरावट आएगी और गर्मी से राहत मिलेगी। वहीं, मौसम विभाग का यह भी कहना है कि फिलहाल मॉनसून बंगाल और महाराष्ट्र में है, लेकिन 15 जून तक उत्तर प्रदेश में भी दस्तक देगा, जिससे गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। जिन जिलों में लू की चेतावनी दी है, उनमें जालौन, हमीरपुर, महोबा, बांदा, चित्रकूट, कानपुर देहात, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, हाथरस, औरैया, झांसी, मथुरा, ललितपुर और अलीगढ़ जिले शामिल हैं।

### कैलाश मानसरोवर यात्रा 15 से, पर्यटन मंत्री दिखाएंगे हरी झंडी

**अमृव विचार, लखनऊः** कैलाश मानसरोवर यात्रा 15 जून से शुरू होगी। पर्यटन मंत्री हरी झंडी दिखाकर जत्थे को रवाना करेंगे। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड द्वारा कैलाश मानसरोवर यात्रा भवन में ठहरने वाले तीर्थयात्रियों के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। आगंतुकों को शुद्ध सात्विक भोजन परोसने की व्यवस्था भू-तल पर स्थित भोजनालय में होगी। यात्रियों के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षित योग गुरुओं के सानिध्य में योग कराया जाएगा। भजन संध्या का आयोजन भी होगा। यूपीएसटीडीसी द्वारा यात्रा भवन परिसर में तीर्थयात्रियों के लिए आध्यात्मिक और सनातन साहित्य उपलब्ध करायी गई है।

# दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल देने का बढ़ेगा दायरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** योगी सरकार ने दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण के लिए अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करने की योजना बनाई है। भारत सरकार की सहायता प्राप्त दिव्यांगजन सशक्तीकरण (एडिप) योजना के तहत मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल और सहायक उपकरणों के वितरण को आने वाले समय में और व्यापक स्तर पर ले जाया जाएगा।

हाल ही में प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में 100 मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल वितरित करने के बाद, सरकार अब इस पहल को विस्तार देने की तैयारी में है। मांग और पात्रता के आधार पर सभी पात्र दिव्यांगजनों को यह सुविधा उपलब्ध कराने के लिए व्यापक सर्वेक्षण और सत्यापन प्रक्रिया को तेज किया जाएगा। पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने कहा कि अर्जुन पोर्टल पर लाभार्थियों की सूची को और सटीक बनाने के लिए डिजिटल तकनीक का उपयोग बढ़ाया जाएगा, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होगी और डुप्लीकेसी की संभावना खत्म होगी। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल के लिए 2 करोड़ रुपये और सहायक उपकरणों के लिए 37.40 करोड़ रुपये के बजट का उपयोग प्रभावी ढंग से करने की रणनीति तैयार की जा रही है।

# साइबर ठगों के अंतरराष्ट्रीय गिरोह का खुलासा, 15 गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **लखनऊ के पीजीआई क्षेत्र से चल रहा था ठगी का धंधा**
- **70 मोबाइल, 12 लैपटॉप, 115 एटीएम कार्ड, 25 चेकबुक, 53 पासबुक, 38 सिम कार्ड बरामद**

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर गिरोह के 15 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरोह श्रीलंका, सिंगापुर, दुबई से भारत में संचालित हो रहा था।

डीसीपी क्राइम कमलेश दीक्षित के मुताबिक, पुलिस को बुधवार शाम को सूचना मिली कि पीजीआई इलाके में शामिया मेल रोड स्थित एक अपार्टमेंट के पेंटा हाउस में कुछ संदिग्ध गतिविधियां चल रही है। जानकारी मिलने के बाद साइबर क्राइम थाने, साइबर क्राइम सेल और पीजीआई पुलिस की संयुक्त टीम बनाई गई। टीम ने पेंटा हाउस में दबिश दी। मौके से 15 युवक पकड़े गये। उनके पास से 70 मोबाइल, 12 लैपटॉप, 115 एटीएम कार्ड, 25 चेकबुक, 53 पासबुक, 38 सिम कार्ड और फर्जी दस्तावेज बरामद हुए।

**ये आरोपी पकड़े गये :** डीसीपी क्राइम कमलेश दीक्षित के मुताबिक पकड़े गये आरोपियों में लखीमपुर के पलिया स्थित सैय्यदपुर का हरिप्रीत सिंह, बिहार के सिवान स्थित मैरवा का अभिषेक कुमार राजभर, आशीष कुमार, सिवान के हुसैनगंज का मन्नू कुमार, रितेश सिंह, इप्तेखार अली, शुभम सोनी, सोनू अली, छपरा स्थित सहाजिदपुर का रवि सिंह, करन कुमार, विकास कुमार, रितेश सिंह, संजीव कुमार और मध्यप्रदेश के भोपाल स्थित खजुरी नाका का मनीष कुमार और देवरिया के खामपार का संदीप कुमार शामिल है।

# कानपुर-मथुरा में बनेंगे एकीकृत सरकारी कार्यालय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



'विजन 2030' योजनाओं की समीक्षा करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

- **मुख्यमंत्री ने की मथुरा-वृंदावन और कानपुर की 'विजन 2030' योजनाओं की समीक्षा**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मथुरा और कानपुर में जिला व मंडल स्तरीय सभी सरकारी कार्यालयों को एक ही परिसर में स्थापित करने के निर्देश दिए है। कहा कि इन दोनों नगरों में इंटीग्रेटेड कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया जाए। उन्होंने कहा कि इन परिसरों में अधिवक्ताओं के लिए उपयुक्त चैम्बर, पार्किंग की समुचित व्यवस्था, भोजनालय (फूड कोर्ट) और अन्य नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इससे अनेक कार्यालयों के चक्कर लगाने की समस्या से भी मुक्ति मिलेगी।

मुख्यमंत्री गुरुवार को मथुरा-वृंदावन और कानपुर महानगर के लिए तैयार 'विजन 2030' योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारी तथा मथुरा और कानपुर प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान दोनों नगरों से संबंधित प्रस्तुतिकरणों का विस्तृत अवलोकन किया गया।

मथुरा-वृंदावन के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक वर्ष करोड़ों श्रद्धालुओं के आगमन से यातायात और सार्वजनिक सुविधाओं पर भारी दबाव पड़ता है, जिससे निपटने के लिए दीर्घकालीन नगर नियोजन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की सांस्कृतिक और धार्मिक गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए समेकित अधोसंरचना विकास के माध्यम से रोजगार के नए अवसर भी सृजित किए जाने चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि मथुरा और कानपुर नगरों का यह समग्र विकास 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को साकार करने का सशक्त माध्यम बनेगा।

# भाजपा को सत्ता से बाहर करेगा लोकमोर्चा

## स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा- नौ दलों का गठबंधन मिलकर करेगा काम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



लखनऊ में आयोजित प्रेस कांफ्रेस के दौरान सहयोगी दलों के प्रमुखों के साथ अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य।

**अमृत विचार :** अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि समान विचारधारा वाले नौ दलों का गठबंधन लोकमोर्चा 2027 में भाजपा को सत्ता से बाहर करने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था फेल हो चुकी है। हर वर्ग के लोग त्रस्त हो रहे हैं, ऐसे में भाजपा का सत्ता से बाहर किया जाना जरूरी है। मौर्य गुरुवार को एक होटल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि नौ दलों के प्रमुखों ने उन्हें प्रदेश का भावी मुख्यमंत्री घोषित किया है, वह सभी दलों को साथ में लेकर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी दल स्वतंत्र तौर पर अपने आयोजन करेंगे, इस बीच लोकमोर्चा के नेतृत्व में संयुक्त कार्यक्रम भी आयोजित किये जाएंगे। उन्होंने मोर्चा की सरकार बनने पर सामाजिक न्याय, आर्थिक न्याय व राजनीतिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए हिस्सेदारी आधारित 'कॉमन मिनिमम प्रोग्राम' के तहत कार्य करेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मोर्चा में शामिल राष्ट्रीय समानता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोती लाल शास्त्री, सम्यक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजामणि सुव्वैया राय, जनसेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनेश ठाकुर, पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिद्दार्थ, सर्वलोकहित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्य नारायण मौर्य, स्वतंत्र जनता राज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम कोरी, सबका दल यू के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद लोधी व लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद राजकुमार सैनी मौजूद रहे।

### 38 एफआरयू में रेडियोलॉजिस्ट तैनात मिलेगी अल्ट्रासाउंड की सुविधा

**अमृत विचार, लखनऊ :** विभिन्न जिलों में निष्क्रिय एफआरयू (फर्स्ट रेफरल यूनिट) में अल्ट्रासाउंड एवं एलएसएए प्रशिक्षण प्राप्त 38 डॉक्टरों को तैनात किया गया है। जिसके बाद गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. रतन पाल सिंह सुमन ने गुरुवार को बताया कि पीएमएस में रेडियोलॉजिस्टों की कमी है, इसलिए एमबीबीएस डॉक्टरों को अल्ट्रासाउंड का प्रशिक्षण दिलाया जाता है। उक्त क्रम में संभल के असमोली सीएचसी पर तैनात डॉ.संदीप सिंह को जिला चिकित्सालय में तैनात किया गया है। इन्होंने एलएसएएस का प्रशिक्षण लिया है। इसी प्रकार डॉ.अर्चना यादव को बरेली गवर्मेंट हेल्थ स्कूल से हटाकर संभल के जिला चिकित्सालय में स्थानान्तरित किया गया, इसके अलावा डॉ.उत्कर्ष त्रिपाठी को ललितपुर के सीएचसी मडावरा में तैनात किया गया है। कुल 38 डॉक्टरों को प्रशिक्षण के बाद दूसरे एफआरयू में तैनात किया गया है।

# दाखिला न लेने पर धरोहर राशि होगी जब्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **मेडिकल व डेंटल कॉलेजों में पीजी में दाखिले के लिए दिशा-निर्देश जारी**

**अमृत विचार :** प्रदेश में स्थित मेडिकल कॉलेजों एवं डेंटल कॉलेजों में स्नातकोत्तर पाठयक्रमों में दाखिले के लिए कवायद शुरू हो गयी है। इसके लिए एमबीबीएस व बीडीएस उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को नीट पीजी 2025 परीक्षा देनी होगी। प्रथम काउंसिलिंग में आवंटित सीट पर दाखिला न लेने पर कोई नुकसान नहीं पड़ेगा, मगर दूसरी व तीसरी काउंसिलिंग में सीट आवंटन के बाद दाखिला न लेने की सूरत में अभ्यर्थी द्वारा जमा धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी। आरक्षण के नियमानुसार निर्धारित सीटों पर एमडी, एमएस, डिप्लोमा, डीएनबी और एमडीएस में दाखिले मिलेंगे।

चिकित्सा शिक्षा प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने दाखिलों को लेकर शासनादेश किया है। शासनादेश के अनुसार, 31 मार्च 2025 तक इंटर्नशिप पूरी करने वाले अभ्यर्थी ही नीट पीजी परीक्षा में शामिल हो सकेंगे, नीट पीजी परीक्षा में प्राप्तांकों की मेरिट सूची बनेंगी, जिसके आधार पर अभ्यर्थियों को कांउसिलिंग के बुलाया जाएगा और रिक्त सीटों के सापेक्ष उन्हें सीट आवंटित की जाएगी। साथ ही एमडी, एमएस, डिप्लोमा व डीएनबी की काउंसिलिंग में प्रतिभाग वहीं अभ्यर्थी करेंगे जिनकी इंटर्नशिप 31 जुलाई 2025 को पूर्ण हो चुकी होगी।

उक्त काउंसिलिंग में केवल राजकीय कोटे की सीटें ही शामिल की जाएंगी, जबकि अलीगढ़, मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, एम्स रायबरेली एवं एम्स गोरखपुर से एमबीबीएस व बीडीएस उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को छोड़कर राज्य के अन्य सभी मेडिकल कॉलेजों, डेंटल कॉलेजों से एमबीबीएस, बीडीएस उत्तीर्ण अभ्यर्थी अर्ह होंगे।

शासनादेश के अनुसार, पीजी की कुल सीटों में 21 प्रतिशत सीटें अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के लिए, दो प्रतिशत अनुसूचित जन जाति, 27 प्रतिशत पिछड़ा वर्ग और 10 प्रतिशत सीटें ईडब्लूएस श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित होंगी।

# जनता की संतुष्टि ही बनेगी जिलाधिकारियों की कार्यशैली का प्रमाण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **सभी डीएम के कार्यों की हो रही नियमित मॉनिटरिंग, योजनाओं का हो रहा जमीनी मूल्यांकन**

**अमृत विचार :** जनता की संतुष्टि ही अब यूपी के जिलाधिकारियों की कार्यशैली का प्रमाणपत्र होगी। मुख्यमंत्री कार्यालय से सभी जिलों के डीएम के प्रशासनिक कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग हो रही है। साथ ही केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के वास्तविक प्रभाव का जमीनी मूल्यांकन भी किया जा रहा है। ऐसे में सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में टॉप टेन में आने को लेकर सभी जिलों के डीएम के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ी है।

दरअसल, रैंकिंग के लिए कुल 10 नंबर निर्धारित है। कुल निर्धारित अंकों में से अधिकतम अंक पाने के आधार पर ही जिलों की रैंकिंग तय की जाती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यह डैशबोर्ड तैयार किया गया है। ताकि योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से जनता तक पहुंचे और जमीनी स्तर पर प्रशासन की जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। हाल ही में राज्य सरकार ने अप्रैल 2025 के लिए सीएम डैशबोर्ड की नवीनतम रैंकिंग जारी की है। इसमें यूपी के टॉप 10 आईएएस अधिकारियों की सूची जारी की गई, जो जनसेवा में समर्पण के लिए टॉप पर रहे हैं। इसमें महराजगंज के जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा टॉप पर रहे हैं। वहीं, इस सूची में आईएएस राजेश कुमार पांडेय, आईएएस दुर्गा शक्ति नागपाल समेत कई नाम शामिल हैं। बता दें कि यह रैंकिंग जनसुनवाई, कानून-व्यवस्था, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, राजस्व सुधार और समग्र विकास कार्यों के आधार पर तैयार की गई है।

### सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में जगह बनाने को बढ़ी प्रतिस्पर्धा

जिलाधिकारियों में प्रतिस्पर्धा का आलम समझना हो तो उदाहरण के तौर पर लखीमपुर जिले को लिया जा सकता है। बीते दिनों सीएम डैशबोर्ड में लखीमपुर के पिछड़ने के पीछे चार विभागों के अफसरों की लापरवाही सामने आई थी। स्वास्थ्य, समाज कल्याण, बेसिक शिक्षा विभाग और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में लापरवाही की वजह से जनपद की रैंक गिर गई थी। राजस्व वसूली में भी जिला काफी पिछड़ गया था। डीएम को संबंधित अफसरों को चेतावनी जारी करनी पड़ी थी। हालांकि ताजा रैंकिंग में कानून व्यवस्था और महिला सुरक्षा के मोर्चे पर लखीमपुर का कार्य सराहनीय रहा और इस बार रैंकिंग में तीसरा स्थान हासिल कर ही लिया। वहीं, बरेली डीएम अविनाश सिंह ने भी शहरी योजनाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में अग्रणी रहते हुए टॉप टेन में जगह बनायी। इसी तरह श्रावस्ती, कुशीनगर, ललितपुर, हरदोई और मुजफ्फरनगर जैसे कुछ अन्य जिले भी इस बार अलग-अलग मोर्चों पर सफल होकर जनता को संतुष्ट करने में कामयाब रहे।


## वर्ग पहेली- 460

**बाएं से दाएं**

4. दुकानों पर चाय की प्रचलित मात्रा में कटौती करके दी जाने वाली चाय, आधा कप चाय।
5. वह व्यक्ति या संस्था जो वस्तुओं की बिक्री आदि का प्रबंध करती है, बिक्री प्रबंधक, (डिस्ट्रीब्यूटर)।, वितरण करने वाला, बांटने वाला।
6. (पुराण) पिता या पितृतुल्य व्यक्ति- पिता
7. एक प्रकार का बाजा, झांझ।, 1. झालने (अर्थात धातु की चीज़ों को टाँका लगाकर जोड़ने) की क्रिया या भाव 2. गंध, स्वाद आदि की तीव्रता, स्वाद का चरपरापन या तीक्ष्णता।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. सृष्टि, संसार जगत, 2. भीड़-भाड़, जनसमूह 3. उत्पन्न या सृजन करना 4. प्राकृतिक संघटन।
2. नियमित न होने का भाव, नियम का उल्लंघन।
3. 1. विचित्र क्रिया या व्यापार, अलौकिक घटना 2. कथावस्तु में घटनाओं का क्रम; किसी नाटक की पूरी कथावस्तु।, संविधान बनाने वाला।
5. वन, जंगल, बियावान, कानन अरण्य।
6. पहाड़ी ब्राह्मण समाज में एक कुलनाम या सरनेम।




### वर्ग पहेली -459 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 प | ल | | 2 उ | ट | 3 ज |
| शु | | | ता | | ग |
| दे | | 4 यु | व | ती | |
| 5 व | शी | | ला | | 6 का |
| वा | | 7 उ | प | ता | प |
| 8 द | ह | क | न | | टि |
| | | ठा | | 9 रें | क |

## सुडोकू -7

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 7 | | | 6 | | | 3 |
| 6 | | | | 3 | | 4 | 1 | |
| 1 | | | 2 | | 8 | | 9 | |
| 5 | | 9 | | | | 8 | | 2 |
| | 7 | | 4 | | 3 | | | 6 |
| | 8 | 6 | | 7 | | | | 1 |
| 4 | | | 8 | | | 5 | | |
| | 9 | | 1 | | | | 2 | |

### सुडोकू - 6 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 5 | 8 | 1 | 2 | 9 | 7 | 6 |
| 7 | 9 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 | 2 | 4 |
| 6 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 5 | 3 |
| 2 | 7 | 9 | 4 | 6 | 1 | 5 | 3 | 8 |
| 8 | 5 | 6 | 3 | 7 | 9 | 4 | 1 | 2 |
| 1 | 4 | 3 | 2 | 8 | 5 | 6 | 9 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 6 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 6 | 2 | 4 | 1 |
| 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 7 | 3 | 8 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 जून, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वितीया-15.18 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम। **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढा 11.21 तक तत्पश्चात उत्तराषाढा।


मेष
आज धार्मिक क्रियाकलापों में आपका मन लगेगा। पुराने अनुभवों का लाभ मिलेगा। समाज में आपकी मजबूत छवि निर्मित होगी। उधार दिया हुआ धन आपको वापस प्राप्त होगा। बच्चों को लेकर कुछ चिंता अवश्य रहेगी। जीवनसाथी का भाग्य आपका काफी सहयोग करेगा।


वृष
आज भ्रामक तथ्यों में पड़कर आप गलत दिशा में जा सकते हैं। इसीलिए आज कोई नया काम न करें। आपको कार्यक्षेत्र में मैनेजमेन्ट को लेकर काफी परेशान होना पड़ सकता है। हृदय रोगियों को समस्या हो सकती है। अध्यात्मिक चिन्तन के लिए दिन काफी उपयुक्त है।


मिथुन
आज कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन शानदार रहेगा। व्यापार में अपनी शैली में परिवर्तन लायेंगे। लंबी दूरी की यात्रा के लिए जा सकते हैं। किसी नजदीकी व्यक्ति की बात आपको आहत कर सकती है। सोशल मीडिया में आप गम्भीर मुद्दों पर आपनी राय रख सकते हैं।



कर्क
आज अविवाहित लोग विवाह को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। हर बात को गहराई से लेना उत्तम होगा। आज काम की काफी अधिकता रहने वाली है। अपनी योजनाओं को सफलता पूर्वक क्रियान्वित कर पायेंगे। आज किसी को भी धन उधार न दें वरना वापस मिलने में समस्या होगी।


सिंह
आज सामाजिक कार्यों में आप बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर आप भावुक होंगे। विद्यार्थियों को पढ़ाई में थोड़ी समस्या होगी। बच्चों को लेकर आज अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे। व्यापार में आ रही बाधा दूर होगी। ऑफिस के वातावरण में सुकून रहेगा।


कन्या
आज क्रोध के कारण आपके नजदीकी संबंध खराब हो सकते हैं। स्वास्थ्य थोड़ा ऊपर नीचे होता रहेगा। पुराने रोग दोबारा उभरने की आशंका है। ऐसा कोई भी कार्य न करें जो आपके स्वाभिमान को चोट करता हो। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ नहीं है।


तुला
आज कार्यक्षेत्र में राजनीति का वातावरण रहेगा। लेकिन आप काफी समझदारी से इसका सामना करेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है। प्रेम संबंधों को परिवार की स्वीकृति मिलने की संभावना है। करियर में आगे बढ़ने के नये विकल्प आपके सामने आयेंगे।


वृश्चिक
आज आप धन को लेकर थोड़ा परेशान हो सकते हैं। बैंक से जुड़े काम में धीमापन रहेगा। प्रेम संबंधों में निकटता का अनुभव करेंगे। महिलाओं को गले में खराश की समस्या हो सकती है। आज आपका मन थोड़ा उदास रहेगा। बिना मांगे किसी को सलाह न दें।


धनु
आज कई दिनों से रुका हुआ कार्य प्रारम्भ हो सकता है। व्यापार में आ रही समस्याओं को दूर करने में सफल रहेंगे। ऑनलाइन माध्यमों का काफी अच्छी तरह से उपयोग कर पायेंगे। नौकरीपेशा लोगों को उच्च अधिकारियों की सलाह से लाभ होगा।


मकर
आज अति आत्मविश्वास के कारण आप बड़ी गलतियां कर सकते हैं। घरेलू कलह के कारण अशान्ति रहेगी। पिता के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे। जॉब में आपको अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। पेट में रोग उत्पन्न हो सकते हैं।


कुंभ
आज जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है। सहकर्मियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। व्यापारी अपने कार्यक्षेत्र में कुछ परिवर्तन करवा सकते हैं। मैन्यूफैक्चरिंग से जुड़े कारोबारियों को अचानक बड़े ऑर्डर मिलने की संभावना है।


मीन
आज कार्यक्षेत्र में गुप्त शत्रुओं की पहचान होगी। लोग आपके विचारों को काफी अहमियत देंगे। नई संपत्ति खरीद सकते हैं। जॉब में काम का दबाव बढ़ सकता है। आपके व्यक्तित्व में कुछ परिवर्तन देखने को मिलेगा। अपने सभी कार्यों को बेहतर तरीके से अन्जाम देंगे।

यथाशक्ति चिकीर्षन्ति यथाशक्ति च कुर्वते।
न किञ्चिदवमन्यन्ते नरा : पण्डितबुद्धय : ॥

विवेकशील और बुद्धिमान व्यक्ति सदैव ये चेष्ठा करते हैं की वे यथाशक्ति कार्य करें और वे वैसा करते भी हैं तथा किसी वस्तु को तुच्छ समझकर उसकी उपेक्षा नहीं करते, वे ही सच्चे ज्ञानी हैं।


## संपादकीय

# महत्वपूर्ण पहल

पिछले 15 दिनों से देश में चल रहे 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' की विशेषता रही कि इसमें किसानों को पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण के समन्वय का महत्व समझाया गया जिससे वे पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ, लाभकारी और दीर्घकालिक कृषि रणनीतियों को अपनाने की दिशा में प्रेरित हो सकें। इस दौरान वैज्ञानिक दृष्टिकोण से खेती को लाभकारी और टिकाऊ बनाने पर बल देते हुए किसानों को नवीनतम तकनीकों के प्रयोग के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के समापन पर केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरूवार को किसानों से प्राकृतिक खेती करने का आह्वान किया। इस साल साढ़े सात लाख हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती का लक्ष्य रखा गया है। 18 लाख किसान इसके लिए तैयार भी हुए हैं। गौरतलब है कि रासायनिक उर्वरकों के इस्तेमाल से धरती खराब हो रही है। इसलिए सरकार ने प्राकृतिक खेती मिशन बनाया है ताकि अगली पीढ़ी के लिए धरती बची रहे। प्राकृतिक खेती मिशन के तहत, देश भर में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए एक करोड़ किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (एनएमएनएफ) शुरू किया गया है। प्राकृतिक खेती मिशन एक महत्वपूर्ण पहल है जो किसानों के लिए लाभकारी और पर्यावरण के लिए भी सुरक्षित है। प्राकृतिक खेती से लागत घटती है और उत्पादन भी प्रभावित नहीं होता और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद प्राप्त होते हैं।

खेती को उन्नत बनाने के छह सूत्र-उत्पादन बढ़ाना, उत्पादन की लागत घटाना, किसानों को उत्पादन के ठीक दाम सुनिश्चित करना, नुकसान की स्थिति में उचित मुआवजा, कृषि विविधिकरण और मिट्टी की उर्वरकता बनाए रखते हुए आने वाली पीढ़ी के लिए धरती को सुरक्षित रखना हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक वर्ष 2047 तक औसत कृषि आकार घटकर 0.6 हेक्टेयर रह जाने की उम्मीद है, जिससे आधुनिक कृषि तकनीकों को लागू करना चुनौतीपूर्ण हो जाएगा। खेती में उन्नत किस्मों का प्रयोग, मशीनीकरण, प्रति बूंद-अधिक फसल, सिंचाई में पानी का बेहतर उपयोग, नए बीजों के प्रयोग जरूरी है, जिस दिशा में आगे बढ़ना होगा। प्राकृतिक खेती मृदा स्वास्थ्य में सुधार, जैव विविधता में वृद्धि और पानी का अधिक विवेकपूर्ण उपयोग सुनिश्चित करती है। महत्वपूर्ण है कि सरकार उन्नत कृषि के जरिए किसानों की समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है। प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकारें भी योजनाएं चलाती हैं। प्राकृतिक खेती के बारे में जागरूकता बढ़ाकर किसानों को इसे अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

# तकनीकी व वैज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मिशन



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

**गौरतलब है कि गगनयान मिशन भारत का अपना पहला स्वदेशी मानव मिशन है, जिसमें एक भारतीय को भारतीय रॉकेट के ज़रिए श्रीहरिकोटा स्टेशन से, यदि सब कुछ ठीक रहा तो, वर्ष 2027 में अंतरिक्ष भेजा जाएगा।**

भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में विश्व में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है और अब भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला एक्सिओम -4 मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन यानी आईएसएस जा रहे हैं। वे 14 दिनों के लिए अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में रहेंगे तथा अंतरिक्ष यान स्पेसएक्स रॉकेट के ज़रिए फ्लॉरिडा के नासा केनेडी स्पेस सेंटर से लांच होगा। कहना ग़लत नहीं होगा कि उनकी यात्रा की सफलता पर एक सौ चालीस करोड़ देशवासियों की नजरें टिकी हुई हैं। इस कमर्शियल मिशन में पहली बार कोई भारतीय एस्ट्रोनॉट शामिल हो रहा है। शुभांशु शुक्ला के साथ तीन और एस्ट्रोनॉट इस मिशन में भेजे जा रहे हैं और यह हमारे देश के लिए एक ऐतिहासिक पल होगा। ऐतिहासिक इसलिए क्योंकि 41 साल बाद हमारा एस्ट्रोनॉट अंतरिक्ष में जा रहा है। दरअसल, शुभांशु ऐसे दूसरे भारतीय हैं जो अंतरिक्ष यात्रा पर जा रहे हैं। इससे पहले राकेश शर्मा पहले भारतीय थे, जो वर्ष 1984 में रूसी मिशन के तहत स्पेस में गए थे।

शुभांशु लखनऊ के रहने वाले हैं तथा उनकी स्कूलिंग लखनऊ के सिटी मॉन्टेसरी स्कूल, अलीगंज से हुई है। मीडिया में आई रिपोर्ट्स के अनुसार 17 जून 2006 को उनको भारतीय वायुसेना के फाइटर विंग में शामिल किया गया था तथा वह एक शानदार फाइटर पायलट और टेस्ट पायलट हैं। उनके पास 2,000 घंटे से ज्यादा का फ्लाइंग एक्सपीरियंस है। उन्होंने सुखोई-30 एमकेआइ, मिग-21, मिग-29, जगुआर, हॉक, डोर्नियर और एएन-32 जैसे कई फाइटर जेट्स उड़ाए हैं। मार्च 2024 में उन्हें ग्रुप कैप्टन की पोस्ट पर प्रमोट किया गया। वह एक फाइटर कॉम्बैट लीडर भी हैं। वर्ष 2019 में इसरो ने शुभांशु को भारत के पहले ह्यूमन स्पेस मिशन गगनयान के लिए चुना गया था। दरअसल इस मिशन के लिए क्रमशः चार एस्ट्रोनॉट्स शुभांशु शुक्ला, ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर, ग्रुप कैप्टन अजित कृष्णन और ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप को चुना गया था। गगनयान की तैयारी के लिए शुभांशु ने वर्ष 2019-2021 तक रूस के यूरी गागरिन कॉस्मोनॉट ट्रेनिंग सेंटर में सख्त ट्रेनिंग ली तथा इसके बाद 27 फरवरी 2024 को उनको एक्सिओम मिशन-4 के लिए ऑफिशियली चुना गया। बहरहाल, यहां यह उल्लेखनीय है कि यह अभियान पहले मई के आख़िरे हफ्ते में जाना था, फिर इसे आठ जून को अंतरिक्ष स्टेशन की ओर रवाना होना था, लेकिन ख़राब मौसम की वजह से ये अभियान 11 जून को लांच होने की संभावना थी। लेकिन अब तकनीकी कारणों से इसे आगे के लिए टाल दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स बतातीं हैं कि एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला की आइएसएस यात्रा लिक्विड ऑक्सीजन लीक के कारण टल गई है। यह मिशन एक्सिओम स्पेस नाम की अमेरिकी कंपनी, नासा और स्पेस एक्स के साथ मिलकर ऑपरेट किया जा रहा है। नासा के अलावा इस मिशन में भारत के इसरो, पौलेंड के ईएसए और हंगरी के हंगेरियन टू ऑरबिट सहयोग दे रहे हैं। इसमें चार अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं। मिशन कमांडर हैं-अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन जिन्हें पांच बार अंतरिक्ष यात्रा का अनुभव प्राप्त है।

**भारत ने चंद्रयान-3 मिशन के तहत 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा पर सफलतापूर्वक लैंडिंग की थी और यह मिशन चंद्रयान-1 और चंद्रयान-2 के बाद भारत का तीसरा चंद्र मिशन था। चंद्रयान-3 ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, जिससे भारत ऐसा करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया। इसी प्रकार से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, इसरो ने 6 जनवरी 2024 को देश के पहले सूर्य मिशन आदित्य एल-1 को पृथ्वी की कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया था।**

वास्तव में, एक्सिओम-4 मिशन एक कमर्शियल स्पेस फ्लाइट है तथा ह्यूस्टन की कंपनी एक्सिओम स्पेस इस अभियान को चला रही है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार भारत ने इस मिशन के लिए 550 करोड़ रुपये की कीमत चुकाई है। एक्सिओम-4 मिशन को भारत के गगनयान अभियान के लिहाज़ से अहम बताया जा रहा है। कहना ग़लत नहीं होगा कि इस मिशन से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को अपने मानव मिशन(गगनयान मिशन) की दिशा में मदद मिल सकेगी।

गौरतलब है कि गगनयान मिशन भारत का अपना पहला स्वदेशी मानव मिशन है, जिसमें एक भारतीय को भारतीय रॉकेट के ज़रिए श्रीहरिकोटा स्टेशन से, यदि सब कुछ ठीक रहा तो, वर्ष 2027 में अंतरिक्ष भेजा जाएगा। वास्तव में वर्तमान में जो मिशन अंतरिक्ष में भेजा जाना है, वह एक प्रकार से गगनयान मिशन की ओर छोटे-छोटे कदम बढ़ाने जैसा है, क्योंकि इस मिशन से भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को बहुत कुछ सीखने की उम्मीदें हैं। जानकारी के अनुसार इसरो के पास अभी तक ह्यूमन स्पेस फ्लाइट का अनुभव नहीं है। जैसा कि मानव मिशन एक मुश्किल व चुनौतीभरा काम है, ऐसे में इस मिशन से हमें अंतरिक्ष के क्षेत्र में फायदे मिल सकेंगे ऐसी उम्मीदें जताई जा रहीं हैं। जानकारी के अनुसार इस मिशन में साइंस, आउटरीच और कमर्शियल एक्टिविटीज़ पर फ़ोकस होगा। शुभांशु शुक्ला समेत एक्सिओम-4 की टीम बीज अंकुरण और अंतरिक्ष में पौधे कैसे उगते हैं, इस पर भी अध्ययन करेगी। वास्तव में अंतरिक्ष में लगभग ज़ीरो ग्रैविटी पर पौधे कैसे उगते हैं और इन पौधों में क्या विशेषताएं होंगी, ये भी जानने की कोशिश की इस मिशन के अंतर्गत की जाएगी। भारत ने अंतरिक्ष में वहां से वापस आने वाले एस्ट्रो-बायोलॉजी के एक्सपेरिमेंट नहीं किए हैं। पहली बार ये होगा जब भारत कोई एक्सपेरिमेंट भेज जा रहा है, जो अंतरिक्ष से वापस भी आएंगे और यह भारत का इस क्षेत्र में पहला अभूतपूर्व कदम होगा। इस मिशन में करीब 60 साइंटिफ़िक एक्सपेरिमेंट किए जाने हैं, जो एक्सिओम के पिछले तीन मिशनों में नहीं किए गए थे। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि भारत के वैज्ञानिकों ने इनमें से सात एक्सपेरिमेंट का सुझाव दिया है। जानकारी के अनुसार सात के अलावा भी पांच ऐसे एक्सपेरिमेंट भी हैं जो इसरो और नासा मिलकर करेंगे। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि आज भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में विश्व के बड़े देशों जैसे कि अमेरिका, रूस और चीन के समकक्ष एक बड़ी ताकत बनकर उभरा है। भारत अपने मंगल, चंद्र और आदित्य अभियानों को सफलतापूर्वक अंजाम दे चुका है।

भारत ने चंद्रयान-3 मिशन के तहत 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा पर सफलतापूर्वक लैंडिंग की थी और यह मिशन चंद्रयान-1 और चंद्रयान-2 के बाद भारत का तीसरा चंद्र मिशन था। चंद्रयान-3 ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, जिससे भारत ऐसा करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया। इसी प्रकार से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, इसरो ने 6 जनवरी 2024 को देश के पहले सूर्य मिशन आदित्य एल-1 को पृथ्वी की कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया था। बहरहाल, यदि आगे भी सब कुछ अच्छा चलता रहा, तो वह दिन दूर नहीं जब हमारा देश भारत आने वाले दस सालों में यानी कि वर्ष 2035 तक अंतरिक्ष में अपना स्पेस स्टेशन स्थापित करने और वर्ष 2040 में चंद्रमा पर अपने अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने में सफल हो पाएगा। वास्तव में कहना ग़लत नहीं होगा कि आज पूरी दुनिया में इसरो की पहचान एक ऐसी स्पेस एजेंसी के रूप में बन चुकी है, जो बहुत कम खर्च में बड़ी सफलता हासिल कर सकती है। इसरो ने अब तक अनेक देशों के (30 से अधिक देशों) तीन सौ से भी ज्यादा विदेशी सैटेलाइटों को लांच किया है, जिनमें अमेरिका, इंग्लैंड, कनाडा, जर्मनी और सिंगापुर जैसे देश भी शामिल रहे हैं। वर्तमान मिशन अंतरिक्ष के क्षेत्र में भावी रणनीतिक, तकनीकी, वैज्ञानिक प्रगति की दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आने वाले समय में हमारा इसरो अंतरिक्ष के क्षेत्र में और भी बड़े कीर्तिमान स्थापित करेगा और हम अंतरिक्ष के क्षेत्र में विश्व का सिरमौर देश होंगे।

## प्रसंगवश

# विवाहेतर संबंध: भावना, भ्रम और भयावहता का त्रिकोण

प्रेम-एक ऐसा शब्द जो सुनने में सरल लगता है, लेकिन जब जीवन में अपनी सीमाओं से बाहर निकलता है, तो सबसे अधिक जटिल और खतरनाक रूप धारण कर लेता है। खासकर तब, जब यह विवाह की सामाजिक और नैतिक चौहद्दियों को लांघता है। विवाहेतर संबंध कोई नई बात नहीं हैं, लेकिन हालिया वर्षों में इनसे उपजे अपराध, हिंसा और आत्महत्याओं की कड़ियां केवल व्यक्तिगत त्रासदी नहीं हैं। यह उस सामाजिक ढांचे में फैलती दरारों की स्पष्ट गवाही हैं, जिन्हें वर्षों से नैतिकता के पर्दे से ढंकने की कोशिश की गई है। अब प्रेम केवल भावना नहीं रहा- यह स्वामित्व, अपेक्षा, अधिकार और असहमति के बीच फंसी एक विस्फोटक रासायनिक प्रक्रिया बन चुका है। जब रिश्तों में पारदर्शिता और संवाद की जगह संदेह और आत्मीयता की जगह अधिकार खड़ा हो जाता है, तो वह रिश्ता एक प्रयोगशाला बन जाता है-जहां ज़रा सी चूक भी विस्फोटक परिणाम ला सकती है। और यह विस्फोट अब निजी नहीं रहता, वह सार्वजनिक भी होता है, और अक्सर जानलेवा भी। विवाहेतर संबंधों से उपजी हालिया हत्याएं, आत्महत्याएं और प्रतिशोध की घटनाएं एक पैटर्न पर आधारित दिखती हैं: पारदर्शिता और संवाद का अभाव, भावनात्मक असंतुलन, विश्वास का ह्रास, और वह अपमान- जो किसी एक पक्ष के लिए असहनीय हो जाता है। ये घटनाएं उस सड़न को उजागर करती हैं जिसे 'निजी मामला' कहकर टाला या छुपाया जाता रहा है। आज रिश्ते केवल अपराध के कारण नहीं, खुद अपराध बन चुके हैं। अब अपराध लिंग-निर्भर नहीं हैं। न केवल पुरुष दोषी हैं, न महिलाएं केवल पीड़िता। कुछ घटनाओं में पुरुष अपने जीवन साथी और उसके सहयोगियों के षड्यंत्र का शिकार बने, तो कई मामलों में महिलाएं उन संबंधों की बलि चढ़ीं, जिनमें प्रेम दरअसल छल, वासना और नियंत्रण का दूसरा नाम था। यह किसी एक वर्ग की नैतिक विफलता नहीं-यह उस समाज की गिरावट है, जो रिश्तों को निभाने, छिपाने और खींचते रहने में गर्व महसूस करता है, लेकिन संवाद, स्पष्टता और फैसले लेने की संस्कृति से कतराता है। डिजिटल माध्यमों ने इन संबंधों को और भयावह बना दिया है। अब प्रेम स्मृति नहीं, स्क्रीनशॉट्स, चैट्स, रिकॉर्डिंग और वीडियो की शक्ल में संग्रहीत है-जो भावनात्मक दस्तावेज़ नहीं, बदले के हथियार बन जाते हैं। जब कोई रिश्ता टूटता है, तो उसका मलबा अब मन में नहीं, इंटरनेट पर बिखरता है और यह आभासी हिंसा, असल हिंसा से कहीं अधिक गहरी चोट दे जाती है। विवाहेतर संबंधों का अस्तित्व किसी इनकार से नहीं मिटता। लेकिन यह मान लेना कि हर ऐसा रिश्ता केवल 'भावनात्मक खालीपन' की भरपाई है- यह भी एक सुविधाजनक झूठ है। असंतोष का अर्थ यह नहीं कि कोई तीसरा व्यक्ति उस बंधन को तोड़ने का नैतिक अधिकार ले आए। तब 'प्रेम' सिर्फ बहाना बनता है-और उसके नीचे पलती है अव्यवस्था, लालच और खुदगर्ज़ी। यही असंतुलन अपराध की ओर ले जाता है। और जब ये अपराध होते हैं, तो कीमत एक व्यक्ति, एक परिवार, और कई बार पूरे सामाजिक संतुलन को चुकानी पड़ती है। विवाह अब स्थायित्व की गारंटी नहीं, बल्कि संदेह, असुरक्षा और अव्यक्त टकरावों का मैदान बन चुका है।



डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर, मथुरा

जब इसमें तीसरे की मौजूदगी जुड़ती है- भावनात्मक हो या शारीरिक-तो यह एक खतरनाक त्रिकोण बन जाता है, जिसमें अंततः सब कुछ टूटता है: भरोसा, संबंध, और कभी-कभी-जीवन भी। ये घटनाएं केवल पुलिस केस नहीं हैं। ये उस भीतर गहराई से उठी चीखें हैं, जहां कोई खुद को खत्म करने के सिवा कुछ और नहीं सोच पाता। यह उस समाज की पराजय है, जो किसी व्यक्ति को टूटने से पहले बोलने की इजाज़त तक नहीं देता। जहां संवाद को दुर्बलता और पारदर्शिता को असहजता माना जाता है। असली हार वहीं है-जहां ऐसे हादसों को या तो नैतिकता की चादर से ढंक दिया जाता है, या सनसनी बनाकर बेच दिया जाता है। लेकिन हर बार नतीजा एक-सा रहता है- एक और शव, एक और वायरल वीडियो, एक और घर, जो एक झटके में ढह गया। जब तक रिश्तों में स्पष्टता, जवाबदेही और एक रेखीय प्रतिबद्धता नहीं होगी स्थिति बिगड़ती ही रहेगी, क्योंकि कोई भी रिश्ता तभी टिकता है, जब वह बोझ न बने। और बोझ वहीं बनता है, जहां संवाद थम जाता है।

# तेल-गैस कंपनियों के निवेशकों की कमाई पर खतरा



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

**निवेशकों के लिए भी अब सतर्कता जरूरी है। आज निवेश से पहले सिर्फ लाभांश दर ही नहीं, बल्कि कंपनी की पर्यावरणीय रणनीति, कार्बन उत्सर्जन प्रबंधन और जलवायु अनुकूलन क्षमताओं का आकलन करना आवश्यक है। भारत की तेल और गैस कंपनियां एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी हैं। जलवायु परिवर्तन ने इनकी पारंपरिक लाभप्रदता और निवेशकों के भरोसे को गंभीर चुनौती दी है। जो कंपनियां समय रहते हरित ऊर्जा में रूपांतरण, तकनीकी नवाचार और पारदर्शिता की ओर कदम बढ़ाएंगी, वे न केवल टिकाऊ रहेंगी, बल्कि निवेशकों को दीर्घकालिक लाभ भी दिला सकेंगी।**

आज पूरी दुनिया जब नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की ओर तेजी से बढ़ रही है, वहीं पारंपरिक तेल और गैस कंपनियां जलवायु परिवर्तन के कारण आर्थिक और परिचालन दोनों स्तरों पर गहरे संकट में हैं। भारत जैसे विकासशील देश में, जहां ऊर्जा की मांग निरंतर बढ़ रही है, वहां ये कंपनियां जलवायु जोखिम, नीति दबाव और प्राकृतिक आपदाओं से दोहरी मार झेल रही हैं। इसका सीधा असर कंपनियों की लाभप्रदता पर तो पड़ ही रहा है, साथ ही निवेशकों के रिटर्न में भी भारी गिरावट आ रही है। भारत की प्रमुख तेल कंपनियां-जैसे ओएनजीसी, ऑयल इंडिया लिमिटेड, इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम, रिलायंस इंडस्ट्रीज़ और नायरा एनर्जी-इन सभी पर जलवायु परिवर्तन का असर देखा जा रहा है। उदाहरण के लिए ओएनजीसी ने वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में 11,500 करोड़ रुपये का लाभ कमाया, लेकिन कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में 7 प्रतिशत की गिरावट और रिफाइनिंग मार्जिन के दबाव के कारण उसके राजस्व में गिरावट आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज़, जो ग्रीन एनर्जी में बड़े निवेश की दिशा में अग्रसर है, तुलनात्मक रूप से अधिक स्थिरता बनाए हुए है।

2020 में ऑयल इंडिया लिमिटेड की असम स्थित साइट पर गैस रिसाव और आगजनी की घटना ने यह साफ कर दिया कि जलवायु जोखिम केवल सिद्धांत नहीं, बल्कि ठोस वित्तीय और परिचालनीय झटके भी दे सकता है। उस एक घटना में कंपनी को 700 रुपये रोड़ से अधिक का नुकसान हुआ और उसकी ब्रांड छवि को भी भारी नुकसान पहुंचा। उस समय कंपनी का शेयर 15 प्रतिशत तक गिर गया था।

शेयर बाजार के प्रदर्शन पर नज़र डालें तो जलवायु परिवर्तन के प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखते हैं। बीपीसीएल ने जुलाई 2022 से जून 2024 के बीच महज़ 2.5 प्रतिशत सालाना रिटर्न दिया, जबकि इसी अवधि में निफ्टी 50 इंडेक्स ने 12 प्रतिशत से अधिक का वार्षिक रिटर्न दिया।

दूसरी ओर, रिलायंस इंडस्ट्रीज़ ने जब 2021 में 75,000 रुपये करोड़ का ग्रीन एनर्जी निवेश घोषित किया, तब उसके शेयर में स्थिरता और निवेशकों का भरोसा बना रहा। यह उदाहरण दर्शाता है कि पर्यावरणीय रूप से ज़िम्मेदार रणनीति अपनाने वाली कंपनियां ही आज निवेशकों का ध्यान आकर्षित कर पा रही हैं। डिविडेंड की बात करें तो पहले जो कंपनियां 6-8 प्रतिशत का मजबूत डिविडेंड यील्ड देती थीं, अब वे भी दबाव में हैं।

इन समस्याओं का समाधान केवल नीति या सरकारी समर्थन से नहीं निकलेगा, बल्कि कंपनियों को अपने अंदर से बदलाव लाने होंगे। सबसे पहले, उन्हें मेथेन उत्सर्जन पर नियंत्रण करना होगा, जो कि सीओ 2 की तुलना में 80 गुना अधिक प्रभावशाली ग्रीनहाउस गैस है। इसके अलावा, कार्बन कैप्चर टेक्नोलॉजी को अपनाना, ऊर्जा कुशल तकनीकों में निवेश करना, और संचालन में ईएसजी रिपोर्टिंग को मजबूत करना आज की जरूरत है।

व्यावसायिक विविधीकरण भी आवश्यक है। रिलायंस ने सोलर और ग्रीन हाइड्रोजन में निवेश शुरू कर दिया है। अदानी समूह ने 70,000 रुपये करोड़ हरित ऊर्जा में निवेश की योजना बनाई है। भारत सरकार भी गैस इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती देने के लिए 41,000 रूपये करोड़ का निवेश जम्मू-कश्मीर और नॉर्थ-ईस्ट में कर रही है, ताकि स्वच्छ ऊर्जा का विस्तार हो।

निवेशकों के लिए भी अब सतर्कता जरूरी है। आज निवेश से पहले सिर्फ लाभांश दर ही नहीं, बल्कि कंपनी की पर्यावरणीय रणनीति, कार्बन उत्सर्जन प्रबंधन और जलवायु अनुकूलन क्षमताओं का आकलन करना आवश्यक है। भारत की तेल और गैस कंपनियां एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी हैं। जलवायु परिवर्तन ने इनकी पारंपरिक लाभप्रदता और निवेशकों के भरोसे को गंभीर चुनौती दी है। जो कंपनियां समय रहते हरित ऊर्जा में रूपांतरण, तकनीकी नवाचार और पारदर्शिता की ओर कदम बढ़ाएंगी, वे न केवल टिकाऊ रहेंगी, बल्कि निवेशकों को दीर्घकालिक लाभ भी दिला सकेंगी। दूसरी ओर, जो कंपनियां बदलाव से दूर रहेंगी, उनके लिए निवेशकों का विश्वास जीतना और बाजार में स्थायी बने रहना बेहद कठिन हो जाएगा।

## सोशल फोरम

# क्षमाशीलता का अभाव

जो क्षमाशील नहीं हैं वे दूसरों को क्षमाशील मान ही नहीं पाते। मानव स्वभाव की सीमा। वह दूसरों को समझने में स्वयं को प्रक्षेपित करता है। लिहाज़ा अपने वर्चस्व के दौर में उन्होंने या उनके पूर्वजों ने अन्याय-अत्याचार से जिन लोगों को त्रस्त किया था, उन्हें वे संभावित शत्रु मानते है। ख़ुद के कमज़ोर पड़ने पर यह मानकर चलते हैं कि पूर्व में उनसे त्रस्त हुए लोग बदले की भावना से उम्हें ज़रूर त्रस्त करेंगे। वे मान ही नहीं पाते कि उनके या उनके पूर्वजों से त्रस्त हुए लोग सहज, क्षमाशील मानव-स्वभाव के अनुरूप समय के साथ उनके या उनके के पूर्वजों द्वारा किए गए अन्याय-अत्याचार को भूल चुके होंगे और मित्र भाव से मिलजुल कर आगे बढ़ना चाहते होंगे। वे उन्हें स्थाई शत्रु के रूप में देखते हैं और असुरक्षा-भाव से ग्रस्त रहते हैं। आदमी का स्वभाव, स्मृति में अन्याय की लंबी श्रृंखला लिए हुए जीता है। लिहाज़ा, न चैन से बैठ सकता है, न औरों को बैठने दे सकता है।




कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

स्वतंत्रता-आंदोलन के दौरान एक वर्ग उसके पूर्वजों द्वारा अपने वर्चस्व-काल में किए गए अन्याय-अत्याचार के शिकार लोगों को अनायास शत्रुभाव से देखने लगा, उनसे असुरक्षित महसूस करने लगा।

ईश्वर की माया, क्षमाशीलता से महरूम ऐसे लोगों की संख्या किसी भी समूह, किसी भी संप्रदाय, किसी भी देश और किसी भी काल में क्षमाशील लोगों की अपेक्षा अधिक होती है। कारण, प्रकृति के तीन गुणों, सत्व, रज और तम, में तम रज से और रज सत्व से कई गुना अधिक होता है। क्योंकि सत्व रज से और रज तम से कई गुना सूक्ष्म होता है। प्रकृत्या सूक्ष्म मात्रा में स्थूल से हमेशा कम होता है। इतने बड़े शरीर के जटिल किन्तु स्थूल तानेबाने में अभिनिविष्ट हमारी चेतना की मात्रा कितनी होती है? इतनी स्वल्प कि न उसे देखा जा सकता है, न उसका स्पर्श किया जा सकता है, जब कि मेरी चेतना ही 'मैं' है, शरीर और अंग प्रत्यंग उसी के हैं। वही हमारी समझ, हमारी सोच, हमारे भावसंसार, हमारे चयन, हमारे प्रेम, हमारी घृणा, हमारे क्रोध, हमारी शान्ति, हमारे दुःख-सुख की निर्धारक होती है। मनुष्य का उन्नयन या पतन वस्तुतः उसकी चेतना का ही उन्नयन या पतन होता है।

**-फेसबुक वॉल से**

# सामाजिक सुरक्षा का बढ़ता दायरा



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

**गौर करें तो सामाजिक सुरक्षा वैश्वीकरण और उसके कारण होने वाले संरचनात्मक और तकनीकी परिवर्तनों से उपजी चुनौतियों से निपटने में अधिक सकारात्मक रवैए के निर्माण में सहायता प्रदान करती है।**

अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के आंकडों से उद्घाटित हुआ है कि भारत में 94 करोड़ से अधिक लोग किसी न किसी सामाजिक सुरक्षा लाभ के दायरे में आ गए हैं। ये आंकड़े रेखांकित करते हैं कि सामाजिक सुरक्षा के संदर्भ में अब भारत चीन के बाद दूसरे नंबर है। आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2015 में भारत में सोशल सिक्योरिटी कवरेज महज 19 प्रतिशत था जो अब बढ़कर 64.3 प्रतिशत हो गया है। आईएलओ का कहना है कि दुनिया भर में सबसे तेज सामाजिक सुरक्षा दायरे का विस्तार भारत में हुआ है। यह स्थिति भारत के लिए बेहद उत्साहजनक है। गौर करें तो सामाजिक सुरक्षा वैश्वीकरण और उसके कारण होने वाले संरचनात्मक और तकनीकी परिवर्तनों से उपजी चुनौतियों से निपटने में अधिक सकारात्मक रवैए के निर्माण में सहायता प्रदान करती है। सामाजिक सुरक्षा में यह परिकल्पना की जाती है कि नागरिकों को सभी प्रकार के सामाजिक जोखिमों से रक्षा की जाएगी जो उनकी बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति में अनावश्यक मुश्किलें उत्पन करती हैं। यह सच्चाई है कि कामगारों के पास बीमारी, दुर्घटना, वृद्धावस्था, रोग और बेरोजगार आदि के कारण उत्पन जोखिमों का सामना करने के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधन नहीं होता है और संकट के समय में उनकी सहायता करने के लिए जीविका का वैकल्पिक साधन का अभाव होता है। इसलिए कामगारों को सामाजिक सुरक्षा देना राज्य का दायित्व है। 19 वीं शताब्दी के अंत तक अधिकांश राज्य अपने को पुलिस राज्य रखकर ही संतुष्ट थे। उनका मुख्य काम शांति व व्यवस्था कायम रखना था। वे सामाजिक सुरक्षा का कार्य व्यक्तियों और व्यक्तियों के समूहों के जिम्मे छोड़ रखे थे। लेकिन धीरे-धीरे राज्य के स्वभाव में बुनियादी बदलाव आया और उसकी प्राथमिकता में सामाजिक सुरक्षा की औपचारिक व्यवस्था शीर्ष पर हो गई।

गौर करें तो संपूर्ण यूरोपीय देशों में विस्तृत सामाजिक सुरक्षा लागू है। संयुक्त राज्य अमेरिका में भी जनता को लाभ पहुंचाने संबंधी विस्तृत सामाजिक सुरक्षा योजनाएं चालू हैं। भारतीय संदर्भ में सामाजिक सुरक्षा एक समग्र अधिगम है जिसका निर्माण व्यक्ति को आर्थिक अभाव से बचाने और व्यक्ति के खुद के लिए तथा उसके आश्रितों के लिए, उन्हें आर्थिक अनिश्चितता की स्थिति से बचाने हेतु एक न्यूनतम आय की सुनिश्चितता के लिए किया गया है। यह तथ्य भारत के नीति-नियंताओं द्वारा पहचाना गया और तद्नुसार सामाजिक सुरक्षा से संबंद्ध विषयों को राज्य के नीति-निर्देशक तत्व और समवर्ती सूची में संबंद्ध किया गया। भारतीय संविधान की समवर्ती सूची में भी सामाजिक सुरक्षा और बीमा, रोजगार और बेरोजगार, कार्य परिस्थिति, भविष्यनिधियां, नियोक्ताओं का दायित्व, कामगारों की क्षतिपूर्ति अवैधता, श्रम कल्याण, वृद्धावस्था पेंशन और मातृत्व लाभ का उल्लेख है।

भारत में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने एक सामाजिक सुरक्षा प्रभाग की स्थापना की है जो कर्मगार सामाजिक सुरक्षा से संबंधित सभी कानूनों के प्रशासन के लिए सामाजिक सुरक्षा नीति एवं योजनाएं बनाने और क्रियान्वित करने का कार्य करता है। सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए आज देश में पोषण सुरक्षा की देखभाल राष्ट्रीय तैयार मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम, समन्वित बाल विकास योजना, किशोरी शक्ति योजना, किशोर लड़कियों के लिए पोषण कार्यक्रम और प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना चलाई जा रही है। राष्ट्रीय तैयार मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम लगभग पूरे भारत में चल रहा है। समन्वित बाल विकास योजना का विस्तार भी चरणबद्ध ढंग से हो रहा है। सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए अंत्योदय अन्य योजना का दायरा बढ़ा दिया गया है।

राज्यों के अंतर्गत लक्षित जन वितरण प्रणाली के तहत पहचान किए गए गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों में से, अत्यंत ही गरीब परिवारों की पहचान करने का कार्य अंत्योदय योजना के तहत किया गया है। खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग को संशोधित कर लघु एवं ग्रामीण उद्योगों के जरिए ज्यादा से ज्यादा रोजगार सृजन करने के लिए सुनिश्चित किया गया है। असंगठित क्षेत्र को सामाजिक सुरक्षा से लैस करने के लिए राष्ट्रीय उद्यम आयोग की स्थापना एक पारदर्शी निकाय के रुप में की गई है। वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा 4 करोड़ से अधिक लोगों को आवास उपलब्ध कराया गया है। आने वाले दिनों में 3 करोड़ और आवास निर्मित करने का लक्ष्य सुनिश्चित किया गया है। लोगों का स्वास्थ्य रहे इसके लिए सरकार आयुष्मान योजना को लागू की है। सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा असंगठित सामाजिक सुरक्षा के तहत ही समाज के कमजोर वर्गों को कानूनी सहायता देने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है। निश्चित रुप से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से सामाजिक सुरक्षा मजबूत हुई है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह***
0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### कल जिले में रहेंगी राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष

**उन्नाव :** जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला अयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान 14 जून दिन शनिवार को जिले में रहेंगी। वह वन स्टाप सेंटर उन्नाव में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों को चेक वितरण व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ संवाद कार्यक्रम मे प्रतिभाग करेंगी। इसके अलावा वह जिला महिला चिकित्सालय व महिला बंदीगृह का निरीक्षण भी करेंगी। इसके बाद शहर के नार्मल मैदान कृष्णा नगर में अभ्युदय सेवा संस्थान द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन में प्रतिभाग करेंगी।

### रंजिश में जीजा-साले को पीटा, पुलिस से शिकायत

**शुक्लागंज (उन्नाव) :** रामबक्श खेड़ा गांव में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक और उसके जीजा पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया। घायल पक्ष ने गंगाघाट कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता सावित्री ने बताया कि बुधवार को उसका दामाद, रजई खेड़ा निवासी सर्वेश, घर आया था और अपने साले विशाल के साथ शंकरपुर में लगे मेले को देखने गया था। इस दौरान गांव के ही एक युवक और उसके बेटों ने रास्ता रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी। जब सर्वेश ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से उसकी पिटाई कर दी। बचाव करने पहुंचे विशाल को भी मारा पीटा, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। घटना के बाद दोनों को इलाज के लिए भेजा गया। गंगाघाट पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है और कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### ब्लॉक लेकर अप लाइन पर ओएचई मेंटीनेंस

**शुक्लागंज (उन्नाव) :** गुरुवार को गंगाघाट रेलवे स्टेशन यार्ड के पास ओएचई का मेंटीनेंस कार्य किया गया। इसके लिए विभाग ने कंट्रोल से आधे घंटे का ब्लॉक लिया, जिससे इस दौरान रेल संचालन प्रभावित रहा। ब्लॉक समाप्त होने के बाद संचालन सामान्य हो सका। लखनऊ-कानपुर रेल रूट स्थित गंगाघाट रेलवे स्टेशन यार्ड में मेंटीनेंस कार्य सुबह 11:20 से 11:50 बजे तक किया गया। विभाग की ओर से पहले से सूचना देकर ब्लॉक की स्वीकृति ली गई थी। ब्लॉक अवधि में अप लाइन पर ट्रेनों का संचालन कुछ समय के लिए रोका गया। ब्लॉक समाप्त होते ही ट्रेनों का संचालन फिर से सामान्य कर दिया गया। रेल अधिकारियों के अनुसार, मेंटीनेंस कार्य नियमानुसार और सुरक्षित ढंग से पूरा किया गया।

# गंगा का जलस्तर गिरा, गहराया जल संकट

## गुरुवार को केन्द्रीय जल आयोग ने 107.600 मीटर दर्ज किया जलस्तर, लोग पैदल पार कर रहे हैं नदी

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)**



गंगा का जलस्तर घटने से दूर तक दिखती रेती। अमृत विचार

**अमृत विचार:** अप्रैल से जून तक पड़ रही भीषण गर्मी के कारण गंगा नदी का जलस्तर लगातार घटता जा रहा है, जिससे शुक्लागंज और आसपास के क्षेत्रों में पानी की भारी किल्लत उत्पन्न हो गई है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार गंगा का मौजूदा जलस्तर मात्र 107.600 मीटर है, जो सामान्य से काफी कम है। नदी के घाटों से अब गंगा काफी दूर हो चुकी है और कई स्थानों पर लोग पैदल ही नदी पार कर रहें हैं।

गर्मी के कारण गंगा की जलधारा अब नहर जैसी दिखाई दे रही है। पानी कम होने से नदी के तल में रेत उड़ रही है और पुलों के आसपास का इलाका धूल-धक्कड़ से भर गया है। पुराने यातायात पुल, रेलवे पुल और नवीन पुल के नीचे अब केवल रेत नजर आ रही है, जिससे पुल से गुजरने वालों को गर्म हवा और उड़ती रेत का सामना करना पड़ रहा है। कई लोगों के चेहरे लू और रेत के कारण झुलसने लगे हैं। जलस्तर में भारी गिरावट का असर भूगर्भीय जल पर भी साफ दिख रहा है। कम गहराई वाले हैंडपंप अब पानी नहीं दे रहे, केवल हवा निकल रही है। वहीं, मोटरें भी पानी नहीं खींच पा रही हैं, जिससे लोगों की टंकियां सूखी पड़ी हैं। गर्मी के इस मौसम में जल संकट ने आमजन की परेशानी बढ़ा दी है और लोगों को पेयजल की किल्लत झेलनी पड़ रही है।

**अचानक बेहोश होकर गिरा वृद्ध, हुई मौत, गंजमुरादाबाद, उन्नाव:** नगर के मोहल्ला जोगियाना निवासी एक वृद्ध गुरुवार शाम मल्लावां से पैदल घर आ रहा था। तभी गांव सुल्तानपुर में वह बेहोश होकर गिर पड़ा। ग्रामीण उसे स्थानीय सरकारी अस्पताल लाए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र के उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित गांव सुल्तानपुर के पास गुरुवार शाम करीब 6 बजे एक वृद्ध अचानक बेहोश होकर गिर पड़ा। ग्रामीणों ने उसे एंबुलेंस से गंजमुरादाबाद के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा शिनाख्त कराने पर उसकी पहचान अली हसन 50 वर्ष पुत्र जहूर के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वह मूलरूप से हैदराबाद के मोहल्ला सुभाष नगर का निवासी था। किंतु कस्बा गंजमुरादाबाद के जोगियाना में वह रिश्तेदारी में रहता था। चौकी प्रभारी ऋषि कपूर ने बताया कि वृद्ध भिक्षा के सहारे जीवन गुजार रहा था। उसे हृदय संबंधी बीमारी भी थी। पोस्टमार्टम कराए बिना शव उसके रिश्तेदारों को सौंप दिया गया है।

### गश खाकर गिरने से वृद्ध की मौत, लू लगने की आशंका

**संवाददाता नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार :** बाग से लौट रहा वृद्ध रास्ते में अचानक गश खाकर गिर गया। परिजन आनन-फानन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि सीएचसी में समय से इलाज नहीं मिला। परिजनों ने लू लगने की आशंका जताई है। सोहरामऊ थानाक्षेत्र के भटपुरा गांव निवासी रामनाथ (60) स्व. कल्लू की गांव के बाहर आम की बाग है। गुरुवार सुबह वह रोज की तरह बाग गया था। बाग से दोपहर में घर आते समय वह रास्ते में गश खाकर अचानक गिर गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना परिजनों को दी तो परिजन उसे एंबुलेंस से लेकर नवाबगंज सीएचसी पहुंचे। बताते हैं कि एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचने के बाद कुछ देर तक उसे कोई इलाज नहीं मिला। जब तक उसका इलाज शुरू होता तब तक उसने दम तोड़ दिया। मृतक की पत्नी रामरती का आरोप है कि समय पर इलाज नहीं मिला। अगर किसी अन्य अस्पताल ले जाते तो शायद उसकी जान बच जाती।

# पालिका द्वारा फोरलेन डिवाइडर पर लगवाई गई रेलिंग क्षतिग्रस्त



फोरलेन पर इस तरह क्षतिग्रस्त पड़ी है रेलिंग। अमृत विचार

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)**

**अमृत विचार:** नगर पालिका गंगाघाट की ओर से बालूघाट मोड़ से लेकर मरहला चौराहे तक फोरलेन डिवाइडर पर लगी लोहे की रेलिंग लगवाई गई थी। अधिकांश स्थानों पर रेलिंग क्षतिग्रस्त होकर टूट गई है। जिससे मवेशी डिवाइडर पर घुस जाते हैं और वहां लगे पौधों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

गंगाघाट नगर पालिका द्वारा लाखों रुपये खर्च कर डिवाइडर के दोनों ओर यह रेलिंग लगवाई गई थी, ताकि डिवाइडर पर लगे पौधों को सुरक्षित रखा जा सके। लेकिन अब देखरेख के अभाव में कई स्थानों पर रेलिंग क्षतिग्रस्त हो चुकी है। टूटी हुई रेलिंग के कारण आवारा मवेशी डिवाइडर के अंदर प्रवेश कर रहे हैं और वहां लगे पौधों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। पौधे उखड़ने और चर जाने से हरियाली खत्म होती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले जहां डिवाइडर की सुंदरता देखने लायक थी, अब वहां अव्यवस्था और गंदगी का आलम है। नगर पालिका की लापरवाही के चलते न केवल पौधे नष्ट हो रहे हैं, बल्कि दुर्घटना की आशंका भी बढ़ गई है। इस संबंध में नगर पालिका ईओ मुकेश कुमार मिश्रा ने कहा कि जहां-जहां रेलिंग टूटी है, उसकी मरम्मत जल्द कराई जाएगी।

# बाढ़ से निपटने को अभी से तैयारी कर लें जिम्मेदार अधिकारी : जिलाधिकारी

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव**




बैठक में मातहतों को निर्देशित करते जिलाधिकारी गौरांग राठी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** कलक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में बाढ़ से पूर्व तैयारियों के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में कहा गया कि जिले की दो नदियों गंगा व सई में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होती है। जिसमें गंगा के अन्तर्गत तहसील बांगरमऊ, सफीपुर, उन्नाव व बीघापुर के गांव व क्षेत्र प्रभावित होते हैं। वहीं, सई नदी से प्रभावित होने वाली तहसीलों में हसनगंज व पुरवा आते हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नाविकों व गावों का चिन्हांकन कर बाढ़ कैंप व चौकियों पर कर्मचारियों की तैनाती व जीवन उपयोगी वस्तुओं की व्यवस्था कर लें। सम्भावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में भूसा, पानी, राशन किट, दवाईयां आदि की बाढ़ से पूर्व समुचित व्यवस्था कर ली जाए। पुलिस व चिकित्सा विभाग संक्रामक रोगों व महामारी की रोकथाम की तैयारी सहित बाढ़ चौकियों में चिकित्सा की समुचित व्यवस्था कराएं।

**तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक में दिए दिशा-निर्देश**

जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग को निर्देश दिए कि नालों की सफाई व नहरों, बांधों व तटबन्धों की मरम्मत, पर्याप्त मात्रा में पंपिग सेट की उपलब्धता, बांधों व तटबन्धों की निगरानी हेतु स्टाफ की नियुक्ति व खाली बोरियों व रेत-मौरंग आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करा लें। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी तहसीलों व जिला मुख्यालय पर बाढ़ कंट्रोल रूम 24 घंटे क्रियाशील किए जाएं। बैठक में एडीएम सुशील कुमार गोंड, एएसपी प्रेमचन्द्र, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शौर्य अरोणा, जिला पूर्ति अधिकारी राज बहादुर, जिला कृषि अधिकारी शशांक, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. महावीर सिंह, एक्सईएन विद्युत भरत गौतम, एसडीएम सदर क्षितिज द्विवेदी व बीघापुर रणवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# यूके लिप्टस के बाग में लगी आग सैकड़ों पेड़ जलकर राख



आग से जला बाग। अमृत विचार

**संवाददाता, फतेहपुर चौरासी उन्नाव**

**अमृत विचार:** यूके लिप्टस के बाग में अज्ञात कारणों से लगी आग से सैकड़ों की संख्या में पेड़ जलकर राख हो गए। अथक प्रयासों के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। सूचना पर पहुंचे राजस्व कर्मी ने आग से हुए नुकसान का आकलन किया है।

थानाक्षेत्र के गांव समसापुर भूड़ निवासी राजकुमार प्रजापति ने गांव किनारे अपने डेढ़ बीघा खेत में यूके लिप्टस आदि पेड़ों का बाग लगा रखा है। गुरुवार को बाग में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। ग्रामीणों ने निजी संसाधनों का प्रयोग कर आग पर काबू पाया। ग्रामीण जब तक आग पर काबू पाते तब तक डेढ़ बीघा क्षेत्र में लगे यूके लिप्टस व अन्य पेड़-पौधे जल गए। ग्रामीणों की सतर्कता से आग गांव तक नहीं पहुंच पाई। जिससे बड़ी घटना होने से बच गई। लेखपाल यज्ञ प्रसाद दीक्षित ने नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी है।

# फोरलेन पर निर्माण सामग्री डंप कर किया कब्जा

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)**



इस तरह आधे फोरलेन तक फैली है निर्माण सामग्री। अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर के बीचों-बीच गुजरने वाले गंगाघाट-शुक्लागंज फोरलेन पर इन दिनों अतिक्रमण ने हालात बिगाड़ दिए हैं। फुटपाथ और साइकिल ट्रैक पर दुकानदारों, ठेले और बिल्डिंग मैटेरियल व्यापारियों ने कब्जा कर रखा है। इसके चलते आम लोगों को पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। पीक ऑवर में स्थिति और भी जटिल हो जाती है, जब सड़क पर जाम की स्थिति बनी रहती है।

गंगाघाट रेलवे क्रासिंग से मरहला चौराहे तक फोरलेन के दोनों ओर दुकानें सजी होती हैं। रेडीमेड कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक्स, फल, फास्ट फूड और अन्य दुकानदार फुटपाथ और आधी सड़क तक कब्जा जमाए बैठे हैं। शाम होते ही ठेले-खुंचे और स्ट्रीट वेंडर भी सक्रिय हो जाते हैं। अधिकांश फास्ट फूड स्टॉल आधी सड़क तक फैल जाते हैं, जिससे अक्सर भीषण जाम लग जाता है। बिल्डिंग मैटेरियल बेचने वाले व्यापारियों ने फोरलेन के किनारे गिट्टी, मौरंग, बालू जैसी निर्माण सामग्री डंप कर रखी है। इससे बाइक सवार फिसलकर गिर रहे हैं और कई हादसे भी हो चुके हैं। प्रशासन की ओर से चेतावनी देने के बावजूद इन व्यापारियों ने सड़क पर अतिक्रमण जारी रखा है। गंगाघाट पुलिस शाम के समय गश्त पर जरूर निकलती है, लेकिन केवल ट्रैफिक बाधित करने वाले वाहनों पर कार्रवाई कर लौट जाती है। अतिक्रमणकारियों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती, जिससे उनकी हिम्मत बढ़ती जा रही है।

**पालिका और पुलिस प्रशासन बना अनदेखा, फुटपाथ व साइकिल ट्रैक पर अवैध कब्जा**

वहीं इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष कौमुदी पांडेय ने बताया कि जल्द ही अतिक्रमण के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़क पर निर्माण सामग्री डंप करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और जरूरत पड़ी तो सामान जब्त भी किया जाएगा।

### सरैयां आरओबी निर्माण कार्य में तेजी, जाम लगने से राहगीर परेशान

**शुक्लागंज (उन्नाव) :** मानसून के पूर्व सरैयां रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कार्य में तेजी लाई जा रही है। राज्य सेतु निगम द्वारा मरहला चौराहा क्षेत्र में फाउंडेशन कार्य के उपरांत अब पिलर निर्माण शुरू कर दिया गया है। पाइलिंग कार्य पूरा होने के बाद अब पिलरों की अपर लेयर बनाने के लिए शटरिंग बांध कर कंक्रीट की ढलाई की जा रही है। गुरुवार को पिलर संख्या 23, 24, 26 व 27 पर कार्य किया गया। निर्माण एजेंसी द्वारा लोहे की सरिया का जाल बांधकर पियर कैप के लिए शटरिंग की गई, जिसमें कंक्रीट डाला गया। यह कार्य सुबह से शाम तक लगातार जारी रहा। निर्माण गति बढ़ने से परियोजना समय से पहले पूरी होने की संभावना है, लेकिन इसके चलते ट्रैफिक व्यवस्था चरमराने लगी है। मरहला चौराहा से गुजरने वाला यातायात दिनभर प्रभावित रहने से लोग परेशान रहे।

**आयोजन** | विकास भवन सभागार में कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों को सफलता प्राप्त करने हेतु किया प्रेरित

# हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के टॉपर्स को किया गया सम्मानित

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव**

**अमृत विचार:** विकास भवन सभागार में जिले के हाईस्कूल व इंटर परीक्षा वर्ष-2025 के टॉप-10 मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह जन प्रतिनिधियों, जिलाधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी गौरांग राठी ने मेधावी छात्र-छात्राओं को लक्ष्य की सफलता के उद्देश्य का निर्धारण करते हुए सफलता प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। छात्र-छात्राओं व अभिवावकों से सीधी बातचीत भी की। विधायक मोहान बृजेश रावत ने भी छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने के लिये प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त परमात्मा शरण प्रथानाचार्य राजकीय इंटर कालेज उन्नाव, अजब सिंह प्रधानाचार्य अटल बिहारी इंटर कालेज उन्नाव व रुचि श्रीवास्तव प्रधानाचार्या रानी शंकर सहाय बालिका इंटर कालेज आदि ने सहयोग प्रदान किया।



सम्मानित छात्र-छात्राओं के साथ जिला विद्यालय निरीक्षक एसपी सिंह। अमृत विचार

**मुख्यमंत्री ने आस्था पटेल व जिले के 10 टॉपर को किया सम्मानित, उन्नाव:** जिले में आस्था पटेल छात्रा पतिराजा महिपाल इंटर कालेज घाटमपुरखुर्द को प्रदेश में चौथा स्थान लाने पर मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। प्रदेश में स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को 1 लाख रुपये, एक टैबलेट, प्रशस्तिपत्र व मेडल प्रदान किया गया। जबकि जिले में स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को 21 हजार रुपये, एक टैबलेट, प्रशस्तिपत्र व मेडल देकर उत्साहवर्धन किया गया। जिले से हाईस्कूल में 6 मेधावी छात्र भगवन्तनगर विधानसभा, 2 मेधावी छात्र सदर, 1 मेधावी छात्र मोहान, 1 मेधावी छात्र पुरवा व 1 मेधावी छात्र सफीपुर विधानसभा से है। इसी प्रकार इंटर में 8 मेधावी छात्र भगवन्तनगर विधानसभा से, 1 मेधावी छात्र सदर, 1 मेधावी छात्र पुरवा व एक मेधावी छात्र सफीपुर विधानसभा से टॉपर रहे।




मेधावी को सम्मानित करते जिलाधिकारी व मोहान विधायक बृजेश रावत। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### साक्षरता कार्यक्रम में किसानों को किया गया जागरूक



किसानों को खेती-किसानी संबंधी जानकारी देते मुख्य अतिथि व अन्य। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार :** अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में जिला विकास प्रबंधक कार्यालय उन्नाव एवं नाबार्ड के तत्वावधान में कृषक सेवा सहकारी समिति लि. बिछिया में सहकारिता साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अग्रणी बैंक शाखा प्रबंधक आर.के. गौतम रहे। डीडीएम नाबार्ड सुमित पटेल ने सहकारिता के महत्व को रेखांकित करते हुए किसानों से इसे नई ऊंचाइयों पर ले जाने का आह्वान किया। गौतम ने किसानों को बैंकिंग योजनाओं व वित्तीय अधिकारों की जानकारी दी। डीजीएम सहकारिता पुनीत चौधरी ने डिजिटल ठगी से बचाव के उपाय बताए। बैंक ऑफ इंडिया के वित्तीय सलाहकार बी.एन. शुक्ला ने साइबर क्राइम व बीमा योजनाओं पर जानकारी दी। कार्यक्रम में संजय सिंह, चित्रा, रामदेव लोधी, आशीष, संदीप दीक्षित सहित आधा सैकड़ा किसान उपस्थित रहे। एवोक इंडिया फाउंडेशन के राकेश कुमार, वरुण तिवारी, अंशल चंद्रवी और किरण यादव ने किसानों को पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेवाई, एपीवाई, एसएसवाई, मुद्रा योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए लाभ उठाने की अपील की।

### सरकार ईडी व सीबीआई का कर रही दुरुपयोग: शिव पांडे



सम्मेलन में मौजूद कांग्रेसी नेता। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर संविधान बचाओ सम्मेलन का आयोजन शहर के अंबेडकर पार्क में किया गया। इसमें उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष व जनपदीय कोऑर्डिनेटर शिव पांडे ने कहा कि आज संविधान खतरे में है। संवैधानिक संस्थाओं ईडी व सीबीआई का दुरुपयोग विपक्षी नेताओं की आवाज दबाने के लिए हो रहा है। सरकार की हामीकारी न करने वालों को अकारण जेल भेजा जा रहा है। इससे देश की नौनिहाल पीढ़ी का भविष्य खतरे में है। फ्रंटल संगठन के कोऑर्डिनेटर चंद्र प्रकाश ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा व सुरक्षा का जो दायित्व राज्य सरकारों को संविधान ने दिया है कि सभी को मुफ्त व अनिवार्य रूप से यह सुविधा प्राप्त हो। वह मिलती नहीं दिख रही है। निजी हाथों में स्वास्थ्य व शिक्षा को सौंप दिया गया है। सम्मेलन को शहर कोऑर्डिनेटर सचिन रावत, समीम खान, हनुमत सिंह, कमल तिवारी, सुभाष सिंह, सुयश बाजपेई आदि ने संबोधित किया। पूर्व जिला पंचायत सदस्य गया प्रसाद कफनधारी ने राहुल गांधी की विचार धारा से प्रेरित होकर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता गृहण की। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा ने की। आभार शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष फैज फारूकी ने प्रकट किया। संचालन एडवोकेट अजय गौतम ने किया। ऋषि बाजपाई, दीपेंद्र सिंह, महेश प्रजापति, जावेद कमाल, आशुतोष शर्मा, मयंक बाजपाई, पुत्तीलाल वर्मा, राकेश अग्निहोत्री, मंसूर खान आदि मौजूद रहे।

### 13 से शुरू होगी अंडर-23 जनपदीय क्रिकेट लीग

**उन्नाव, अमृत विचार :** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पीके मिश्रा ने बताया कि जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अंडर-23 श्याम प्रकाश श्रीवास्तव जनपदीय क्रिकेट लीग 13 जून से पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुरू होगी। जिसमें जिले के करीब 60 पंजीकृत खिलाड़ियों को चार प्रमुख टीमों आइडियल क्लब, पीकेसी क्लब, इंटरनेशनल क्लब व शास्त्री क्लब में विभाजित किया गया है। शुक्रवार को प्रतियोगिता का पहला मैच शास्त्री क्लब व इंटरनेशनल क्लब के बीच सुबह 7 बजे से होगा।

### उपभोक्ताओं ने विद्युत विभाग का पुतला जला जताया विरोध

**औरास, अमृत विचार :** क्षेत्र के गागन गांव में विद्युत उपभोक्ताओं ने लो-वोल्टेज की समस्या के चलते हाजीपुर गोशा पावर हाउस में कई बार शिकायत की। लेकिन समस्या का निदान नहीं निकला। जिससे परेशान लोगों ने गुरुवार को विद्युत विभाग का पुतला जलाकर नारेबाजी कर नाराजगी जताई। साथ ही सभी ने विभाग के अफसरों से व्यवस्था ठीक कराने की मांग भी की। इस दौरान बड़ी संख्या में विद्युत उपभोक्ता मौजूद रहे।

### विधि छात्रों व प्रशिक्षु अधिवक्ताओं का किया स्वागत

**उन्नाव, अमृत विचार :** बार एसोसिएशन उन्नाव के पूर्व अध्यक्ष सतीश शुक्ल ने कानपुर के अधिवक्ता अमित सिंह के साथ पहुंचे 61 युवा अधिवक्ताओं का अपने चैंबर में अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने विधि छात्रों का मुंह भी मीठा कराया। पूर्व अध्यक्ष ने प्रशिक्षु अधिवक्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी ने वकालत जैसे आदर्श पेशे को चुनकर समाज में न्याय दिलाने का संकल्प लिया है। यह सराहनीय कार्य है। कहा कि आज के समय में भ्रष्टाचार व अराजकता बढ़ी है। गरीबों व वंचितों की सुनवाई नहीं हो रही है। ऐसे में अधिवक्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है।

### योजना के तहत बांटे जाते हैं स्मार्टफोन व टैबलेट

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के युवाओं को तकनीकी सशक्तीकरण हेतु टैबलेट व स्मार्टफोन वितरण योजना लागू की है। इस योजना को स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के नाम से संचालित किया गया है। इस योजना का उद्देश्य है कि युवाओं को नेतृत्व क्षमता देने के लिए जरूरी संसाधन व अवसर प्रदान किया जायें। जिला सूचना अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के तहत उच्च-उच्चतर शिक्षण संस्थाओं स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, कौशल विकास, पैरामेडिकल व नर्सिंग आदि के अन्तर्गत अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को बिना पंजीकरण के लाभान्वित किया जाता है। प्रदेश की परिधि में आने वाले केंद्रीय विश्व विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को भी बिना पंजीकरण के लाभान्वित किया जाता है। लाभार्थियों का डिजीशक्ति पोर्टल पर डाटा अपलोड व सत्यापन की त्रिस्तरीय व्यवस्था की गई है। लाभार्थियों को टेबलेट व स्मार्टफोन संबंधित जिले के शिक्षण संस्थान के माध्यम से वितरित किया जाता है।

### दो दिन पूर्व बेहोश मिले वृद्ध ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

**संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार :** नगर के लखनऊ मार्ग चौराहे पर बीते मंगलवार एक अज्ञात वृद्ध बेहोश पड़ा था। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे सरकारी अस्पताल ले गई थी। चिकित्सक के रेफर करने के बाद इलाज के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। उसकी अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। नगर के लखनऊ मार्ग चौराहे पर दुकानदारों ने बीते मंगलवार एक 60 वर्षीय वृद्ध को बेहोश पड़ा देखा था। नागरिकों की सूचना पर पहुंची कस्बा चौकी पुलिस ने एंबुलेंस से उसे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा था और उसकी सोशल मीडिया के जरिए शिनाख्त कराने का भी प्रयास किया था। किंतु उसका कोई परिजन अस्पताल नहीं पहुंचा। अंतत: चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। गुरुवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। फिलहाल शिनाख्त के लिये पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवाया है।

### बच्चों से कार्य कराने पर होगी दंडात्मक कार्रवाई

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** सहायक श्रमायुक्त एसएन नागेश ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम विरोध दिवस पर आईआईए सभागार में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि मनीष निगम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया। बालश्रम के कारण व उनके निवारण पर परिचर्चा विभिन्न वक्ताओं द्वारा की गई। जिले में बालश्रम के उन्मूलन की दिशा में बालश्रम कराने वाले माता-पिता व अभिभावकों को संवेदनशील बनाने हेतु प्रेरित किया गया और जिले के सभी कारखानों, दुकानों व ढाबों आदि के सेवायोजकों द्वारा बच्चों से काम कराने पर दण्डात्मक कार्यवाही के विषय में सहायक श्रमायुक्त ने विस्तार से अवगत कराया। सहायक श्रमायुक्त ने बालश्रम अधिनियम के उपबन्धों के विषय में बताते हुये उपस्थित अतिथियों से अपेक्षा की कि कहीं भी बाल श्रमिक कार्य करते मिलने पर बाल श्रमिक को तुरंत अवमुक्त कराने की कार्यवाही में सहयोग करें। अध्यक्ष व्यापार मंडल ने आश्वासन दिया कि उनके द्वारा पूर्व से ही व्यापारियों से निरन्तर संपर्क कर बालश्रम उन्मूलन की दिशा में प्रयास किया जाता है। गोष्ठी में मौजूद प्रतिभागियों द्वारा संकल्प लिया गया कि जिले से बालश्रम उन्मूलन की दिशा में निरन्तर प्रयास कर इसे समाप्त किया जायेगा। इस दौरान सहायक श्रमायुक्त एसएन नागेश, श्रम प्रवर्तन अधिकारी निलेश दीक्षित, इंदिवर जोशी, राधेश्याम सिंह, जिला बाल संरक्षण अधिकारी संजय मिश्रा, जिलाध्यक्ष उद्योग व्यापार मंडल रजनीकांत श्रीवास्तव, अध्यक्ष सीडब्लूसी शैलेश यादव, मो. आलम, दशरथ राम व सुषमा यादव आदि मौजूद रहे।

# डबल डेकर बस डिवाइडर से टकराई, 17 घायल

## दिल्ली से हमीरपुर सवारी लेकर जा रही थी बस, इटावा में ही बदला गया था बस चालक

संवाददाता बकेवर इटावा

**अमृत विचार**। थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत महेवा के पास हाईवे पर गुरुवार की सुबह दिल्ली से हमीरपुर सवारियां लेकर जा रही एक डबल डेकर प्राइवेट बस डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में बस सवार 17 यात्री घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। बाद में पुलिस ने बस को हटवाकर रास्ता साफ कराया।

हादसा तड़के लगभग चार बजे के आसपास हुआ। इटावा में बस चालक बदला गया था और कुछ ही दूरी तय करने के बाद उसे झपकी आ गई। बस अनियंत्रित होकर सीधे डिवाइडर से जा टकराई, जिससे बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। बस के अनियंत्रित होते ही यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। कुछ लोग बस के अंदर फंसे रह गए, जिन्हें बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने क्रेन मंगवाकर



हादसे का शिकार बस को क्रेन से हटवाती पुलिस। अमृत विचार

- चालक को झपकी आने से तड़के हुआ हादसा

बस को डिवाइडर से हटवाया और यातायात को सामान्य कराया। जिला चिकित्सालय में तैनात इमरजेंसी मेडिकल यूनिट के डॉ. श्याम मोहन ने बताया कि सभी घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया है। सभी घायलों की स्थिति ठीक है। दस यात्रियों पंकज 32 वर्ष निवासी राठ महोबा, सोनी देवी 32 वर्ष निवासी चकरपुर बकेवर इटावा, रुखसाना 55 वर्ष निवासी फ़त्तेपुर मूसा नगर कानपुर देहात, अनमोल 11 निवासी चकरपुर बकेवर इटावा, रितिक 21 वर्ष निवासी कुरारा हमीरपुर, सरपंच 26 वर्ष निवासी डिगभावत थाना चिला जिला बांदा, शुभम 23 वर्ष निवासी कुरारा हमीरपुर, मुकेश कुमार 24 वर्ष निवासी मवाई थाना राठ जिला हमीरपुर, कल्पनाथ 36 वर्ष निवासी कांशीराम कालोनी चकेरी कानपुर, मंजू देवी 34 वर्ष पत्नी कल्पनाथ निवासी कांशीराम कालोनी चकेरी कानपुर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने पंकज, सोनी व रुखसाना को भर्ती कर लिया और शेष मामूली घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया। पुलिस जांच में जुटी है।

### सड़क हादसे में मां-बेटा गंभीर रूप से घायल, सैफई रेफर

**जसवंतनगर**। थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरुवार की सुबह हाईवे पर मलाजनी गांव के पास एक ढाबे के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार मां और बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए पीजीआई भेज दिया गया। औरैया जनपद के नगला जौहरा निवासी इरशाद अपनी मां सन्नो पत्नी रियाज अली के साथ बाइक से अपनी रिश्तेदारी में फिरोजाबाद जाने के लिए निकले थे। जब वह हाईवे पर गांव मलाजनी के सामने पहुंचे तभी किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और इसकी जानकारी पुलिस को दी। हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सीएचसी भिजवाया। वहां पर मौजूद डाक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें पीजीआई भेज दिया।

## बोलेरो से उछले पत्थर से तीन बाइक सवार घायल

**महोबा**। कुलपहाड़ बेलाताल मार्ग पर बेलाताल रेलवे स्टेशन के आगे सामने से आ रही बोलेरो गाड़ी ने सड़क पर पड़े पत्थरों पर बोलेरो चढा दी, जिससे सामने से आ रहे तीन बाइक सवार पत्थर उछल कर लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक में सवार बुड़िया का सिर फट गया।

थाना महोबकंठ के ग्राम परावारी निवासी विश्वनाथ पाल 35, काली चरन 38 और काली चरन की मां भवानी बाई 58 बाइक से कुलपहाड़ जा रहे थे, बेलाताल रेलवे स्टेशन के आगे से आ रही बोलेरो पत्थरों पर चढ़ गई। इससे पत्थर उछल कर बाइक सवारों को लगे, और तीनों घायल हो गए जिन्हे सीएचसी जैतुपर लाया गया। यहां से भवानी बाई को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

## किशोरी के अपहरण और रेप में उम्रकैद

**औरैया**। थाना दिबियापुर क्षेत्र अंतर्गत आठ साल पुराने किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने व दुष्कर्म करने के मामले में न्यायालय ने फैसला सुनाया। विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम अखिलेश्वर प्रसाद मिश्र ने दोषी दीपू उर्फ लल्ला को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है।

अभियोजन की ओर से मामले की पैरवी कर रहे विशेष अभियोजक पाक्सो मृदुल मिश्र ने बताया कि थाना दिबियापुर में पीड़िता के पिता ने रिपोर्ट लिखाई। वादी ने रिपोर्ट में बताया कि वह अनुसूचित जाति का है। 22 सितंबर 2017 की शाम पांच बजे उसकी नाबालिग पुत्री को बैंक आफ इंडिया दिबियापुर से ग्राम गोपियापुर थाना फफूंद निवासी दीपू उर्फ लल्ला यादव बहला फुसलाकर भरथना ले गया। वहां से बस द्वारा बिधूना की तरफ रास्ते में बस रुकवाकर उतार लिया। आरोप है कि उसे एक घर में ले जाकर रोका गया, जहां रात में दीपू उर्फ लल्ला यादव ने दुष्कर्म किया। मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। पक्षकारों को सुनने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश अखिलेश्वर प्रसाद मिश्र ने निर्णय सुनाया।

## सार-संक्षेप

### पत्नी ने प्रेमी के साथ मिल पति को पीटा

**जलालाबाद (कन्नौज)**। हाईवे पर पति पत्नी और प्रेमी का हाई वोल्टेज ड्रामा देख वाहनों से गुजर रहे लोग ठहर गए। ग्राम भानपुर निवासी प्रिया की शादी 08 मई को लक्ष्मीकांत से हुई थी। उसने एक कॉलेज से पढ़ाई की थी और पति के साथ टीसी लेने कॉलेज आई थी। ग्राम सियरमऊ निवासी युवक से उसका पहले से ही प्रेम प्रसंग था। महिला ने उसको भी बुला लिया। टीसी लेने के बाद महिला ने पति को मिठाई लेने के लिए भेज दिया। इसके बाद प्रेमी के साथ ई रिक्शा से भाग निकली। इसी बीच पति की नजर पड़ गई और उसने एक ट्रैक्टर वाले के साथ पीछा कर पकड़ लिया। इस पर पत्नी व प्रेमी ने युवक को बीच हाईवे पर बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। मामले में ग्राम नगला खगू थाना तालग्राम निवासी लक्ष्मीकांत पुत्र नंदकिशोर ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

### रेलवे के प्रशिक्षु अधिकारियों ने की राज्यपाल से मुलाकात

**लखनऊ**। भारतीय रेल प्रबंधन सेवा-2022 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों ने गुरुवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात की। इस दौरान राज्यपाल ने भारतीय रेल के विशाल नेटवर्क, उसकी सामाजिक-आर्थिक भूमिका व जनता की सेवा में रेल कर्मियों की जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसके संचालन में पारदर्शिता, समयबद्धता और जनता के प्रति संवेदनशीलता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने ज्ञान, कौशल और ऊर्जा का उपयोग राष्ट्र निर्माण में करें। भेंट के दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों ने अपनी प्रशिक्षण यात्रा व अब तक के अनुभवों को साझा किया। उन्होंने आश्वासन भी दिया कि वे अपने सेवाकाल में कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और सेवा-भाव के साथ कार्य करेंगे व भारतीय रेल को और अधिक जनहितकारी व प्रभावी बनाने के लिए सतत प्रयासरत रहेंगे।

### राज्यपाल ने 'नई दुनिया: नई तकनीक' का किया विमोचन

**लखनऊ**। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को राजभवन में प्रदेश सचिवालय के विशेष सचिव डॉ. दीपक कोहली द्वारा लिखित पुस्तक 'नई दुनिया : नई तकनीक' का विमोचन किया। पुस्तक के लेखक डॉ. कोहली ने बताया कि इस पुस्तक में आधुनिक तकनीक एवं प्रौद्योगिकी के विभिन्न पहलुओं जैसे बायोरॉक, डिजिटल ट्विन, नवप्रवर्तनकारी तकनीक, आधुनिक कृषि, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आदि की सरल और सहज भाषा में विस्तृत जानकारी दी गई है। तथ्यात्मक, सटीक और उपयोगी जानकारियों से युक्त यह पुस्तक तकनीक के बदलते स्वरूपों को समझने में सहायक है और विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं, अध्यापकों के साथ-साथ आम जन मानस के लिए भी अत्यन्त उपयोगी है।

### राम जन्मभूमि परिसर समेत चार जगह मिले पॉजीटिव

**अयोध्या**। रामजन्मभूमि परिसर समेत जनपद के चार स्थानों पर कोरोना के चार पॉजिटिव मिलने से हड़कंप मच गया है, जिसमें से दो लोगों का लखनऊ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कर इलाज शुरू हो गया है। वहीं दो को होम क्वारंटाइन किया गया है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से गुरुवार देर शाम इस सत्र का सबसे पहला कोरोना बुलेटिन जारी किया गया है। जारी बुलेटिन के अनुसार रामजन्मभूमि परिसर में रुदपुर देवरिया का एक व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। इसके अलावा मिल्कीपुर, तारुन बाजार और जिला अस्पताल कॉलोनी में अंबेडकरनगर निवासी कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। जिला अस्पताल कॉलोनी में कोरोना पॉजिटिव मिलने से कॉलोनी और अस्पताल इलाके में लोगों में हड़कंप मच गया है। रामजन्मभूमि परिसर में भी कोरोना पॉजिटिव मिलने से खलबली मची हुई।

### 2027 के विधानसभा चुनाव को सपा में बदलाव की बयार शुरू

**लखनऊ**। सपा ने साल 2027 के विधानसभा चुनाव और 2026 में होने वाले पंचायत चुनावों को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। चुनावी गणित में पीडीए मतदाताओं को अहमियत देने वाले सपा प्रमुख अखिलेश यादव के निर्देश पर कुशीनगर के जिलाध्यक्ष को छोड़कर सपा जिला कार्यकारिणी, विधानसभा अध्यक्षों व समस्त फंटल संगठन के जिलाध्यक्षों सहित जिला कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया है। सोशल मीडिया एक्स पर बुधवार को सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने पोस्ट कर जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल द्वारा सपा कुशीनगर के जिलाध्यक्ष को छोड़कर सपा जिला कार्यकारिणी, विधान सभा अध्यक्षों सहित विधान सभा कार्यकारिणी तथा अन्य फ्रन्टल संगठन के जिलाध्यक्षों सहित कुशीनगर में जिला कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया हैं।

### सिंचाई विभाग के 641 अभियंताओं का किया स्थानांतरण

**लखनऊ**। सिंचाई विभाग (सिविल) के 641 अभियंताओं का स्थानांतरण कर दिया गया। गुरुवार को जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में तेलीबाग स्थित परिकल्प भवन (सभागार) में अभियंताओं के स्थानांतरण की प्रक्रिया सम्पन्न की गई। अभियंताओं के स्थानांतरण के लिए उनके ऐच्छिक विकल्प लिये गए। इस अवसर पर 65 अधिशासी अभियंताओं, 278 सहायक अभियंताओं व 298 अवर अभियन्ताओं के स्थानान्तरण के लिए उनके ऐच्छिक विकल्प लिए गए।

## गैर इरादतन हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता महोबा

- अपर जिला सत्र न्यायाधीश ने 11 वर्ष पुराने मामले में सुनाया फैसला

**अमृत विचार**। अपर जिला सत्र न्यायाधीश लखविंदर सिंह ने गैर इरादतन हत्या के मामले में दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 20 हजार 500 रुपये का जुर्माना ठोका। जुर्माना अदा न करने पर 15 दिन की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

2 मई 2016 को थाना महोबकंठ के ग्राम कोहनिया निवासी भागीरथ अनुरागी बकरियां चराकर शाम को वापस घर लौट रहा था, तभी रास्ते में कुछ लोग जुआ खेल रहे थे। जुए के फड़ में गांव का रहीम भी बैठा था, तभी भागीरथ ने रहीम पुत्र मुबारक से उधारी के अपने तीन हजार रुपये वापस मांगे। रहीम ने पैसा देना तो दूर उल्टा भागीरथ के पेट सीने में घूसों से हमला कर दिया। जिससे वह मौके पर ही गिर कर बेहोश हो गया। उसे अस्पताल ले जाने से पहले ही उसकी मौत हो गई। मृतक के बेटे संजय अनुरागी ने रहीम पुत्र मुबारक के खिलाफ थाना महोबकंठ में मुकदमा दर्ज करा दिया। गुरुवार को न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के गवाह और बहस सुनने के बाद रहीम को गैर इरादतन हत्या के मामले में दोषी ठहराते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई साथ ही 20 हजार 500 रुपये का जुर्माना भी ठोका। हे विशेष लोक अभियोजक प्रमोद पालीवाल ने बताया कि जुर्माना अदा न करने पर 15 दिन की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

## मारपीट में दिव्यांग अधेड़ को दिया धक्का, मौत

संवाददाता, मऊ/रामनगर चित्रकूट

**अमृत विचार**। मऊ थाना अंतर्गत पिपरौंद गांव में बुधवार देर शाम दो पक्षों के बीच विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। मारपीट के दौरान एक अधेड़ की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। इस संबंध में उसके पुत्र ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसका आरोप है कि आरोपियों ने उसके पिता को मारापीटा और गला पकड़कर पटक दिया, जिससे उनकी मौत हो गई।

गांव निवासी राकेश सिंह (आरख) ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार शाम उसके पड़ोसी चंद्रकांत पांडेय, रजनीश पांडेय, रमानिवास पांडेय, जानू पांडेय ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिसमें उसके पिता रामशिरोमणि (50) को गंभीर चोट आई, आरोपियों ने पिता का गला पकड़कर जमीन पर पटक दिया और लात घूसों से जमकर



मृतक के घर के बाहर तैनात पुलिस। अमृत विचार

मारापीटा। मारपीट मे उसे, सुधीर, सुनील, मंजीत व मां गिरजा देवी को भी गंभीर चोटें आईं। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां रामशिरोमणि को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। क्षेत्राधिकारी यामीन अहमद और मऊ थाना प्रभारी दुर्गविजय सिंह भी मौके पर पहुंचे। इस दौरान गांव में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। सीओ ने बताया कि तहरीर के आधार पर बीती रात ही रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। आरोपी चंद्रकांत पांडेय उर्फ छोटू, रजनीश पांडेय को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। उधर, सदर विधायक अनिल प्रधान ने पोस्टमार्टम हाउस में पीड़ित परिवार से घटना की जानकारी ली।

ग्रामीणों ने बताया कि मुख्य विवाद बच्चों के बीच क्रिकेट मैच को लेकर हुआ झगड़ा था। तालाब के किनारे कुछ लोगों में मारपीट हुई।। इस दौरान राजकुमार का पुत्र जान बचाकर पास ही में रामशिरोमणि आरख के घर छिप गया, जिसे निकालने के लिए पांडेय परिवार के लोग पहुंच गए। तभी रामशिरोमणि ने इसका विरोध किया। आरोपियों ने रामशिरोमणि को धक्का दे दिया। दिव्यांग रामशिरोमणि वहीं पर गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट से बातें होंगी साफ : एसपी

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों के अनुरोध के अनुसार, चिकित्सकों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया जाएगा। तहरीर में सिंह उपनाम लिखने संबंधी बात पर विवाद की बात नहीं लिखी गई है। विवेचना में दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। मामले की जांच गंभीरता से की जाएगी।

## सीएम से मिले शिक्षक प्रतिनिधि

संवाददाता कानपुर

**अमृत विचार**। उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तकनीकी संवर्ग के प्रदेश अध्यक्ष सह ग्रेटर नोएडा शहर के नॉलेज पार्क स्थित जीआईएमएस संस्थान के सीईओ स्वदेश कुमार सिंह ने कल लखनऊ में उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से उनके आवास पर मुलाकात की।

स्वदेश कुमार सिंह ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री के साथ मुलाकात के दौरान संगठन की ओर से शिक्षा के हित में कई सुझाव रखे और शिक्षक वर्ग की विभिन्न समस्याओं से माननीय मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए शीघ्र उचित समाधान की मांग की।

उन्होंने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के साथ लगभग पौन घंटे की इस मुलाकात के दौरान शिक्षा के क्षेत्र से



मुख्यमंत्री से मुलाकात करते जीआईएमएस संस्थान के सीईओ स्वदेश कुमार सिंह।

जुड़ी विभिन्न मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई साथ ही साथ शिक्षा के क्षेत्र में और बेहतर करने हेतु माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा अनेकों सुझाव भी दिए गए।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने शिक्षकों से जुड़ी सभी समस्याओं के जल्द से जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

स्वदेश कुमार सिंह जी ने बताया कि इस मुलाकात का मुख्य उद्देश्य शिक्षा एवं शिक्षा जगत से जुड़े लोगों की परेशानियों के साथ साथ उत्तर प्रदेश के विभिन्न कॉलेजों में आ रही कठिनाइयों से माननीय मुख्यमंत्री जी को अवगत कराना था।

आज के इस मुलाकात के दौरान अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार जी एवं उत्तर प्रदेश शैक्षिक महासंघ के उच्च प्रभारी उदयन मिश्रा जी भी उपस्थित थे।

## युवकों ने सभासद के घर में घुसकर की फायरिंग

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- तमंचा और तलवारों से लैस होकर घर में घुसे
- युवकों की फायरिंग से मोहल्ले के लोगों में दहशत व्याप्त
- तहरीर के बाद जांच में जुटी पुलिस

**अमृत विचार**। कस्बे में इन दिनों अपराधों की बाढ़ सी आई हुई है। आए दिन एक के बाद एक घटनाएं और वारदातें सामने आ रही हैं। बीती रात कस्बे के फरसौलियाना मोहल्ले में मामूली विवाद के चलते कुछ लोगों ने दबंगई दिखाते हुए सभासद के मकान में पहुंचकर जमकर फायरिंग की। हवाई फायरिंग से लोगों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है।

कस्बे के फरसौलियाना मोहल्ला निवासी सभासद खालिक कुरैशी पुत्र रमजान ने तहरीर देकर बताया कि बुधवार की रात करीब 10 बजे कस्बे के एक दर्जन से अधिक युवक हाथों में तमंचे और तलवारों के साथ आये और हमला कर दिया। बताया कि युवकों के हमले के दौरान वह अपने घर में मौजूद थे। आरोप लगाते हुए बताया कि हमलावर युवकों ने जान से मारने की नियत के चलते उस पर फायरिंग की। लेकिन वह बाल बाल बच गए। बताया आरोपी युवक गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गये। हालांकि फायरिंग में कोई हताहत नहीं हुआ है। लेकिन आम लोगों के दिलों में दहशत जरूर बैठ गई है। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

## शार्ट शर्किट से लगी भीषण आग से सात घर हुए स्वाहा

संवाददाता भरथना इटावा

**अमृत विचार**। भरथना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लालपुरा तिलियां कटहरा में बिजली के शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी ने 7 घरों को अपनी चपेट में लिया। पांच लोग झुलस गए।

भरथना क्षेत्र के ग्राम लालपुरा (नाथों का डेरा) में गुरुवार रात्रि पौने 8 बजे बिजली के शार्ट सर्किट से निकली चिंगरी ने जोरानाथ के घर को अपनी चपेट में ले लिया। हवा का रूख तेज होने के कारण आग ने पल भर में विकराल रूप धारण कर लिया और धीरे धीरे करके सात घरों को अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू



धू धूकर जलती आग को बुझाने का प्रयास करते ग्रामीण।

पाया। वहीं ग्राम लालपुरा निवासी रामकुमार नाथ ने बताया कि आग से जोरानाथ के घर के अंदर रखी नई मोटरसाइकिल, घर-गृहस्थी का सामान, नकदी, जेवर, कपड़े आदि सभी जलकर राख हो गए। युवकों ने बताया कि आग से जोरानाथ के पुत्र मोहननाथ, राजेंद्रनाथ और उनके बेटे बिजेंद्रनाथ, ठाकुरनाथ, राजूनाथ व उनके बेटे धारानाथ व छोटेनाथ, अनिलनाथ, दीवाननाथ व लक्ष्मणनाथ की घर गृहस्थी का सारा सामान आग की भेट चढ़ गया। हादसे में तीन लोग झुलस गए।

**स्मरण** पौशाला चौराहे पर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की प्रतिमा का हुआ अनावरण, राम मंदिर निर्माण के मार्ग को प्रशस्त करने में उनकी खास भूमिका रही

## बाबू कल्याण सिंह ने रचा त्याग का इतिहास : केशव प्रसाद

रुदौली अयोध्या

**अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि राम मंदिर के मार्ग को प्रशस्त करने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री बाबू कल्याण सिंह ने अपने पद की परवाह नहीं की। त्याग का इतिहास रचा। 500 वर्षों के कलंक को समाप्त करने की दिशा में बाबू जी ने जो साहसिक निर्णय लिया, वह युगों तक स्मरण किया जाएगा। उनकी प्रतिमा के अनावरण के समय उमड़ी अपार भीड़ यह सिद्ध करती है कि जनता आज भी उन्हें सम्मानपूर्वक याद करती है।

उप मुख्यमंत्री ने शहर के





प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की प्रतिमा अनावरण के बाद समारोह में मौजूद उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व अन्य।

पौशाला चौराहे पर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया। अनावरण के बाद भौली में आयोजित जनसभा में कहा कि उत्तर प्रदेश को भय मुक्त बनाने वाले प्रदेश के मुख्यमंत्री कल्याण सिंह ने विकास की नई गाथा लिखी। अपराध मुक्त, समता मूलक समाज की स्थापना के लिए बनी भाजपा सरकार के मुखिया रहते जनता से जुड़े विकास कार्यों को गति प्रदान की। कहा कि आज देश में मोदी और प्रदेश में योगी के नेतृत्व में भाजपा जनता के हित में काम कर रही है। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाई। कहा कि देश में हुए प्लेन क्रैश की घटना की वजह से पूरा देश दुखी है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विमान हादसे के कारण योजनाओं के लोकार्पण, जन चौपाल और संवाद कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया। कहा कि जल्द ही वे दोबारा रुदौली आएंगे। कार्यक्रम में कल्याण सिंह के पुत्र पूर्व सांसद राजवीर सिंह, पूर्व सांसद विनय कटियार, विधायक चंद्रभानु पासवान, पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू, महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, आशीष शर्मा आदि रहे।

**गुजरात में क्रैश हादसे के कारण लोकार्पण स्थगित**: उप मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर शाम 4 बजे उतरा। इसके बाद वह कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। गुजरात में प्लेन क्रैश के चलते आठ करोड़ 12 लाख रुपये के 23 विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण नहीं हो सका। डिप्टी सीएम ने गहरा दुःख व्यक्त किया।

## डिजाइन से ड्रोन तक, ड्रीम लैब्स बनेंगी शिक्षा की नई पहचान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार**। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उप्र. शिक्षा और उद्योग के संगम से युवाओं में बदलाव आ रहा है। राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अत्याधुनिक ड्रीम लैब्स की स्थापना के लिए माध्यमिक शिक्षा विभाग ने टाटा नेल्को और यास्कावा के साथ महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे न केवल स्कूली शिक्षा व्यवहारिक और तकनीकी रूप से समृद्ध होगी, बल्कि विदेशों की भांति राज्य तकनीकी कौशल से समृद्ध होगा।

प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना की सफलता ने शिल्प और स्थानीय उद्योगों को बुलंदियों पर पहुंचाया है। अब इसी नींव पर निर्मित ड्रीम लैब्स उन्नत तकनीकी प्रशिक्षण जैसे रोबोटिक्स, मैन्युफैक्चरिंग, ऑटोमेशन, डिज़ाइन थिंकिंग आदि क्षेत्रों में छात्रों को तैयार करेंगी। इससे न केवल स्थानीय एमएसएमई इकाइयों को तकनीकी संबल मिलेगा, बल्कि उत्पाद गुणवत्ता, नवाचार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भी मजबूती आएगी। ड्रीम लैब्स हब एंड स्पोक मॉडल पर आधारित हैं, जहां विद्यार्थियों को व्यवहारिक प्रशिक्षण, उद्योग प्रासंगिक विशेषज्ञता और रोजगार के अवसरों के लिए तैयार किया जाएगा। ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों में कौशल सिखाने की व्यवस्था की गई है।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 81691.98 | 24888,20 |
| गिरावट | 823.16 | 253.20 |
| प्रतिशत में | 1.00 | 1.01 |

## एक नजर

### ओला के कृत्रिम ने अपना एआई असिस्टेंट कृति पेश किया

**नई दिल्ली।** ओला समूह की एआई इकाई कृत्रिम ने गुरुवार को अपना खुद का एआई असिस्टेंट कृति पेश किया। इसे कैब बुकिंग, खानपान का सामान ऑर्डर करने, बिल भुगतान, तस्वीरें बनाने और गहन शोध जैसे कार्यों को पूरा करने के लिए विकसित किया गया है। कंपनी का दावा है कि 'कृति' भारत का पहला एआई असिस्टेंट है जो चैटबॉट की निष्क्रिय प्रतिक्रियाओं से आगे बढ़कर निर्देशित कार्य को अपने स्तर पर पूरा करने और उन्नत तार्किक क्षमताओं की पेशकश करता है।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने ब्याज दर में 0.5 % की कटौती की

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने रेपो आधारित कर्ज पर ब्याज दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती की है। इस कटौती से रेपो दर से जुड़े घर, कार, शिक्षा और अन्य खुदरा कर्ज सस्ते होंगे।

# प. एशिया में तनाव, सेंसेक्स 823 अंक टूटा

## निफ्टी 25,000 अंक से नीचे फिसला, वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख से बाजार को नुकसान

**मुंबई, एजेंसी**

स्थानीय शेयर बाजार में गुरुवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 823 अंक लुढ़क गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 25,000 अंक से नीचे आ गया। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 823.16 अंक यानी एक प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,691.98 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान एक समय यह 991.98 अंक तक का गोता लगा गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 253.20 अंक यानी 1.01 प्रतिशत टूटकर 24,888.20 अंक पर बंद हुआ। इसके साथ, पिछले छह कारोबारी सत्रों से निफ्टी में जारी तेजी थम गयी। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा मोटर्स, टाइटन, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), पावर ग्रिड, टाटा स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा और हिंदुस्तान यूनिलीवर प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स और टेक महिंद्रा शामिल हैं। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजार में गिरावट का रुख चौतरफा होता जा रहा है। मूल्यांकन संबंधी चिंताएं और पश्चिम एशिया में तनाव के कारण कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से निवेशक जोखिम लेने से बच रहे हैं। उन्होंने कहा, अमेरिका, कई प्रमुख व्यापार साझेदारों पर एकतरफा शुल्क वृद्धि पर विचार कर रहा है। इससे भी अनिश्चितता बढ़ने की आशंका है।



### निवेशकों को 5.98 लाख करोड़ का नुकसान

**नई दिल्ली।** शेयर बाजारों में कमजोरी के रुख के चलते गुरुवार को निवेशकों की संपत्ति 5.98 लाख करोड़ रुपये घट गई। बीएसई सेंसेक्स में एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इस गिरावट से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 5,98,759.27 करोड़ रुपये घटकर 4,49,58,383.92 करोड़ रुपये (5,260 अरब डॉलर) रह गया। बीएसई पर 2,729 शेयरों में गिरावट आई, जबकि 1,282 शेयरों में तेजी आई और 140 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

# भारत, यूरोपीय संघ व्यापार समझौते के लिए गैर-टैरिफ बाधाओं को दूर करना महत्वपूर्ण: गोयल

**स्टॉकहोम (स्वीडन), एजेंसी**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए गैर-शुल्क बाधाओं का समाधान ढूंढना महत्वपूर्ण है और दोनों पक्ष इन मुद्दों के समाधान के लिए सक्रियता से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते के लिए वार्ता को अंतिम रूप देने के काफी करीब हैं।

गोयल ने यहां पत्रकारों से कहा, महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। आधे से अधिक खंड तैयार हैं। विषय-वस्तु के संदर्भ में, मैं कहूंगा कि हम बाजार पहुंच के लिए करीब 90 प्रतिशत तैयार हैं। जिन महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान दिया जाना है, वे हैं.. गैर-शुल्क बाधाएं और यूरोपीय संघ तथा भारत के बीच व्यापार को कैसे सहज, आसान व बेहतर बनाया जाए। उन्होंने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ दोनों पक्षों की कंपनियों के लिए कारोबार को सुचारू बनाने के समाधान ढूंढने के लिए सक्रिय रूप से चर्चा कर रहे हैं। मंत्री ने कहा, देश जब तक यह नहीं समझते कि व्यापार में अत्यधिक विनियमन एवं बाधाओं का जवाब, जवाबी कार्रवाई से दिया जाएगा तब तक सभी को नुकसान होगा। हम विनियमन को समाप्त करने, विनियमन की उच्च लागत, इन विनियमों के कारण उत्पन्न होने वाली गैर-शुल्क बाधाओं और मुक्त व्यापार में आने वाली बाधाओं का समाधान खोजने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



● उद्योग मंत्री ने कहा- एफटीए वार्ता को अंतिम रूप देने के काफी करीब

### विश्वसनीय साझेदारों के साथ लाभकारी व्यवस्था के लिए तैयार

**स्टॉकहोम (स्वीडन)।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत, अपने विश्वसनीय व्यापारिक साझेदारों के साथ गुणवत्ता मानकों से संबंधित नियमों के क्रियान्वयन पर पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यवस्था के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भारत देश में गुणवत्तापूर्ण वस्तुओं के विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए क्यूसीओ (गुणवत्ता नियंत्रण आदेश) को क्रियान्वित कर रहा है। गोयल ने कहा कि घरेलू व आयातित वस्तुओं के लिए नियम, मानक तथा प्रक्रिया समान हैं और भारत घरेलू विनिर्माताओं एवं विदेशी आपूर्तिकर्ताओं के बीच कोई भेदभाव नहीं करता है।

# भारत का डिजिटल बुनियादी ढांचा विकास में ला सकता है बड़ा बदलाव

**सैन फ्रांसिस्को (अमेरिका), एजेंसी**

डेटाब्रिक्स के सीईओ व सह-संस्थापक अली घोडसी ने कहा कि भारत का डिजिटल बुनियादी ढांचा विकास में एक बड़ा बदलाव ला सकता है, जिसने देश को अधिकतर अन्य देशों से आगे रखा है।

डेटाब्रिक्स डेटा + एआई समिट 2025' पर बुधवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन ने घोडसी ने कहा कि भारत ऐसे समय में उन्नति कर रहा है जब कई अन्य क्षेत्रों एवं देशों में मंदी एक चिंता का विषय है। घोडसी ने भारत के बारे में द्वारा पूछे गए एक सवाल पर कहा, पिछले दशक में भारत ने व्यापक डिजिटल बुनियादी ढांचा खड़ा किया है जो एक बड़ा बदलाव ला सकता है। हमारे यहां या दूसरे देशों में भी ऐसा नहीं है। भारत अब दुनिया के अधिकतर दूसरे देशों की तुलना में डिजिटल बुनियादी ढांचे के मामले में आगे है।



● डेटाब्रिक्स के सीईओ व सह-संस्थापक अली घोडसी ने दी जानकारी

# छह साल के निचले स्तर पर पहुंची खुदरा महंगाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सब्जियों एवं फलों की कीमतों में नरमी आने से मई महीने में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर छह साल के निचले स्तर 2.82 प्रतिशत पर आ गई। बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति अप्रैल में 3.16 प्रतिशत और मई, 2024 में 4.8 प्रतिशत थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, मई में खाद्य मुद्रास्फीति 0.99 प्रतिशत रही, जो एक साल पहले के समान महीने के 8.69 प्रतिशत के मुकाबले काफी कम है। मई, 2025 की खाद्य मुद्रास्फीति का यह आंकड़ा अक्टूबर, 2021 के बाद सबसे कम है। एनएसओ ने कहा, मई, 2025 में मुख्य मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय गिरावट मुख्य रूप से दालों एवं इसके उत्पादों, सब्जियों, फलों, अनाज एवं इसके उत्पादों, घरेलू सामान और सेवाओं, चीनी एवं कन्फेक्शनरी और अंडे की कीमतों में गिरावट और अनुकूल आधार प्रभाव के कारण है।



● खाद्य कीमतों में नरमी से मई में 2.82 प्रतिशत पर आई

### भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह में 200 से अधिक कार विनिर्माता लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली।** भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह (आईईएसडब्ल्यू) में 200 से अधिक घरेलू यात्री कार विनिर्माता और अंतरराष्ट्रीय इलेक्ट्रिक वाहन कंपनियों के हिस्सा लेने की उम्मीद है। उद्योग निकाय इंडिया एनर्जी स्टोरेज अलायंस (आईईएसए) आठ जुलाई से 10 जुलाई तक नई दिल्ली के यशोभूमि कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर में आईईएसडब्ल्यू के 11वें संस्करण की मेजबानी करेगा। 200 से अधिक घरेलू यात्री कार विनिर्माताओं और अंतरराष्ट्रीय ईवी विनिर्माताओं के आने का अनुमान है। जिससे भारत के वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने के दृष्टिकोण को बल मिलेगा।

# कोल इंडिया के कर्मियों के लिए ड्रेस कोड जुलाई से होगा लागू

**नई दिल्ली।** कोल इंडिया ने अपने कर्मचारियों के लिए ड्रेस कोड निर्धारित कर दिया है जिसे जुलाई से लागू किया जाएगा। निदेशक मंडल ने हाल ही में हुई बैठक में अपने कर्मचारियों के लिए एक समान ड्रेस कोड लागू करने का निर्णय लिया।

जुलाई से पुरुष कर्मचारी गहरे नीले रंग की पैंट और आसमानी रंग की शर्ट पहनेंगे। वहीं महिला कर्मचारियों को हल्के आसमानी रंग का कुर्ता तथा गहरे नीले रंग की सलवार व दुपट्टा या गहरे नीले रंग के बॉर्डर वाली हल्के आसमानी रंग की साड़ी व गहरे नीले रंग का ब्लाउज पहनना होगा।

# ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स 2025 में भारत 131वें स्थान पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** डब्ल्यूईएफ की 'ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025 में भारत पिछले साल की तुलना में दो स्थान फिसलकर 148 देशों की सूची में 131वें स्थान पर पहुंच गया है। गुरुवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, मात्र 64.1 प्रतिशत के स्कोर के साथ भारत दक्षिण एशिया में सबसे निचली रैंक वाले देशों में से एक है। पिछले साल भारत 129वें स्थान पर था। वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक में लैंगिक समानता को चार प्रमुख आयामों-आर्थिक भागीदारी व अवसर, शैक्षिक उपलब्धि, स्वास्थ्य व जीवन रक्षा, तथा राजनीतिक सशक्तीकरण के आधार पर आंका जाता है। भारतीय अर्थव्यवस्था के समग्र प्रदर्शन में +0.3 अंकों का सुधार हुआ। भारत में जिन आयामों में समानता बढ़ी है, उनमें से एक आर्थिक भागीदारी और अवसर है, जहां इसका स्कोर +.9 प्रतिशत अंक बढ़कर 40.7%हो गया है। जबकि अधिकांश संकेतक मूल्य समान रहे हैं, अनुमानित अर्जित आय में समानता 28.6 से बढ़कर 29.9 प्रतिशत हो गई।

## राष्ट्रीय

# महिलाओं को 33% आरक्षण देने को प्रतिबद्ध

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मोदी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल को देश के इतिहास में महत्वपूर्ण बताया

**नागपुर, एजेंसी**

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि मोदी सरकार लोकसभा तथा विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है। मोदी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल को देश के इतिहास में बहुत महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि इससे पहले के 60 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में जो नहीं हो सका, उसे वर्तमान सरकार ने हासिल किया है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर नागपुर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस वर्ष के अंत तक देश की 'लॉजिस्टिक्स' लागत घटकर नौ प्रतिशत पर आ जाएगी, जिससे निर्यात को बढ़ावा मिलेगा तथा कारोबार और उद्योगों के विकास में मदद मिलेगी। महिला आरक्षण के मुद्दे पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में गडकरी ने कहा, महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देना हमारी प्रतिबद्धता है और हमने इस संबंध में निर्णय भी लिया है। सितंबर 2023 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिला आरक्षण विधेयक - नारी शक्ति वंदन अधिनियम - को अपनी मंजूरी दी थी, जिसका उद्देश्य लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करना है। ऐसी खबरें हैं कि मोदी सरकार 2029 के लोकसभा चुनावों से पहले महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू कर सकती है। उन्होंने देश में सड़क अवसंरचना विकास पर आईआईएम बैंगलोर, आईआईटी कानपुर और आईआईटी चेन्नई द्वारा किए गए एक अध्ययन का हवाला दिया, जिसमें कहा गया है कि देश की 'लॉजिस्टिक्स' लागत जो पहले 16 प्रतिशत थी, वह घटकर 10 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने इसे एक बेहतर उपलब्धि बताया और कहा कि इससे देश के जीडीपी की वृद्धि में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, हमारे देश की 'लॉजिस्टिक्स' लागत 16 प्रतिशत थी, जबकि चीन की आठ प्रतिशत और अमेरिका तथा यूरोपीय देशों की 12 प्रतिशत थी।



नागपुर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी।

### ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने दो लाख साइबर हमलों को विफल किया: मनोहर लाल

**श्रीनगर।** केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एक सप्ताह में भारत की बुनियादी ऊर्जा अवसंरचना को निशाना बनाकर किए गए लगभग दो लाख साइबर हमलों को देश ने विफल कर दिया। मनोहर लाल ने यहां पत्रकारों से कहा, प्रौद्योगिकी में प्रगति के बाद से यहां- साइबर हमले या साइबर अपराध- जैसे नए खतरे सामने आए हैं। इनमें वृद्धि हुई है, लेकिन सरकार ने इसपर काम किया है और हमारी साइबर सुरक्षा ने ऐसे सभी खतरों को लगभग रोक दिया है। वह भाजपा-नीत केंद्र सरकार के 11 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

# सोनम के मायके के बाहर सन्नाटा, पड़ोसी भी चाहते हैं दोषियों को मिले सजा-ए- मौत


**इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी**

राजा रघुवंशी हत्याकांड

इंदौर के गोविंद नगर खारचा इलाके की एक संकरी गली में सोनम रघुवंशी के मायके के उस घर के बाहर इन दिनों सन्नाटा पसरा है जो महीना भर पहले रिश्तेदारों की आवाजाही के बीच शादी की रौनक से गुलजार था। सोनम (25) को मेघालय में हनीमून के दौरान अपने पति राजा रघुवंशी (29) की साजिशन हत्या में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

सोनम पर आरोप है कि उसने अपने कथित प्रेमी राज कुशवाहा (20) के साथ मिलकर भाड़े के तीन हत्यारों के जरिये अपने पति की हत्या कराई ताकि उसे रास्ते से हटाया जा सके। राजा रघुवंशी हत्याकांड के पांचों आरोपी फिलहाल मेघालय पुलिस की हिरासत में हैं जिनसे पूछताछ के जरिये इस वारदात की कड़ियां जोड़ी जा रही हैं। चश्मदीदों ने बताया कि देश भर में चर्चा का केंद्र बने इस मामले में सोनम की गिरफ्तारी के बाद उसके मायके के घर का दरवाजा अधिकांश समय बंद रहता है। राजा रघुवंशी हत्याकांड में मेघालय पुलिस के खुलासे के बाद सोनम के मायके के आस-पास रहने वाले लोगों को शुरुआत में हैरानी हुई। हालांकि, जैसे-जैसे इस मामले की परतें खुलती जा रही हैं, इस वारदात को लेकर उनका आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सोनम के परिवार को पिछले कई बरस से जानने वाले विनोद श्रीवास्तव ने कहा,राजा रघुवंशी के साथ बहुत बड़ा अन्याय हुआ है। रघुवंशी हत्याकांड की जो कहानी सामने आई है, उससे हमारे इलाके का नाम खराब हुआ है।

मैं चाहता हूं कि इस मामले के सभी दोषियों को सजा-ए-मौत दी जाए ताकि आइंदा कोई ऐसे जुर्म को अंजाम देने की जुर्रत न कर सके। श्रीवास्तव ने बताया, मैं सोनम को बचपन से देखता आ रहा हूं। मुझे वह एक आम व्यक्ति की तरह ही लगी, पर यह कोई कैसे जान सकता है कि किसी महिला के मन में क्या चल रहा है?



### अभिनेता ने ली सेल्फी



बेंगलुरु में बॉलीवुड अभिनेता विद्युत जामवाल ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर जागरूक करने और संयुक्त राष्ट्र नशा विरोधी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्रों के साथ सेल्फी ली। एजेंसी

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ में तीन नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में पिछले तीन दिन में दो महिला नक्सली समेत तीन इनामी नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को पूर्व बस्तर डिवीजन में कंपनी नंबर छह में सक्रिय नक्सली भीमा उर्फ ढोलू उर्फ दिनेश पोड़ियाम (40) ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने बताया कि उस पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित है।

### ईपीएफओ ने तीन दिन में 50 प्रतिशत दावों को निपटाया

**नई दिल्ली।** सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ ने चालू वित्त वर्ष में अब तक दावा करने के तीन दिन के ही भीतर लगभग 50 प्रतिशत दावों का निपटारा किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस अधिकारी ने पांच जून तक के आंकड़ों का जिक्र करते हुए कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने एक अप्रैल, 2025 से पांच जून, 2025 के बीच तीन दिन के भीतर कुल 68.96 लाख दावों का निपटारा किया है।

# पुलिस पर टिप्पणी के मामले में कोर्ट ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री को किया बरी

**हैदराबाद।** तेलंगाना की एक अदालत ने पुलिस पर टिप्पणी करने के मामले में प्रदेश के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी को बृहस्पतिवार को बरी कर दिया । पुलिस के खिलाफ कथित तौर पर टिप्पणी करने के लिए 2023 में उनके खिलाफ यह मामला दर्ज किया गया था ।

सांसद -विधायक अदालत ने अपने फैसले में कहा कि आरोपी को भारतीय दंड संहिता के तहत दर्ज मामले में दोषी नहीं पाया गया। फैसले में कहा गया, इसलिए आरोपी को बरी किया जाता है। अपने खिलाफ मामले में रेड्डी इस साल दो बार अदालत के सामने पेश हुए थे।

# आरएसएस नेता की हत्या मामला : एनआईए ने एक और आरोपी के खिलाफ आरोपपत्र किया दाखिल

**नई दिल्ली।** एनआईए ने प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के सदस्यों द्वारा केरल में आरएसएस नेता श्रीनिवासन की हत्या से संबंधित मामले में एक और आरोपी के खिलाफ गुरुवार को आरोपपत्र दाखिल किया।

अधिकारियों ने बताया कि केरल के एर्णाकुलम स्थित विशेष एनआईए अदालत के समक्ष दायर पूरक आरोपपत्र में रफीक एम एस पर तत्कालीन भारतीय दंड संहिता और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले में 64वें आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया। एनआईए ने कहा गया है कि हत्या की साजिश 2047 तक भारत में इस्लामी शासन स्थापित करने के पीएफआई के एजेंडे का हिस्सा थी। अब तक इस मामले में 71 आरोपियों की पहचान कर ली है।

# बेंगलुरु भगदड़: हाईकोर्ट ने आरसीबी के विपणन प्रमुख और तीन अन्य को रिहा करने के दिए निर्देश

**बेंगलुरु, एजेंसी**

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने चार जून को बेंगलुरु में मची भगदड़ के सिलसिले में गिरफ्तार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) विपणन प्रमुख निखिल सोसले और तीन अन्य लोगों को बृहस्पतिवार को रिहा करने का आदेश दिया। इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी।

उच्च न्यायालय से राहत पाने वाले अन्य लोगों में सुनील मैथ्यू, किरण कुमार एस और कार्यक्रम आयोजक कंपनी 'डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड' के शमंत एनपी माविनाकेरे शामिल हैं। उन्हें छह जून को गिरफ्तार किया गया था। न्यायालय ने गिरफ्तार किये गये लोगों से अपना पासपोर्ट जमा करने को कहा है। आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की पहली खिताबी जीत का जश्न मनाने के लिए आयोजित कार्यक्रम के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गयी थी। न्यायमूर्ति एसआर कृष्ण कुमार ने 11 जून को दलीलें सुनने के बाद सोसले की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। सोसले और अन्य याचिकाकर्ता फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने नौ जून को सोसले और गिरफ्तार अन्य तीन लोगों को स्थानीय मजिस्ट्रेट अदालत के समक्ष पेश किया और नौ दिन की हिरासत मांगी थी लेकिन अदालत ने उच्च न्यायालय के फैसले का इंतजार करते हुए मामले की सुनवाई को टाल दिया था।




# एवरेस्ट पर चढ़ाई करने वाले एनसीसी सदस्यों को राजनाथ ने किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एवरेस्ट पर्वत शिखर पर चढ़ाई करने और वहां सफलतापूर्वक तिरंगा फहराने वाले एनसीसी के अभियान दल के सदस्यों को गुरुवार को सम्मानित किया। दस एनसीसी कैडेट (पांच पुरुष और पांच महिला), चार अधिकारी, जूनियर कमीशन प्राप्त दो अधिकारी, एक महिला कैडेट प्रशिक्षक और 10 गैर-कमीशन अधिकारियों ने 18 मई को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ने की उपलब्धि हासिल की। रक्षामंत्री ने कर्नल अमित बिष्ट के नेतृत्व वाली टीम के अदम्य साहस, धैर्य और देशभक्ति का सम्मानित किया।

# मीठी नदी सफाई घोटाला: डिनो मोरिया ईडी के समक्ष हुए पेश

**मुंबई, एजेंसी**

● 65 करोड़ के घोटाले के मामले में की गई पूछताछ

बॉलीवुड अभिनेता डिनो मोरिया मीठी नदी की सफाई से जुड़े 65 करोड़ रुपये के घोटाले की धन शोधन जांच के सिलसिले में ईडी के समक्ष बृहस्पतिवार को पेश हुए।

एक अधिकारी ने बताया कि ईडी ने पूछताछ के लिए मोरिया को तलब किया था और वह पूर्वाह्न करीब साढ़े 10 बजे दक्षिण मुंबई के बैलार्ड एस्टेट स्थित संघीय एजेंसी के कार्यालय पहुंचे। आधिकारिक सूत्रों ने पूर्व में बताया था कि ईडी ने छह जून को मुंबई और केरल के कोच्चि में 15 से अधिक जगहों पर छापेमारी की थी। इन परिसरों में बांद्रा (पश्चिम) इलाके में डिनो मोरिया का घर, उनके भाई सैंटिनो से जुड़े परिसर, बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के कुछ अधिकारी और ठेकेदारों के परिसर शामिल थे। सूत्रों के मुताबिक, बीएमसी को गाद निकालने के उपकरण मुहैया कराने वाली कंपनियों में शामिल 'मैटप्रॉप टेक्निकल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड' कोच्चि में स्थित है इसलिए वहां छापेमारी की गई।

# बिहार में ग्राम प्रधान मनरेगा के तहत 10 लाख तक योजनाओं को दे सकेंगे मंजूरी

**पटना।** बिहार सरकार ने गुरुवार को घोषणा की है कि मुखिया (ग्राम प्रधान) अब महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत 10 लाख रुपये तक की योजनाओं को मंजूरी दे सकेंगे और इसके लिए उन्हें किसी प्रशासनिक स्वीकृति की आवश्यकता नहीं होगी। अब तक मुखिया मनरेगा योजना के तहत पांच लाख रुपये तक की योजनाओं को मंजूरी दे सकते थे। मुख्यमंत्री नीतीश के नेतृत्व वाली राजग सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं के पदाधिकारियों के भत्ते और अन्य लाभों में भी पर्याप्त वृद्धि की घोषणा की।

# भारत की सीनियर और ए टीम आज से टकराएंगी

## इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले भारत की अंतिम तैयारी, मौजूदा फॉर्म व गेंदबाजी संयोजन पर रहेगी नजर



रविंद्र जडेजा

**बेकेनहैम (केंट), एजेंसी**

इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की सीरीज से पहले भारत की सीनियर टीम और भारत ए के बीच शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले चार दिवसीय अभ्यास क्रिकेट मैच में टीम प्रबंधन सही संयोजन तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। इस मैच में कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा के प्रदर्शन पर निगाह रहेगी और भारतीय टेस्ट टीम की अंतिम एकादश में जगह बनाने के लिए इन दोनों के बीच दिलचस्प मुकाबला होने की संभावना है।

यह मैच 20 जून से हेडिंग्ले में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट मैच से पहले सीनियर टीम का एकमात्र अभ्यास मैच होगा। किसी भी सीरीज से पहले इस तरह के मैच टीम की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व में भारतीय टीम ने यह मैच खाली स्टेडियम में खेलने का विकल्प चुना है ताकि विपक्षी टीम को उनकी रणनीति की भनक नहीं लग सके। यूरोपीय फुटबॉल क्लब लंबे समय से ऐसा करते रहे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरे में भी ऐसा किया था।

भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने बुधवार को कहा था कि यह मैच भारत की तैयारी की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि सामान्य अभ्यास सत्रों से एक दिन में 90 ओवर गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण करने की क्षमता विकसित करना मुश्किल होता है। इस चार दिवसीय मैच को आधिकारिक तौर पर प्रथम श्रेणी का दर्जा प्राप्त नहीं है। इसमें यदि कोई बल्लेबाज सस्ते में आउट हो जाता है तो उसे दूसरा मौका मिलता है।इस मैच से भारतीय टीम प्रबंधन को मैच की परिस्थितियों में अपने खिलाड़ियों विशेष कर गेंदबाजों का आकलन करने का अच्छा मौका मिलेगा। इससे यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि गेंदबाज़ चाहे वह स्पिनर हो या तेज गेंदबाज वास्तविक मैच में अपेक्षित लय में हों।

हेडिंग्ले के लिए एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर को चुनने के लिए गंभीर को कुछ माथापच्ची करनी होगी। जडेजा का विदेश में बल्लेबाजी रिकॉर्ड अच्छा रहा है लेकिन अगर भारत को 20 विकेट हासिल करने हैं तो फिर कुलदीप की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाएगी। कुलदीप यहां की परिस्थितियों में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के अच्छे सहयोगी साबित हो सकते हैं। जडेजा बनाम कुलदीप अंतिम एकादश के लिए सबसे बड़ी पहेली है जिसे गंभीर और कोचिंग स्टाफ को सुलझाना होगा।



कुलदीप यादव

**20** जून से हेडिंग्ले में होगा मुकाबला पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे

इसी तरह इस मैच से कोचों और कप्तान शुभमन गिल को यह देखने का मौका मिलेगा कि आकाश दीप की फुल लेंथ या प्रसिद्ध कृष्णा की बैक ऑफ द लेंथ में से कौन सी गेंद इन परिस्थितियों में बेहतर काम करती है। छह महीने बाद लाल गेंद से मैच खेलने वाले बुमराह को कई स्पैल में गेंदबाजी करने और अपनी फिटनेस को परखने का मौका मिलेगा। पीठ के निचले हिस्से में लगी चोट से वापसी के बाद से उन्होंने सिर्फ आईपीएल खेला है।

# दौरा यादगार बनाने के लिए हर गेंद पर चुनौती पेश करें

**बेकेनहैम (इंग्लैंड), एजेंसी**



● **भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने दी सलाह**

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने अपनी टीम से अपने 'कम्फर्ट जोन' (सहज स्थिति) से बाहर निकलने का सुझाव दिया।

उन्होंने कहा संन्यास ले चुके स्टार खिलाड़ियों विराट कोहली, रोहित शर्मा तथा आर अश्विन की अनुपस्थिति में इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज को 'यादगार' बनाएं। भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में अपनी पहली सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगा। दोनों टीम के बीच पांच मैच की टेस्ट सीरीज 20 जून को लीड्स में पहले टेस्ट के साथ शुरू होगी।

गंभीर ने 'बीसीसीआई.टीवी' से अश्विन, रोहित और कोहली के हाल ही में संन्यास का जिक्र करते हुए कहा इस दौरे को देखने के दो तरीके हैं। एक तो यह कि हम अपने तीन सबसे अनुभवी खिलाड़ियों के बिना हैं या हमें देश के लिए कुछ खास करने का यह अभूतपूर्व अवसर मिला है। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा कि वह शुभमन गिल की अगुआई वाली मौजूदा टीम में कुछ खास हासिल करने के लिए 'जुनून और प्रतिबद्धता' महसूस कर सकते हैं।

उन्होंने कहा जब मैं इस समूह को देखता हूं तो मुझे कुछ खास करने की भूख, जुनून और प्रतिबद्धता दिखती है। अगर हम त्याग करते हैं, अगर हम अपनी सहज स्थिति से बाहर आते हैं, अगर हम हर दिन नहीं बल्कि हर सत्र, हर घंटे और हर गेंद पर चुनौती पेश करना शुरू करते हैं तो मुझे लगता है कि हम इसे एक यादगार दौरा बना सकते हैं। गंभीर ने इंग्लैंड दौरे पर पूरी टीम का स्वागत किया और बी साई सुदर्शन से शुरुआत करते हुए कुछ सदस्यों की विशेष सराहना की। गंभीर ने उम्मीद जताई कि तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह टेस्ट क्रिकेट में भी अपना प्रभाव छोड़ेंगे।

## एक नजर

### लगातार 35 घंटे गोल्फ खेलकर बनाया नया 'विश्व रिकॉर्ड'

**न्यूयॉर्क :** न्यूयॉर्क के एक गोल्फर ने लगातार सबसे अधिक घंटे गोल्फ खेलने का रिकॉर्ड बनाने का दावा किया है। उन्होंने लॉन्ग आइलैंड के एक कोर्स पर रविवार शाम से मंगलवार सुबह तक लगातार 35 घंटे गोल्फ खेली। केलेची एजीही नाम के इस खिलाड़ी ने शुरू में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए 24 घंटे खेलने की योजना बनाई थी, लेकिन कुछ घंटों बाद उन्हें पता चला कि मई में नॉर्वे के एक कोर्स पर एक ब्रिटिश गोल्फर लगातार 32 घंटे खेला था। उन्होंने बताया कि उनकी बहन ने इंटरनेट पर सर्च करते समय 32 घंटे का रिकॉर्ड देखने के बाद उन्हें फोन किया था।

### रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के साथ विवाद के बाद पोलैंड के कोच ने इस्तीफा दिया

**वारसॉ (पोलैंड) :** पोलैंड की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कोच मिशल प्रोबिएरज़ ने स्टार स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के साथ विवाद के कुछ दिनों बाद मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया है। पोलैंड फुटबॉल संघ द्वारा जारी बयान में प्रोबिएरज ने कहा मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए राष्ट्रीय टीम के हित में सबसे अच्छा निर्णय मुख्य कोच के पद से मेरा इस्तीफा है।

### भारतीय गोल्फर दीक्षा ने हुलेनकोर्ट में पार-72 का कार्ड खेला

**हुलेनकोर्ट (बेल्जियम) :** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने हुलेनकोर्ट वुमेन ओपन के पहले दौर में इवन पार 72 का कार्ड खेला। इस प्रतियोगिता में खेल रही सात भारतीयों में शामिल दीक्षा ने तीन बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाये। अन्य भारतीयों में अवनि प्रशांत ने सात होल के खेल के बाद एक अंडर का स्कोर किया है जबकि अमनदीप द्राल और स्नेहा सिंह एक समान दो ओवर 74 के कार्ड के साथ संयुक्त 67वें स्थान पर है। त्वेसा मलिक और वाणी कपूर संयुक्त रूप से 106वें स्थान पर है। इन दोनों ने एक समान 76 के कार्ड खेले हैं। हिताक्षी बख्शी 79 के कार्ड के साथ संयुक्त 128वें स्थान पर है।

### चोटिल शुचि की जगह इंग्लैंड दौरे की महिला टीम में राधा को मिली जगह

**मुंबई :** बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव को 28 जून से शुरू होने वाले पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज के लिए बृहस्पतिवार को चोटिल शुचि उपाध्याय की जगह भारतीय महिला टीम में शामिल किया गया। महिला टीम का दौरा 28 जून को नॉटिंघम में टी-20 मैच से शुरू होगा, जबकि दूसरा मैच एक जुलाई को ब्रिस्टल में होगा। तीसरा टी-20 मैच चार जुलाई को ओवल में, चौथा मैच नौ जुलाई को मैनचेस्टर में और पांचवां मैच 12 जुलाई को बर्मिंघम में होगा। तीन वनडे मैच क्रमश: 16, 19 और 22 जुलाई को साउथम्प्टन, लॉर्ड्स और चेस्टर-ली-स्ट्रीट में खेले जाएंगे। टी20 टीम : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप कप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष, यास्तिका भाटिया, हरलीन देयोल, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, राधा यादव, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे।



लंदन के क्वींस क्लब में एचएसबीसी चैंपियनशिप के चौथे दिन डायना श्नाइडर के खिलाफ मैच के दौरान एक अंक जीतने के बाद केटी बौल्टर प्रतिक्रिया व्यक्त करती हुईं। ● एजेंसी

# भारत अच्छी तैयारी के साथ आया होगा : ब्रेंडन

**लंदन :** इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि भारत पांच टेस्ट मैच की सीरीज के लिए अच्छी तैयारी और आत्मविश्वास के साथ यहां आया होगा, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उनके खिलाड़ी इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं कि एक टेस्ट टीम के रूप में हम कहां पहुंचना चाहते हैं। भारत अपने नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज के साथ करेगा।



मैकुलम ने स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट से कहा वह शानदार क्रिकेट खेलने वाला देश है, जो बड़ी उम्मीदों के साथ यहां आया होगा और हम उनकी चुनौती के लिए तैयार हैं। इंग्लैंड ने हाल ही में छह मैचों की सफेद गेंद की सीरीज में वेस्टइंडीज़ का सफाया किया। अब उनका ध्यान लाल गेंद के प्रारूप पर है क्योंकि वे भारत और इस साल के अंत में होने वाली एशेज की तैयारी कर रहे हैं। मैकुलम ने कहा यह महत्वपूर्ण है कि खिलाड़ी तरोताजा रहें। हम जानते हैं कि टेस्ट टीम के रूप में हमें कहां पहुंचना है। इंग्लैंड की टीम में तेज गेंदबाज मार्क वुड नहीं होंगे, जो चोट के कारण कम से कम पहले तीन टेस्ट से बाहर हो गए हैं। जोफ्रा आर्चर भी शुरुआती टेस्ट से बाहर रहेंगे।

# रोमांचक मोड़ पर पहुंचा डब्ल्यूटीसी मुकाबला

**लंदन, एजेंसी**

कप्तान कैट कमिंस के छह विकेट की बदौलत दक्षिण अफ्रीका को 138 रन पर ढेर करने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को यहां दूसरी पारी में आठ विकेट पर 144 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 218 रन तक पहुंचाई।

कमिंस (28 रन पर छह विकेट) की तूफानी गेंदबाजी के सामने दक्षिण अफ्रीका की टीम 57.1 ओवर में सिर्फ 138 रन पर सिमट गई जिससे पहली पारी में 212 रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलिया को 74 रन की बढ़त मिली। मिचेल स्टार्क ने भी 41 रन देकर दो विकेट चटकाए। डेविड बेडिंघम 111 गेंद में छह चौकों की मदद से 45 रन बनाकर टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। कप्तान तेम्बा बावुमा ने 36 रन की पारी खेली। कमिंस की तूफानी गेंदबाजी के सामने हालांकि दक्षिण अफ्रीका ने अपने अंतिम पांच विकेट सिर्फ 12 रन जोड़कर गंवाए। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में लुंगी एनगिडी (35 रन पर तीन विकेट) और कागिसो रबाडा (44 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 73 रन पर सात विकेट गंवा दिया थे लेकिन एलेक्स कैरी (43 रन, 50 गेंद, पांच चौके) और स्टार्क (नाबाद 16) ने आठवें विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी करके टीम की कुल बढ़त को 200 रन के पार पहुंचाया। दिन का खेल खत्म होने पर नाथन लियोन एक रन बनाकर स्टार्क का साथ निभा रहे थे। ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही। सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा (06) को रबाडा ने विकेटकीपर काइल वेरेने के हाथों कैच कराया जबकि कैमरन ग्रीन (00) ने इसी तेज गेंदबाज की गेंद पर वियान मुल्डर को कैच थमाया। मार्नस लाबुशेन (22) एक बार फिर नाकाम रहे। स्टीव स्मिथ (13) भी इसके बाद लुंगी एनगिडी की गेंद पर पगबाधा हो गए। ब्यू वेबस्टर (09) ने एनगिडी पर चौका जड़ा पर अगली गेंद पर पगबाधा हो गए।



दक्षिण अफ्रीका के लुंगी एनगिडी (दाएं) विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया के ब्यू वेबस्टर के आउट होने का जश्न मनाते हुए। ● एजेंसी

**300** विकेट हासिल करने वाले गेंदबाजों के क्लब में शामिल हुए कमिंस

● **ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में बनाए 144/8 रन, कुल बढ़त हुई 218 रन**

**ऑस्ट्रेलिया (पहली पारी) 212 रन**

**दक्षिण अफ्रीका (पहली पारी) 138 रन**

**ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी**

**144/8** (40 ओवर)

| | |
|---|---|
| मार्नस लाबुशेन का वेरेने बो यानसेन | 22 |
| उस्मान ख्वाजा का वेरेने बो रबाडा | 06 |
| कैमरन ग्रीन का मुल्डर बो रबाडा | 00 |
| स्टीव स्मिथ पगबाधा बो एनगिडी | 13 |
| ट्रेविस हेड बो मुल्डर | 09 |
| ब्यू वेबस्टर पगबाधा बो एनगिडी | 09 |
| एलेक्स कैरी पगबाधा बो रबाडा | 43 |
| पैट कमिंस बो एनगिडी | 06 |
| मिचेल स्टार्क खेल रहे हैं | 16 |
| नाथन लियोन खेल रहे हैं | 01 |

**गेंदबाजी :** रबाडा 11-0-44-3, यानसेन 12-3-31-1, मुल्डर 6-0-14-1, एनगिडी 9-0-35-3, महाराज 2-0-10-0

# सिफत कौर ने जीता कांस्य पदक

**म्यूनिख, एजेंसी**

**आईएसएसएफ विश्व कप**



सिफत कौर सामरा। ● एजेंसी

● **50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में मिली सफलता**

शीर्ष भारतीय निशानेबाज सिफत कौर सामरा ने बृहस्पतिवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में मौजूदा विश्व रिकॉर्ड धारक 23 वर्षीय सिफत ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 453.1 अंक बनाए।

नॉर्वे की जीनेट हेग ड्यूस्टेड ने 466.9 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि स्विट्जरलैंड की एमिली जैगी ने 464.8 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया। पुरुष 10 मीटर एयर राइफल में अंकुश जाधव फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। वह छह सीरीज के क्वालीफिकेशन में 631.7 अंक के साथ 11वें स्थान पर रहे। उमामहेश मादिनेनी ने 632.3 अंक के साथ सातवां स्थान हासिल किया लेकिन वह फाइनल में जगह बनाने के पात्र नहीं थे क्योंकि वह केवल रैंकिंग अंक के लिए चुनौती पेश कर रहे थे। आर्जुन 629.1 अंक के साथ 43वें जबकि संदीप सिंह 628.3 अंक के साथ 53वें स्थान पर रहे। एमिली 590 अंक के साथ क्वालीफिकेशन में नौवें स्थान पर रहीं थी लेकिन फाइनल में जगह बनाने में सफल रहीं क्योंकि शीर्ष आठ में शामिल दो निशानेबाज केवल रैंकिंग अंक के लिए निशानेबाजी कर रहीं थी। पंजाब की रहने वाली सिफत ने क्वालीफिकेशन में नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग के तीन चरण में कुल 592 अंक हासिल करके दूसरा स्थान हासिल किया।

## विंबलडन पुरस्कार राशि में बढ़ोतरी

**लंदन :** इस साल विंबलडन में कुल पुरस्कार राशि सात फीसदी इजाफे के साथ बढ़कर रिकॉर्ड 53.5 मिलियन पाउंड हो जाएगी। 2024 में 50 मिलियन पाउंड की पुरस्कार राशि 2015 में प्रस्तावित 27 मिलियन पाउंड से दोगुनी है।

बीबीसी की एक खबर के अनुसार, कार्लोस अल्काराज़ और बारबोरा क्रेजिकोवा ने पिछले साल क्रमशः पुरुष और महिला एकल खिताब जीतने के लिए 2.7 मिलियन पाउंड जीते थे जबकि इस साल के विजेताओं को तीन मिलियन पाउंड मिलेंगे, जो 11 प्रतिशत ज्यादा होंगे। इसी तरह पहले दौर में बाहर होने वाले खिलाड़ियों को 66 हजार पाउंड मिलेंगे, जो 10 फीसदी की वृद्धि है।

# भारत प्रो लीग हॉकी में गोल खारिज होने से अर्जेंटीना से हारा



जीत का जश्न मनाते हुए अर्जेंटीना के खिलाड़ी। ● एजेंसी

**एम्सटेलवीन (नीदरलैंड), एजेंसी**

**एफआईएच प्रो लीग हॉकी**

● **अर्जेंटीना को आठ पेनल्टी कॉर्नर मिले, जबकि भारत को सिर्फ तीन**

● **भारतीय टीम की इस दौरे पर यह चार मैचों में चौथी हार है**

भारत का आखिरी मिनटों में पेनल्टी पर किया गया गोल नाटकीय परिस्थितियों में खारिज कर दिया गया और फिर जुगराज सिंह गोल करने में विफल रहे जिससे टीम को एफआईएच प्रो लीग हॉकी के यूरोपीय चरण में बृहस्पतिवार को अर्जेंटीना से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय टीम की इस दौरे पर यह चार मैचों में चौथी हार है। ड्रैग फ्लिकर जुगराज ने चौथे मिनट में ही मैच के पहले पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत को बढ़त दिलाई लेकिन टॉमस डोमेने (नौवें और 49वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर से दो गोल करके अर्जेंटीना को जीत दिला दी। चौथे और अंतिम क्वार्टर में 1-2 से पिछड़ने के बाद भारत को अंतिम हूटर से दो मिनट पहले पेनल्टी स्ट्रोक मिला और जुगराज ने गेंद को अर्जेंटीना के गोल पोस्ट के अंदर डाल दिया।

अर्जेंटीना ने इस आधार पर वीडियो रेफरल मांगा कि स्ट्रोक लेते समय जुगराज का बायां पैर गेंद से काफी आगे था। वीडियो अंपायर ने अर्जेंटीना के पक्ष में फैसला सुनाया लेकिन भारत की अगुवाई कर रहे कप्तान हार्दिक सिंह ने रेफरी से यह जांचने के लिए कहा कि क्या जुगराज के स्ट्रोक लेने से पहले अर्जेंटीना के गोलकीपर टॉमस सैंटियागो गोल-लाइन से आगे थे। इस बार भारत को वीडियो अंपायर से अनुकूल फैसला मिला। जुगराज को स्ट्रोक फिर से लेने की अनुमति दी गई, लेकिन इस बार सैंटियागो ने उनके शॉट को बचा लिया। नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह उंगली की चोट के कारण बाहर है ऐसे में हार्दिक ने भारत की अगुआई की। अर्जेंटीना को आठ पेनल्टी कॉर्नर मिले, जबकि भारत को सिर्फ तीन मिले। भारत को इससे पहले बुधवार को इसी प्रतिद्वंद्वी से 3-4 से हार का सामना करना पड़ा था। भारत प्रो लीग के इस यूरोपीय चरण के दौरान ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड से 1-2 और 2-3 से हार गया था। यह भारत का यहां चौथा और आखिरी मैच था और अब वे शनिवार को मजबूत ऑस्ट्रेलिया का सामना करने के लिए बेल्जियम के एंटवर्प की यात्रा करेंगे।

# रग्बी जल्द बनेगा करियर का बेहतर विकल्प : बोस

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत में पेशेवर रग्बी अभी तक आर्थिक तौर पर व्यवहार्य करियर विकल्प नहीं बन पाया है, लेकिन इसके राष्ट्रीय महासंघ के अध्यक्ष राहुल बोस का मानना है कि रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) अगले तीन से चार वर्षों में इस मामले में बड़ा बदलाव ला सकती है।

'इंग्लिश ऑगस्ट', 'मिस्टर एंड मिसेज अय्यर' और 'चमेली' जैसी फिल्मों में अपने अभिनय की छाप छोड़ने वाले 57 साल के बोस ने भारत के लिए रग्बी के 17 मैच खेले हैं। वह पिछले दो दशकों से अधिक समय से भारत में इस खेल का चेहरा रहे हैं। जीएमआर स्पोर्ट्स के समर्थन से भारत में पहली रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) का आयोजन 15 जून से मुंबई में किया जाएगा। इसमें छह फ्रेंचाइजी टीम भाग लेंगी। दो सप्ताह तक चलने वाली इस लीग में भारतीय खिलाड़ियों को खुद को बेहतर बनाने के मौके के साथ 50,000 रुपये से 5.5 लाख रुपये तक के अनुबंध भी मिल रहे हैं। बोस ने पीटीआई को दिये विशेष साक्षात्कार में कहा लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी में शीर्ष खिलाड़ी को साढ़े पांच लाख में खरीदा गया। क्या यह किसी के लिए वित्तीय रूप से व्यवहार्य खेल हो सकता है? निश्चित रूप से आने वाले तीन से चार साल में ऐसा संभव है।



राहुल बोस। ● एजेंसी

● **रग्बी के राष्ट्रीय महासंघ के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा तीन-चार वर्षों हो सकता है बड़ा बदलाव**

'रग्बी इंडिया' भी राष्ट्रीय शिविर के खिलाड़ियों को 60,000 से एक लाख रुपये का भुगतान करता है। कुछ समय पहले तक इस इस खेल का शासी निकाय खिलाड़ियों को कोई भुगतान करने की स्थिति में नहीं था ऐसे में इसे बड़े बदलाव के तौर पर देखा जा रहा है।

### पहली रग्बी प्रीमियर लीग का आयोजन 15 जून से

**नई दिल्ली :** पहली रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) का आयोजन 15 जून से मुंबई में किया जाएगा। इसमें छह फ्रेंचाइजी टीम भाग लेंगी। इस लीग के आयोजकों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। जीएमआर स्पोर्ट्स के सीईओ और इस प्रतियोगिता के प्रमोटर सत्यम त्रिवेदी ने बताया कि इस लीग का आयोजन 15 से 29 जून तक मुंबई के अंधेरी स्थित मुंबई फुटबॉल एरेना में किया जाएगा। भारत में पहली बार आयोजित की जा रही इस लीग में छह फ्रेंचाइजी दिल्ली रेड्ज, हैदराबाद हीरोज, कलिंगा ब्लैक टाइगर्स, चेन्नई बुल्स, मुंबई ड्रीमर्स और बेंगलुरु ब्रेवहार्ट्स भाग लेंगी। पारंपरिक रग्बी यूनियन प्रारूप के विपरीत रग्बी 7 प्रारूप में मैदान पर प्रत्येक टीम के सात खिलाड़ी होते हैं।

# जोरदार धमाका... विमान के उड़े परखचे, सड़क पर बिखर गईं लाशें

## विमान गिरने से तहस-नहस हुआ मेडिकल कॉलेज का आवासीय परिसर, कई हिस्सों में लगी आग

**अहमदाबाद, एजेंसी**

अहमदाबाद हवाई अड्डे से लंदन के लिए टेकऑफ करते ही चालक दल को एहसास हो गया कि विमान और उसमें सवार यात्री गंभीर खतरे से घिर गए हैं। फौरन एटीसी (हवाई यातायात नियंत्रक) को आपात संदेश भेजा गया, लेकिन कुछ करने लायक समय नहीं बचा था। कुछ ही पलों के अंदर विमान नीचे आते-आते बीजे मेडिकल कॉलेज की इमारत से टकराया। जोरदार धमाके के साथ विमान के परखचे उड़ गए। इसी के साथ विमान में बैठे यात्रियों की लाशें सड़क पर इधर-उधर बिखर गईं।

विमान के गिरने के बाद मेडिकल कॉलेज की इमारत से आग की लपटों के बीच काले धुएं के गुबार उठने लगे। मौके पर मंजर बेहद दिल दहलाने वाला था। कहीं कोई जला शव पड़ा था तो कहीं किसी यात्री के शरीर के टुकड़े हो गए थे। विमान दुर्घटना के बाद बचाव के लिए प्रशासनिक मशीनरी को सक्रिय होने में करीब आधे घंटे का समय लगा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सबसे पहले हादसे में जीवित बचे लोगों की तलाश की गई लेकिन काफी देर तक एक भी जीवित यात्री की तलाश कामयाब नहीं हो सकी।


घटनास्थल पर पीड़ित परिवार की सदस्य।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विमान बहुत नीचे उड़ रहा था और यह सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध चिकित्सकों के आवासीय परिसर पर गिरा। उन्होंने कहा, वहां कई पांच मंजिला इमारतें हैं, जिनका इस्तेमाल चिकित्सकों के आवास के तौर पर होता है। वहां रहने वाले कई लोग घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद इमारतों में भी आग लग गई। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि परिसर में खड़ी कई कार और वाहन भी आग की चपेट में आ गए। अग्निशमन दल के पहुंचने तक इमारतों और वाहनों से लपटें उठती रहीं।

### टेक ऑफ करते ही पायलट ने की मेडे कॉल बैक किया तो नहीं दिया जवाब

**अहमदाबाद।** एअर इंडिया विमान के पायलट ने हादसे से ठीक पहले अति आपात संदेश (मेडे कॉल) अहमदाबाद एटीसी को भेजा था। नागर विमानन महानिदेशालय डीजीसीए के बयान के मुताबिक इसके बाद एटीसी की ओर से की गई कॉल पर विमान के पायलट की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई। डीजीसीए ने बताया कि विमान की कमान कैप्टन सुमित सभरवाल के पास थी, उनके साथ फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर थे। कैप्टन सुमित सभरवाल एलटीसी हैं और उन्हें 8200 घंटों का अनुभव है। सह पायलट को 1100 घंटों के उड़ान का अनुभव है। डीजीसीए ने एक बयान में बताया कि एटीसी के अनुसार, विमान ने अहमदाबाद से रनवे 23 से भारतीय समयानुसार एक बजकर 39 मिनट पर उड़ान भरी। इसने एटीसी को अति आपात कॉल (मेडे कॉल) किया, लेकिन उसके बाद एटीसी की कॉल का पायलट ने कोई जवाब नहीं दिया।

**मुख्य पायलट कैप्टन सुमित सभरवाल को था 82,00 घंटों का अनुभव**

**को पायलट क्लाइव कुंदर भी 11,00 घंटे की भर चुके थे उड़ान**

### क्या है मेडे कॉल...

मेडे का मतलब होता है कि विमान और यात्रियों की जान संकट में है और उसे आपातकालीन मदद की जरूरत है। इसलिए पायलट को आपात स्थिति में तीन बार मेडे बोलने को कहा जाता है। मेडे का इस्तेमाल इसलिए किया जाता है क्योंकि अगर पायलट सीधे बता दे कि विमान में कोई गंभीर दिक्कत है तो यात्रियों में डर फैल सकता है।


हादसे के बाद घटनास्थल पर युद्धस्तर पर बचाव कार्यों में जुटे राहत कर्मी।


विमान के टकराकर गिरने के बाद कई इमारतों में आग लग गई, जिसे बुझाने के लिए अग्निशमन कर्मियों को कई घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी।


घटनास्थल पर टूटा पड़ा बोइंग विमान का एक पहिया।

### घटनास्थल का खौफनाक मंजर...


विमान हादसे में मारे गए एक यात्रा का शव ले जाते स्वास्थ्यकर्मी।


हादसे के बाद घटनास्थल पर बिखरा विमान का मलबा।

## बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ की छह और बीएसएफ की दो टीम पहुंची

**अहमदाबाद, एजेंसी**

- सीआईएसएफ, फायर ब्रिगेड और पुलिस के जवान भी बचाव के लिए मौके पर पहुंचे

अहमदाबाद में बृहस्पतिवार को एअर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त होने बाद मौके पर बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ की छह टीम और बीएसएफ की दो टीम मौके पर भेजी गई हैं।

एनडीआरएफ के एक अधिकारी ने बताया कि बल की दो टीम अहमदाबाद हवाई अड्डे के निकट घटनास्थल पर पहुंच गई हैं, जबकि चार अन्य टीम भी वहां पहुंच रही हैं। बीएसएफ के एक अधिकारी ने बताया कि सीमा सुरक्षा बल के फ्रंटियर मुख्यालय से दो टीम भी दुर्घटना स्थल पर भेजी गई हैं। हवाई अड्डे को सुरक्षा प्रदान करने वाले सीआईएसएफ के जवान,स्थानीय अग्निशमन और पुलिस अधिकारियों के साथ दुर्घटना स्थल पर पहुंचने वाले शुरुआती बचावकर्मियों में शामिल हैं।

### अहमदाबाद और दिल्ली में बनाए गए नियंत्रण कक्ष

**नई दिल्ली।** सहायता कार्यों की निगरानी और समन्वय के लिए नियंत्रण कक्ष बनाए गए हैं। दुर्घटना संबंधी विवरण के लिए 011-24610843, 9650391859 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। अहमदाबाद में नियंत्रण कक्ष का नंबर 9978405304 / 079-23251900 है। हवाई अड्डे पर हेल्पलाइन 9974111327 स्थापित किया गया है। एअर इंडिया का यात्री हॉटलाइन नंबर 1800 5691 444 है। 011-24610843/9650391859 पर दिल्ली नियंत्रण कक्ष तथा परिचालन नियंत्रण कक्ष अहमदाबाद से 9978405304/079-23251900 पर संपर्क किया जा सकता है।

### हादसे के बाद ब्रिटिश उच्चायोग सक्रिय

**नई दिल्ली।** विमान हादसे के बाद भारत स्थित ब्रिटिश उच्चायोग ने कहा कि वह तथ्यों का तत्काल पता लगाने और सहायता प्रदान करने के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है। विमान के 242 यात्रियों में 169 भारतीयों के अलावा 53 ब्रिटिश, सात पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक शामिल हैं। ब्रिटिश उच्चायोग ने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर कहा, हमारी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जो प्रभावित हुए हैं।

### बोइंग कंपनी के शेयर हुए धड़ाम

**वाशिंगटन।** विमान विनिर्माता कंपनी बोइंग के विमान के हादसे का शिकार होने की खबर आने के बाद कंपनी के शेयर बाजार खुलने से पहले के कारोबार में करीब नौ प्रतिशत लुढ़क गया। बोइंग ने कहा कि वह एयर इंडिया के बेड़े में शामिल अपने विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बारे में जानकारी जुटाने में लगी है।

### देश प्रभावित लोगों के साथ खड़ा : मुर्मू



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना को हृदय विदारक आपदा बताते हुए गुरुवार को कहा कि राष्ट्र इस अवर्णनीय दुख की घड़ी में प्रभावित लोगों के साथ खड़ा है। राष्ट्रपति मुर्मू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह इस दुखद विमान दुर्घटना के बारे में जानकर बहुत व्यथित हैं। उन्होंने कहा कि यह हृदय विदारक आपदा है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं प्रभावित लोगों के साथ हैं। राष्ट्र इस अवर्णनीय दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ा है।

### विमान हादसे का दृश्य भयावह : स्टॉर्मर



**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने गुरुवार को अहमदाबाद से लंदन जाने वाले एअर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने पर शोक व्यक्त किया है। इस विमान में 53 ब्रिटिश नागरिक भी सवार थे। स्टॉर्मर ने कहा कि कई ब्रिटिश नागरिकों को लेकर लंदन आ रहे विमान के अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त होने का दृश्य भयावह है। इस अत्यंत दुखद समय में मेरी संवेदनाएं यात्रियों और उनके परिवारों के साथ हैं।

### पहले भी हो चुके कई विमान हादसे

- 01जनवरी 1978 को एयर इंडिया की उड़ान संख्या 855 का बोइंग 747 विमान मुंबई से उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद अरब सागर में गिर गया। विमान के सभी 213 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की मृत्यु हो गई थी।
- 23 जून 1985 को टोरंटो से दिल्ली आ रहे एयर इंडिया की उड़ाना संख्या 182 के विमान सम्राट कनिष्क को खालिस्तानी आतंकवादियों ने आयरलैंड तट के पास बम विस्फोट से उड़ा दिया। विमान में सवार सभी 329 लोगों की मौत हो गई।
- 14 फरवरी 1990 को बेंगलुरु में एयरबस ए320 विमान लैंडिंग के दौरान रनवे से आगे निकलकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया । हादसे में 92 लोगों की मृत्यु हो गई थी।
- 12 नवम्बर 1996 को हरियाणा के चरखी दादरी में दो विमान हवा में ही टकरा गए थे। एक विमान सऊदी एयरलाइंस और दूसरा कज़ाकिस्तान एयरलाइंस का था। इस हादसे में दोनों विमानों में सवार सभी 349 लोगों की मौत हो गई ।
- 22 मई 2010 को दुबई से मैंगलोर लौट रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस का बोइंग 737 विमान के रनवे से फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त होने से 158 लोगों की मौत हो गई।
- 07 अगस्त 2020 को केरल के कोझिकोड एयरपोर्ट पर एयर इंडिया एक्सप्रेस का वंदे भारत मिशन पर गया विमान दुबई से लौट रहा विमान रनवे से फिसल का दो हिस्सों में टूट गया। इस हादसे में 21 लोगों की जान चली गई।
- 17 जुलाई 2000 को अलायंस एयर के विमान के पटना के रिहायशी इलाके में गिरने से 56 यात्रियों की मौत हो गई थी।

# इरान पर हमला करने की तैयारी में इजरायल

## अमेरिका खुफिया एजेंसी का अलर्ट, इजरायल कर चुका है सैन्य अभियान की पूरी तैयारी

**वाशिंगटन,एजेंसी**

- अमेरिका ने अपने कर्मचारियों को दूतावास छोड़ने का आदेश दिया

अमेरिका की खुफिया एजेंसियों ने संकेत दिया है कि इजरायल, ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर हमला करने की तैयारी कर रहा है। 'सीबीएस न्यूज' की रिपोर्ट के मुताबिक कई स्रोतों ने पुष्टि की है कि अमेरिकी प्रशासन को ईरान में सैन्य अभियान शुरू करने के लिए इजरायल की पूरी तैयारी के बारे में सूचित किया गया है।

इजरायली अधिकारियों और व्हाइट हाउस के प्रवक्ताओं ने हालांकि इस पर टिप्पणी करने से इनकार किया है। इससे पहले बुधवार को अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने मध्य पूर्व से अमेरिकी सैन्य आश्रितों के स्वैच्छिक प्रस्थान को मंजूरी दे दी। गैर-आवश्यक अमेरिकी दूतावास के कर्मचारियों और उनके आश्रितों को भी ईरान छोड़ने का आदेश दिया गया है। ईरान के संयुक्त राष्ट्र मिशन ने कल ही 'एक्स' पर अमेरिका पर इजरायली अपराधों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

'एसोसिएटेड प्रेस' ने ईरानी रक्षा मंत्री अजीज नसीरज़ादेह के हवाले से कहा, यदि हम पर संघर्ष थोपा जाता है, तो प्रतिद्वंद्वी के हताहतों की संख्या निश्चित रूप से हमसे अधिक होंगे और उस स्थिति में अमेरिका को इस क्षेत्र को छोड़ देना चाहिए, क्योंकि उसके सभी ठिकाने हमारी पहुंच में हैं और हम बिना किसी हिचकिचाहट के उन सभी को निशाना बनाएंगे।

### उकसाया तो इजरायल पर बरसाएंगे मिसाइलें: ईरान

**तेल अवीव/तेहरान।** ईरान ने कहा है कि अगर कोई उकसावे की कार्रवाई की गई तो वह इजरायल पर मिसाइल दागेगा। 'न्यूयॉर्क टाइम्स' की रिपोर्ट का हवाला देते हुए रूस की न्यूज एजेंसी स्पूतनिक ने कहा है कि ईरानी सेना और सरकार संभावित इजरायली हमले का जवाब देने की योजना बनाने को लेकर बैठक कर चुकी हैं। एक वरिष्ठ ईरानी अधिकारी ने चेतावनी दी कि इजरायल पर बिना किसी हिचकिचाहट के सैकड़ों बैलिस्टिक मिसाइलों की बौछार की जाएगी। ईरानी अधिकारियों ने अमेरिका के सेंट्रल कमांड के प्रमुख जनरल माइकल ई. कुरिल्ला की टिप्पणियों पर भी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

### परमाणु दायित्वों का पालन नहीं कर रहा ईरान: आईएईए

**वियना।** संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था के शासी निकाय ने बृहस्पतिवार को पाया कि ईरान 20 वर्षों में पहली बार अपने परमाणु दायित्वों का पालन नहीं कर रहा है । इस कदम के कारण तनाव बढ़ सकता है व इस वर्ष के अंत में ईरान पर संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों को पुन: लागू करने की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। ईरान ने तत्काल प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वह एक सुरक्षित स्थान पर एक नयी संवर्धन सुविधा स्थापित करेगा और अन्य उपायों की भी योजना बनाई जा रही है। ईरान के विदेश मंत्रालय और परमाणु ऊर्जा संगठन ने एक संयुक्त बयान में कहा, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के पास इस राजनीतिक प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

## ईरान और अमेरिका वार्ता का छठा दौर रविवार को

**मस्कट।** ओमान ने गुरुवार को घोषणा की कि वह रविवार को यहां अमेरिका और ईरान के बीच छठे दौर की अप्रत्यक्ष वार्ता की मेजबानी करेगा। ओमान के विदेश मंत्री सैय्यद बद्र बिन हमद बिन हमूद अलबुसैदी ने 'एक्स' पर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ओमान की मदद से ईरानी और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडलों की ईरान के परमाणु कार्यक्रम और अमेरिकी प्रतिबंधों को हटाने के संदर्भ में गत अप्रैल से अब तक मस्कट में तीन और रोम में दो अप्रत्यक्ष वार्ता आयोजित की गयी है। हाल के दिनों में अमेरिकी प्रशासन ने ईरान यूरेनियम संवर्धन को पूरी तरह से बंद कर देने की बार-बार मांग की है जिसे ईरान ने दृढ़ता से खारिज कर दिया है।

## लॉस एंजिलिस में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हिंसक झड़पें जारी, कई गिरफ्तार

**लॉस एंजिलेस, एजेंसी**

अमेरिका के लॉस एंजिलेस में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच जारी हिंसक झड़पों के बीच पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के एक समूह की घेराबंदी कर उनमें से कुछ को गिरफ्तार कर लिया है। अंत में सभी को इस चेतावनी के बाद छोड़ दिया गया कि अगर वे वापस आए तो उन्हें हिरासत में ले लिया जाएगा।

संवाद एजेंसी रिया नोवोस्ती के एक संवाददाता ने बताया कि जब पुलिस प्रदर्शनकारियों को घेर रही थी, तब कई पत्रकार भी वहां मौजूद थे। स्थानीय समयानुसार रात 8:50 बजे तक एक हेलिकॉप्टर निषिद्ध क्षेत्र के ऊपर मंडराता रहा, जहां प्रदर्शनकारी कर्फ्यू के बावजूद रैली कर रहे थे। इससे पहले दिन में पुलिस ने कर्फ्यू क्षेत्र के बाहर सैकड़ों प्रदर्शनकारियों के एक समूह के खिलाफ रबर की गोलियों का इस्तेमाल किया, जिसके बाद प्रदर्शनकारी पीछे हट गए लेकिन तितर-बितर नहीं हुए।


एक प्रदर्शनकारी ने कूड़ेदान के सामने अमेरिकी झंडा लहराया।

गौरतलब है कि सात जून को दंगे उस समय भड़के, जब अमेरिकी आव्रजन और आईसीई ने अवैध प्रवासियों की पहचान करने के लिए बड़े अभियान के तहत छापेमारी शुरू की। प्रदर्शनकारियों के साथ झड़पें राज्य के लिए संभावित संघीय निधि कटौती की रिपोर्ट के बीच भड़की। बाद में व्हाइट हाउस ने घोषणा की कि दो हज़ार नेशनल गार्ड सैनिक शहर में प्रवेश करेंगे।

## मुंबई में नाबालिग लड़कियों से छेड़छाड़ में सुरक्षा गार्ड गिरफ्तार

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई के परेल इलाके की एक सोसायटी में तैनात सुरक्षा गार्ड को तीन नाबालिग लड़कियों से छेड़छाड़ के आरोप में पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार किया । अधिकारियों ने आज यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि सुरक्षा गार्ड ने सोसायटी में रहने वाली तीन लाबालिग लड़कियों के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ की। दो लड़कियों की उम्र 11 वर्ष और एक की 10 वर्ष है। बाद में पता चला कि आरोपी आदतन अपराधी है और उसने पहले भी नाबालिग लड़कियों के साथ छेड़छाड़ की थी। इस संबंध में भोईवाड़ा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गयी जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने सुरक्षागार्ड के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम, 2012 और कई संबंधित धाराओं सहित विभिन्न कानूनी प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है।

## रूस के यूक्रेन पर हमले में तीन की मौत

**कीव, एजेंसी**

रूसी सेना द्वारा ड्रोन एवं अन्य हथियारों से यूक्रेन पर किए गए हमले में तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यूक्रेन के साथ युद्ध विराम स्वीकार करने के लिए अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद भी रूस ने यह हमला किया।

यूक्रेन की वायुसेना के अनुसार, रूस ने रात भर में यूक्रेन पर 63 ड्रोन एवं अन्य हथियारों से हमला किया। इसने कहा कि वायु रक्षा प्रणाली ने 28 ड्रोन नष्ट कर दिए जबकि 21 अन्य को रोक लिया गया। यूक्रेन की पुलिस ने बताया कि रूसी आक्रमण का केंद्र रहे पूर्वी डोनेट्स्क क्षेत्र में पिछले 24 घंटे के भीतर दो लोग मारे गए और छह अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि दक्षिणी खेरसॉन क्षेत्र में एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा 14 अन्य घायल हो गए। यह क्षेत्र आंशिक रूप से रूसी सेना के कब्जे में है। खारकीव क्षेत्र के प्रमुख ओलेह सिनीहुबोव ने कहा कि रात भर हुए रूसी ड्रोन हमलों में चार बच्चों सहित 15 लोग घायल हो गए।

खारकीव शहर के मेयर इहोर तेरेखोव ने कहा कि रूसी ड्रोन ने आवासीय जिलों, शैक्षिक सुविधाओं और अन्य नागरिक बुनियादी अवसंरचना को निशाना बनाया। रूसी सेना ने हाल के दिनों में ड्रोन और मिसाइल से कई बार हमले किए हैं।

## अफगानों को सामान पैक करने के लिए 45 मिनट

**तोरखम (अफगानिस्तान), एजेंसी**

- पाकिस्तान ने बिना मोहलत दिए भारी संख्या में विदेशियों को किया निर्वासित

आदेश स्पष्ट और निर्विवाद था, लेकिन समयसीमा चौंकाने वाली थी। 'आपको केवल 45 मिनट में अपना सामान पैक करना है और हमेशा के लिए पाकिस्तान को छोड़ देना है।'

ईंट की फैक्ट्री में नौकरी करने वाला 42-वर्षीय अफगान शेर खान अपनी नौकरी के बाद घर आया। उसने दरवाजे पर सादे कपड़ों में खड़े पुलिसकर्मी को देखा। वह सोच रहा था कि एक घंटे से भी कम समय में वह कैसे सबकुछ समेट सकता था और अपने जन्म के देश को छोड़ सकता था। उसने अपने सुखद जीवन के लिए जो कुछ भी बनाया था, पलक झपकते ही वह सब उससे छीन लिया गया। उसने एवं उसकी पत्नी ने अपने और अपने नौ बच्चों के लिए रसोई का कुछ सामान तथा कुछ कपड़े लिए और बाकी सब कुछ पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में अपने घर पर छोड़ कर चले गए।

पाकिस्तान में जन्मे शेर खान उन लाखों अफगानों में से एक हैं, जिन्हें अब निष्कासित कर दिया गया है। पाकिस्तान का कहना है कि देश में अवैध रूप से रह रहे विदेशियों पर अक्टूबर 2023 में शुरू की गई राष्ट्रव्यापी कार्रवाई के कारण अब तक लगभग 10 लाख अफगान नागरिक देश छोड़कर जा चुके हैं। पाकिस्तान का कहना है कि लाखों लोग अब भी वहां रह रहे हैं और वह चाहता है कि वे लोग चले जाएं।

अफगान सीमा के पार तोरखम में धूल भरे शरणार्थी शिविर में खड़े शेर खान ने कहा, हमारा सब कुछ तो पीछे छूट गया। हमने (वर्षों से) उन चीज़ों को इकट्ठा करने की बहुत कोशिश की, जो हमारे पास सम्मान के साथ थीं। यह शिविर निष्कासित शरणार्थियों के लिए पहला पड़ाव था। पाकिस्तान ने इस साल की शुरुआत में अफगानों के यह देश छोड़ने या निर्वासन के लिए कई समय सीमाएं तय की थीं। अफगान नागरिक कार्डधारकों को 31 मार्च तक राजधानी इस्लामाबाद और रावलपिंडी शहर छोड़ना था, जबकि पंजीकरण प्रमाण वाले लोग 30 जून तक रह सकते थे।